e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 154
बुधवार
07.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

यदि आप अपने जीवन में सफ़लताओं का आनंद लेना चाहते है तो अपने जीवन में कठिनाई को कभी आने से नहीं रोके।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 37⁰
न्युनतम 23⁰

## लातेहार पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता, दो गिरफ्तार

# 22 जवानों को मारने वाला खूंखार नक्सली अरेस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार** : पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। लातेहार पुलिस ने 22 जवानों को मारने वाला खूंखार नक्सली को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जिले के गारू प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मिरचईया से भवरबंधा जंगल में छापेमारी कर भाकपा माओवादी का गुरिल्ला विंग का कमांडर नागेन्द्र उरांव एवं गोदम कोरवा को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन कर एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि माओवाद के खिलाफ लातेहार जिला अन्तर्गत बूढा पहाड़ में विगत आठ महीनों से ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया जा रहा है। बूड़ा पहाड़ के रास्ते में लगे सैकड़ों आईईडी को सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय किया है एवं माओवादियों के बंकरों को ध्वस्त कर लातेहार जिला के बारेसाड़ तथा महुआडॉड़ थाना अंतर्गत नावटोली एवं तिसीया में दो पुलिस पिकेट का निर्माण किया गया है। बूड़ा पहाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पढाई-लिखाई एवं अन्य जरूरत की समाग्री पुलिस के द्वारा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही पुलिस ने कुछ दिनों में ही उस क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। यह देख माओवादी काफी हतास और निराश होकर अपनी जान बचाकर बूड़ा पहाड़ छोड़ कर भाग गए, पुलिस लगातार माओवादियों के हर गतिविधि पर नजर रख रही थी। तभी पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि माओवादी का एक दस्ता गारू थाना क्षेत्र में भ्रमणशील है एवं बूड़ा पहाड़ पर ऑपरेशन ऑक्टोपस से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए सुरक्षा बलों को लक्षित कर किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है। दस्ता में माओवादी के सदस्य मारकुश उर्फ सौरव बाबा, छोटू खेरवार उर्फ सुजीत जी. रविन्द्र गंझू, मृत्युंजय भुईया, नागेन्द्र उराँव उर्फ डॉक्टर, गोदन कोरवा, सुखलाल बृजिया उर्फ एकेला बृजिया एवं अन्य 20-25 सदस्यों के होने की सूचना है।सूचना के सत्यापन एवं छापामारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। छापामारी दल जब गारू मिरचईया से भवरवधा जंगल पहुँचे तो दो व्यक्ति भवरवधा जंगल में संदिग्ध अवस्था में पाया गया,जो पुलिस दल को देखकर भागने लगे। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के द्वारा घेराबंदी कर इन दोनों को पकड़ लिया गया।

### गिरफ्तार नक्सली ने पुलिस जवान का पेट फाड़कर उसके अंदर लगाया था आईईडी

**नक्सलियों की गिरफ्तारी में इन पुलिस पदाधिकारियों की रही भूमिका**

गुरिल्ला विंग का कमाण्डर नागेन्द्र उराँव एवं सदस्य गोदम कोरवा के पकड़े जाने से माओवादियों को बहुत बड़ी क्षति हुई है। छापामारी दल में गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, बारेसाड़ थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, मो0 शाहिद अंसारी, सरज कुमार, तारापद महतो, और सैट -06 गारू एवं सेंट-02 बारेसाड़ थाना के पदाधिकारी, हवलदार एवं जवान शामिल रहे।



**पुलिस पर हमला करने में माहिर थे गिरफ्तार नक्सली**

पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से पुछताछ करने पर एक ने अपना नाम नागेन्द्र उराँव उर्फ बहरा उर्फ डॉक्टर उर्फ चुलबुल उर्फ नागेन्द्र जी उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-सुरज उराँव, सा0-गडिहारा, थाना-पाँकी, जिला-पलामू जो भाकपा माओवादी का गुरिल्ला विंग का कमाण्डर बताया।दूसरे ने अपना नाम गोदम कोरवा उर्फ गोदम जी उम्र करीब 30 वर्ष, पिता स्व0 गुजाटी कोरवा सा0-बहेराखाड थाना-भण्डरीया, जिला-गढ़वा, वर्तमान सा0-पुनदाग, थाना-सामरीपाठ, जिला-बलरामपुर (छत्तीसगढ़) बताया। इन दोनों के विरूद्ध लातेहार जिला एवं अन्य जिलों में कई काण्ड दर्ज है। ये लातेहार जिला में भाकपा माओवादी द्वारा अनेकों हमला में शामिल रहा है। इसके द्वारा पुलिस कर्मियों की अमानविय तरीके से हत्या की गयी है।

**गुरिल्ला विंग का कमाण्डर था गिरफ्तार नक्सली**

यह गुरिल्ला विंग का कमाण्डर था। नागेन्द्र उराँव भाकपा माओवादी में शामिल होकर कई घटनाओं को अंजाम दिया है।जनवरी 2013 में कटिया जंगल में पुलिस की टीम छापामारी एवं अभियान में निकली थी, जहाँ माओवादियों द्वारा जिसमें नागेन्द्र उराँव भी शामिल था, पुलिस को लक्षित कर गोली बारी की गई थी, जिसमें 12 जवान एवं 04 आम नागरिक मारे गये थे तथा जवान का पेट फाड़कर उसके अन्दर आईईडी लगाई गई थी। पुलिस अधीक्षक लातेहार एवं गढ़वा के नेतृत्व में जून 2018 में झारखण्ड जगुवार की टीम खपरी महुआ में अभियान में निकली थी,जहाँ नागेन्द्र उराँव की टीम ने आईईडी ब्लास्ट किया था, जिसमें झारखण्ड जगुवार के 06 जवान शहीद हो गए थे। वर्ष 2019 में चंदवा थाना अर्न्तगत लुकईया मोड में पुलिस की पीसीआर वाहन को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी, जिसमें 01 सहायक अवर निरीक्षक एवं 03 गृह रक्षक जवान शहीद हो गए थे। इस घटना में नक्सलियों का नेतृत्व करते हुए नागेन्द्र उराँव ओपनर फायर के रूप में शामिल था।



## सबसे बड़े ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अब तक की सबसे बड़ी ड्रग की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के मुताबिक, एनसीबी ने मंगलवार को छापेमारी कर हजारों करोड़ की नशीली दवा लीसर्जिक एसिड डाईएथिलेमाइड बरामद की है। इस एक्शन के बाद एनसीबी ने देशभर में फैले ड्रग सिंडीकेट का खुलासा किया है। इस संबंध में एनसीबी के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि हमने दो मामलों में छह लोगों को गिरफ्तार किया है और 15,000 एलएसडी ड्रग की जब्ती की है, जो व्यावसायिक मात्रा का 2.5 गुना है। इसकी व्यावसायिक मात्रा .1 ग्राम है। यह एक सिंथेटिक दवा है और बहुत खतरनाक है। यह पिछले 2 दशकों में सबसे बड़ी जब्ती है। उन्होंने बताया कि ये एक बड़ा नेटवर्क था जिसके तार पोलैंड, नीदरलैंड, यूएसए से होते हुए भारत के विभिन्न राज्य जैसे दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश आदि में फैले हुए थे। इसमें अधिकतर लोग शिक्षित युवक हैं और उपभोक्ता युवा वर्ग के छात्र हैं।

## क्विक न्यूज

### दुमका : अनियंत्रित हाईवा ने कार और ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव में एक अनियंत्रित हाईवा ने पहले एक कार को और फिर एक ऑटो को पीछे से टक्कर मार दिया, जिसमें ऑटो पर सवार एक बालक और एक महिला की मौत हो गई।महिला की पहचान नहीं हो पाई है जबकि 12 वर्षीय मृत बालक का नाम विमल मुर्मू है। वह शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के शहरजोरी गांव का रहने वाला था और अपनी मां के साथ छात्रवृत्ति लेकर अपने घर वापस लौट रहा था। इस दुर्घटना में विमल की मां गंभीर रूप से घायल है।

### झारखंड राज्य समन्वय समिति की बैठक 10 जून को

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य समन्वय समिति की बैठक 10 जून को होगी। बैठक उनके मोरहाबादी स्थित आवास (इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के बगल) में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी।इस बाबत मंगलवार को मिली जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने समिति के अध्यक्ष सहित विशेष आमंत्रित सदस्य, सभी सदस्य और आमंत्रित सदस्यों को भी सूचना जारी कर दिया है। साथ ही बैठक में सभी के सम्मिलित होने की अपील की गयी है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**रांची** : राजधानी रांची में दिनदहाड़े गोली मारकर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. मृतक अपराधी कालू लामा हत्याकांड में शामिल था. वह कुछ दिनों पहले ही जेल से बाहर आया था. घटना बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू की है. जानकारी के अनुसार, बाइकसवार अपराधियों ने तनवीर आलम उर्फ बिट्टू खान नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी. तनवीर आलम एदलहातू के नीचे टोला का रहने वाला है. घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक से ही फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गई है.

### विरार में निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने से 3 महिला मजदूरों की मौत, एक घायल

**मुंबई :** मुंबई के पास विरार में मंगलवार को दोपहर में निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने से 3 महिला मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में एक मजदूर घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। विरार पूर्व के मनवेलपाड़ा रोड पर सूर्यकिरण भवन का पुनर्विकास कार्य चल रहा है। आज दोपहर में मजदूर काम खत्म कर अपना हाथ पैर धो रहे थे। उसी समय इमारत की दीवार गिर गई, जिससे दीवार के मलबे में चारों मजदूर दब गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन मौके पर ही तीनों महिला मजदूरों की मौत हो गई थी, जिनके शव मलबे में मिले। एक व्यक्ति को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### सरकार ने पीएसएस के तहत तूर, उड़द और मसूर खरीद की 40 प्रतिशत सीमा हटाई

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने 2023-24 के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तूर, उड़द और मसूर की खरीद से जुड़ी 40 प्रतिशत सीमा हटा ली है। इससे दालों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार के अनुसार निर्णय से बिना किसी सीमा के एमएसपी पर किसानों से इन दालों की खरीद होगी। दालों की अच्छी कीमत पर खरीद से किसानों को उत्पादन बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी। इससे आगामी खरीफ व रबी बुवाई के मौसम में तुअर, उड़द व मसूर के बुवाई क्षेत्र में वृद्धि होगी।

## झारखंड में 9 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**झारखंड में कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी चल रही है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी दूसरे दिन मंगलवार को भी चल रही है। झारखंड सहित बिहार और बंगाल में कुल 24 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है। इसमें झारखंड में कुल नौ ठिकानों पर छापेमारी चल रही है।

इसमें धनबाद और हजारीबाग शामिल हैं। छापेमारी पांच जून को सुबह सात बजे से शुरू हुई थी, जो अभी तक चल रही है।धनबाद में चल रही छापेमारी में करीब डेढ़ करोड़ रुपये सहित रियल स्टेट में करोड़ों रुपये के इनवेस्टमेंट से संबंधित दस्तावेज ईडी को मिले हैं। ईडी का सर्च अभी चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार ईडी की टीम छापेमारी को लीड कर रही है। पटना से आई टीमों ने धनबाद और हजारीबाग में एक साथ छापेमारी शुरू की। इसमें हजारीबाग में जेएससीए के पूर्व सचिव संजय सिंह के आवास, धनबाद में ब्राडशन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पुंज सिंह, कंपनी के पार्टनर सुरेंद्र जिंदल, जगनारायण सिंह और मिथिलेश सिंह के अलावा बिल्डर रितेश कुमार शर्मा के आवास और ऑफिस पर ईडी की छापेमारी चल रही है। ईडी की छापेमारी अवैध बालू खनन से संबंधित है। बिहार के औरंगाबाद जिले में अरबों रुपये के अवैध बालू का कारोबार हुआ है, जिसकी जांच ईडी कर रही है। सभी का संबंध ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड से है।

ईडी की छापेमारी के बाद धनबाद और हजारीबाग जिले में अवैध कारोबार से जुड़े कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।




## उड़ीसा रेल हादसा : सीबीआई ने दर्ज किया केस
## ट्रैक व सिग्नल सिस्टम की गहन जांच शुरू

**सीबीआई हादसे की आपराधिक कोण से जांच करेगी क्योंकि रेलवे ने हादसे के पीछे तोड़फोड या बाहरी हस्तक्षेप की आशंका जताई है। खुर्दा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) रिंकेश रॉय ने संदेह जताया है कि सिग्नल प्रणाली में संभवत 'छेड़छाड़' की गई है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : बालेश्वर में दो जून को हुए रेल हादसे की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की 10 सदस्यीय टीम इस समय ओडिशा में है और उसने मंगलवार को पटरियों और सिग्नल रूम का निरीक्षण किया और बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन पर तैनात रेल अधिकारियों से पूछताछ की।

उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड ने रविवार को दुघर्टना की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की थी।

दो यात्री ट्रेनों और एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुल 278 लोगों की जान गई थी और करीब 1200 लोग घायल हुए थे। सीबीआई अधिकारियों के साथ आई फॉरेंसिक टीम ने भी सिग्नल रूप के कर्मचारियों से बात की और विभिन्न उपकरणों के उपयोग एवं उनके काम करने के तरीकों की जानकारी प्राप्त की।

सीबीआई हादसे की आपराधिक कोण से जांच करेगी क्योंकि रेलवे ने हादसे के पीछे तोड़फोड या बाहरी हस्तक्षेप की आशंका जताई है। खुर्दा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) रिंकेश रॉय ने संदेह जताया है कि सिग्नल प्रणाली में संभवतः 'छेड़छाड़' की गई है। नउल्लेखनीय है कि घटना के एक दिन बाद यानी तीन जून को ओडिशा पुलिस द्वारा बालोसोर राजकीय रेलवे पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी संख्या 64 की जांच केंद्रीय एजेंसी ने अपने हाथ में ली है।

दक्षिण पूर्वी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आदित्य चौधरी ने कहा, सीबीआई सभी पहलुओं की जांच करेगी। वह जानकारी एकत्र कर रही है और रेलवे इसमें पूरा सहयोग करेगा।

## भीषण गर्मी व लू को लेकर झारखंड में रेड अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** गर्म हवा के थपेड़ों से फिलहाल राहत मिलना मुश्किल नजर आ रहा है. कहीं-कहीं छिटपुट हल्की बारिश की वजह से उमस ने मुसीबत को और बढ़ा रखा है. जून के पहले सप्ताह में भी गर्मी का कहर जारी है. पिछले 24 घंटे में गोड्डा जिला में सबसे ज्यादा तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है. जबकि सबसे कम तापमान रांची के एयरपोर्ट एरिया में 25 डिग्री रहा है. मौसम केंद्र ने लू चलने की संभावना जताते हुए अलर्ट जारी किया है. 8 जून तक गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसांवा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. सुबह 10 बजे से शाम के चार बजे तक घर से बाहर निकलना जोखिम भरा हो सकता है. यही नहीं 9 जून तक रेड अलर्ट के दायरे में खूंटी, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिला को भी शामिल कर दिया गया है. चिंता की बात यह है कि 9 जून से 11 जून के बीच झारखंड के सभी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है. इससे साफ है कि आने वाला पूरा सप्ताह झारखंड के लोगों के लिए चुनौती भरा होगा. इस दौरान विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है.अगले कुछ दिनों में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है. यही स्थिति उत्तर-पश्चिम झारखंड के कोडरमा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा और पलामू में भी देखने को मिल सकती है. मध्य झारखंड में सिर्फ रांची में दूसरे जिलों के मुकाबले थोड़ी राहत रहेगी. मध्य झारखंड के बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी और गुमला में पारा 41 से 43 डिग्री सेल्सियत से जाने के संभावना है. यही स्थिति पूर्वी सिंह, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला और सिमडेगा में भी देखने को मिल सकती है.



## एनआईए ने टेरर फंडिंग पर पंजाब-हरियाणा में मारे छापे

**एजेंसी**

**चंडीगढ़** : राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स की फंडिंग करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा में दस स्थानों पर छापे मारे। इस दौरान एनआईए ने अलग-अलग स्थानों पर भारी मात्रा में दस्तावेज भी बरामद किए हैं। केटीएफ के लिए फंड जुटाने के अलावा सीमा पार से हथियारों की तस्करी की साजिश में शामिल लोगों पर भी ये रेड हुई। एनआईए की टीम ने पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब जिले में खिलौना बेचने वाले पर रेड की है। टीम ने अबोहर रोड बाइपास पर रहने वाले व्यक्ति से करीब छह घंटे तक पूछताछ की। इसके अलावा फिरोजपुर के तलवंडी भाई क्षेत्र में भी रेड की गई। यहां के करीब पांच गांवों से कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे केटीएफ की फंडिंग और हथियार तस्करी की साजिश में शामिल होने को लेकर पूछताछ की जा रही है। हरियाणा के कैथल में दवा कारोबारी भाईयों प्रदीप और कुलदीप के घर सुबह 6 बजे रेड हुई। गांव चूहड़माजरा में यह कार्रवाई करीब चार घंटे चली।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरे

### रामगढ़ में राशि गबन मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** मायापुर निवासी महिला ने 2 लोगो पर लगाया राशि गबन करने का आरोप कोर्ट के आदेश पर रामगढ़ थाने में मामला दर्ज। रामगढ़ थाना क्षेत्र के मायापुर निवासी रेनू देवी ने कोर्ट परिवहित के माध्यम से सरगुजा निवासी अनिल कश्यप ,योगेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि कोर्ट कंप्लेन के माध्यम से कोर्ट के आदेश पर यहां मामला दर्ज किया है जिसमे आवेदिका रेनू देवी ने अनिल कश्यप,योगेंद्र सिंह पर दो लाख रुपए का पैसा लेने का राशि गबन का आरोप लगाया है। इस संदर्भ में आवेदिका ने बताया है की उसके बदले उसे चेक मिला था और चेक बाउंस कर गया इस संदर्भ में रामगढ़ थाना में कांड दर्ज करते हुवे अनुसंधान प्रारंभ किया जा रहा है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने अनुसंधान पूरी कर आरोप पत्र दाखिल किया जिसके बाद केस ट्रायल भी शुरू हुआ।इस मामले में महिला ने 8 लोगो की गवाही दिलाई।

## वूमन ट्रैफिकिंग की शिकार होने से बची दो आदिवासी लड़कियां, लोगों ने संदिग्ध लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा, पूछताछ में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** झारखंड में वूमन ट्रैफिकिंग का मामला तेजी से बढ़ रहा है। इस कुकृत्य में संलिप्त लोग गरीब व भोली भाली आदिवासी लड़कियों को सबसे अधिक शिकार बना रहे हैं। इसका ताजा मामला झारखंड के श्री बंशीधर नगर से सामने आया है। यहां संदिग्ध लोगों द्वारा दो आदिवासी लड़कियों के साथ संदेहास्पद तरीके से शादी का दबाव डाले जाने का मामला देख लोगों ने संदिग्धों को पुलिस के हवाले किया है। लोगों की इसी सूझबूझ के कारण उक्त दोनों लड़कियां वूमन ट्रैफिकिंग की शिकार होने से बाल-बाल बच गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कथित दलालों के द्वारा सोमवार की सुबह श्री बंशीधर नगर मुख्यालय स्थित कचहरी पर बिना माता पिता व परिजन के छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर से लाई गई दो आदिवासी लड़कियों को बहला-फुसला कर मध्य प्रदेश के ग्वालियर के युवक से शादी के लिये राजी कराया जा रहा था। जिसकी भनक स्थानीय लोगों को लग गयी। उसके बाद यह खबर पूरे शहर में आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग सिविल कचहरी पर जुट गये। लोगों के द्वारा पुलिस को भी इसकी खबर दी। उधर लोगों की भीड़ लगने एवं मामला बिगड़ता देख दलाल के कान खड़े हो गये और दोनों लड़कियों को दो युवकों के साथ कचहरी से बाहर भगा दिया। उधर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दलाल व शादी करने पहुंचे मध्य प्रदेश के युवक एवं उसके परिजनों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों लड़कियों को भी बरामद कर लिया है। उधर इसकी खबर मिलने पर भाजपा विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता के अलावे विहिप व बजरंग दल के सदस्य कचहरी पर जुट गए। उनलोगों ने कहा कि दलालों द्वारा भोली-भाली आदिवासी दलित गरीब लड़कियों के बेचने और खरीदने का घिनौना खेल जारी है। पैसे लेकर लड़कियों को बेचना जघन्य अपराध है। उनलोगों पुलिस से पूरे मामले की जांच कर इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। **क्या कहते हैं एसडीपीओ प्रमोद कुमार :** एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि अभी तक अनुसंधान में वूमन ट्रैफिकिंग का मामला सामने नहीं आया है। दोनों लड़कियां बालिग हैं। शादी के लिये दोनों लड़कियों ने खुद से हामी भरी हैं। फिलहाल दोनों लड़कियों के परिजनों को भी बुलाया गया है। जांच अभी जारी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## बिजली की कहानी, गढ़वा की जुबानी

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में 26 मई को आई भीषण आंधी तूफान से गढ़वा प्रखंड अंतर्गत बेलचम्पा पंचायत के मेढ़ना गांव में 132द्म1 के लगे 2 बिजली टावर कोयल नदी के दोनों छोरों पर गिर गए थे। जिसके कारण बी मोड़ से बिजली काट दी गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरे हुए टावरों को ठीक करने में कम से कम 10 से 15 दिनों का समय लगने की बात कही गई थी। इस मामले में बिजली विभाग का उस वक्त कहना था की भागोडीह से जो पावर बी मोड़ ग्रिड को मिलता था। अब टावर निर्माण तक बाधित रहेगा। विभाग के अनुसार जो बिजली गढ़वा शहर को मिलती थी,वह बी मोड़ से मिलती रहेगी। टावर गिरने से पावर की निरंतरता में थोड़ी फर्क होगी पर बिजली सामान्य स्थिति में मिलती रहेगी। परंतु ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। बिजली की कटौती जरूरत से ज्यादा किया जा रहा है। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।एक तरफ जहां आम लोगों को बिजली की कटौती बहुत परेशान कर रही है, वहीं शहर के व्यापारियों को जनरेटर का भी इस्तेमाल करना पड़ रहा है। दूसरी ओर भीषण गर्मी ने परेशानी बढ़ा दी है। इसी बीच बिजली की भारी कटौती से लोग त्रस्त हो गए हैं।लोग ये उम्मीद लगा रहे हैं की बिजली विभाग जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकाल लेंगा। जब कि अभी तब सिर्फ मलबे को ही हटाया गया है। जिससे कार्य प्रगति को लेकर चिंता जताई जा रही है। बिजली विभाग के मुताबिक गढ़वा शहर में 17 से 18 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है। परंतु वास्तविकता यह है कि दिन और रात को मिलाकर 8 से 10 घंटे भी बिजली सही से नहीं दिया जा रहा है।अब ऐसे में देखना यह है आखिर कैसे और कब तक गढ़वा वासियों को बिजली की इस गंभीर समस्या ने निजात मिलेगा।

## ड्रेस चेंजिंग रूम निर्माण में संवेदक पर पुराने ईंट लगाने का लगा आरोप



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय राजकीय बुनियादी विद्यालय के खेल के मैदान में पंचायत निधि मद से 4.83 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे खेल के मैदान और शौचालय तथा चेंजिंग रूम में के निर्माण में संवेदक सुनील सिंह द्वारा पंचायत कर्मियों की मिलभगत से स्कूल परिसर में वर्षो पूर्व बनाये गये शौचालय के घटिया ईंट निकलवाकर निर्माण शौचालय और चेजिंग रूम में धड़ल्ले से लगाया जा रहा है,जिससे योजना की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। आपको बता दें कि पंचायत निधि मद से से बुनियादी विद्यालय में बनने वाले खेल के मैदान और चेंजिंग रूम की आधारशिला प्रखंड प्रमुख शोभा देवी,जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा तथा मुखिया बेबी देवी द्वारा संयुक्त रूप से रखा गया था। जिसमें योजना के ठेकेदार सुनील सिंह को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की नसीहत दी गई थी,बावजूद इसके संवेदक मनमानी करते हुए स्कूल परिसर में बने पुराने शौचालय के घटिया ईटा का प्रयोग कर योजना की गुणवत्ता प्रभावित करने में लगा हुआ है,इस कारनामे में संवेदक के साथ पंचायत के कर्मियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। अगर संवेदक की मनमानी जारी रही,और योजना की गुणवत्ता के सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया तो योजना के क्रियान्वयन का कोई मतलब नहीं है। इस संबंध में मुखिया बेबी देवी ने कहा कि मेरे जानकारी में नहीं है कि ठेकेदार योजना में काम लगाया है, अगर पुरानी ईट लगाई जा रही है तो गंभीर मामला है, उन्होंने जांचोपरांत कारवाई करने की बात कही।

## अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग, दस्तावेज समेत लाखों के पुराने सामान जलकर खाक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में आग लगने से दस्तावेज समेत लाखों रुपये का पुराना सामान जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार की सुबह लगभग 7 की है। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पतालकर्मियों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। स्टोर रूम में रखा गया सामग्री जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर दमकल वाहन भी अस्पताल पहुंचा लेकिन अस्पताल के पुराने स्टोर रूम तक रास्ता नही होने के कारण नही पहुच सका।अंततः अस्पताल कर्मियों ने अस्पताल का मोटर चला कर आग पर काबू पाया।अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक सुबह में सफाईकर्मी राजमति अस्पताल की सफाई के दौरान स्टोर रूम से धुआं निकलता देख वहां जाकर देखा और ड्यूटी पर तैनात डॉ कैसर आलम को सूचना दिया। डॉ कैसर आलम ने डीएस डॉ सुचित्रा को सूचित कर अस्पतालकर्मियों के साथ आग बुझाने में जुट गये। फौरन डीएस भी अस्पताल पहुंच गई, उन्होंने स्टोर रूम में लगे आग को देख ताला तोड़कर सामान को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। स्टोर रूम में रखा गया पुराना फर्नीचर, पुराना दस्तावेज सहित अन्य सामान जल चुका था। अस्पताल की बाउंड्री में स्थित आम को तोड़ने वाले बच्चों द्वारा आग लगाने की संभावना जतायी जा रही है।हालांकि गनीमत रही कि आग को समय पर काबू पा लिया गया नही तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। जले स्टोर रूम के बगल में कुपोषण उपचार केंद्र, दवा भंडार, प्रसव कक्ष, प्रसूति गृह भी आग की चपेट में आ सकता था। जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। **इस संबंध में डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी :** ने बताया कि सफाईकर्मी राजमति ने सफाई के दौरान देखा कि अस्पताल की बाउंड्री में पीछे कुछ बच्चों को आम तोड़ते देखा था। उन्होंने संभावना जताया कि आम तोड़ने के क्रम में बच्चों ने ही आग लगा दिया होगा। जिसके कारण स्टोर रूम जलकर राख हो गया। घटना में एक्सपायर दवाएं, पुराने दस्तावेज, पुराने फर्नीचर व लगभग 40-50 हजार रुपये का अन्य सामान जल गया है। बकौल डीएस उन्होंने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी है।

## उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** पुलिस ने टी.एस.पी.सी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य को 5 जून 2023 शाम को छतरपुर जपला मोड़ से गिरफ्तार किया था जिसे आज जेल भेजा गया। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की मन्टु जी उर्फ तारकेश्वर कुमार उर्फ छेदी, उम्र 21 वर्ष, पिता सुदेश्वर यादव, ग्राम सुंगरी पंचायत हुटुकदाग, पो0-मुंकेरी, थाना छतरपुर, जिला पलामू जो टी0एस0पी0सी0 उग्रवादी संगठन के सक्रिय सदस्य है, जो बाहर भागने के फिराक वह जपला मोड़ छतरपुर के पास बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पाते ही छतरपुर थाना के पुलिस मन्टु जी उर्फ तारकेश्वर कुमार यादव को छतरपुर जपला मोड़ से ही गिरफ्तार कर थाना गिरफ्तार अभियुक्त ने अपने बयान में अपना अपराध को कबूल किया। इसके अपराधिक इतिहास छतरपुर थाना कांड सं0-59/2023, दिनांक 04/04/2023, धारा 147/ 148/ 149/ 307/ 353/ 504/ 506 भा0द0वि0 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट . नौडीहा बाजार थाना कांड सं0-18/2022, दिनांक 28/02/2022, धारा-147/ 148/ 149/ 307/ 353 भा0द0वि0 एवं 25 (1-ए)/ 25 (1-वी0)/ 26/ 27/ 35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट रहा है इसे गिरफ्तार कर मेदनीनगर जेल भेज दिया गया इस छापामारी दल में शेखर कुमार थाना प्रभारी छतरपुर, मनोज कुमार, विजय रंमानी, रमेश चंद्र हजाम सहित छतरपुर थाना शसस्त्र बल शामिल थे।

## श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी का लिया जायजा



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने मंगलवार को पाल्हे-जतपुरा गांव में संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं श्रीरामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव सह श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी का जायजा लिया और समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. स्वामीजी महाराज ने प्रवचन पंडाल, अतिथिशाला, पाकशाला व बाहर से आने वाले साधु संतों एवं श्रद्धालुओं के विश्रामस्थल, पार्किंग स्थल आदि का जायजा लिया. उन्होंने यज्ञ समिति के लोगों को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का आतिथ्य सत्कार करने एवं उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. स्वामी जी महाराज ने समिति के लोगों से कहा कि यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की होने वाली संभावित भीड़ को देखते हुये यज्ञ स्थल परिसर में 50 से अधिक शौचालय, 20 यूरिनल, 20 स्नानागार का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रकाश एवं पेयजल की भी उत्तम व्यवस्था करने का निर्देश दिया. मौके पर श्यामसुंदर दूबे, तारकेश्वर पांडेय, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ल, उपसचिव सुनील चौबे, लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे, नरसिंह नारायण शुक्ल, बिरगेश शुक्ल, राजनारायण शुक्ल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया कमिटी का विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष जनक शर्मा ने अपने कमेटी में फेरबदल करते हुए किया कमिटी का विस्तार। जानकारी देते हुए जनक शर्मा ने कहा कि पांडू में युवा मोर्चा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पलामू जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्योति पांडेय एंव पांडु भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह के सहमति के बाद कमिटी का बिस्तार किया गया है. इस कमेटी में फेरबदल के बाद अन्य सदस्यों के अलावा राजू शर्मा को महामंत्री, दिनेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, बबलू चंद्रवंशी एंव चंदन पासवान को मंत्री, रोहित सिंह कोषाध्यक्ष, अंकित सिंह एंव चंदन चौधरी को मिडिया प्रभारी, रोहित पाठक, कंचन गुप्ता, निरंजन विश्वकर्मा एंव धीरेन्द्र पाल को सोशल मिडिया प्रभारी, वहीं तिजेन्द्र चंद्रवंशी, पिंटू पांडेय, रितेश सिंह को आई. टी. सेल प्रभारी बनाया गया. समीति के सदस्य के रूप में अरुण पासवान, श्यामलाल ठाकुर, सरोज रवि, विशाल कुमार, उपेंद्र चंद्रवंशी, जयराम पासवान को स्थान दिया गया।

## विशालकाय पेड़ गिरा घरों पर बाल बाल बचे लोग मुखिया ने किया मदद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया के ग्राम बनाडीह स्थित ब्रह्मा स्थान के पास विशालकाय पीपल का पेड़ बीती सोमवार को अचानक तीन घरों पर गिर गया। जिससे तीनों घरों को काफी क्षति एवं नुकसान हुआ है। पीड़ित चंदन चौहान सूरज चौहान एवं पासवान जी ने मुखिया प्रियंका कुमारी को बताया कि अहले सुबह पीपल का पेड़ बिजली के खंभे एवं तार सहित हमारी घरों पर गिरा। उस दौरान बिजली कटी हुई थी। जिससे एक बड़ी घटना टल गई एवं लोग बाल-बाल बच गए। पंचायत के मुखिया प्रियंका कुमारी ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना तथा घर पर गिरे पीपल के पेड़ को कटवा कर हटवाया। पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भी की। साथ ही पंचायत सचिव को खबर कर बुलाया एवं पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता दिलवाने को लेकर अग्रेतर तक करवाई भी किया। प्रियंका कुमारी ने कहा कि मैं अपने पंचायत की जनता के हर दुख सुख में साथ हूं आप किसी भी परेशानी को बेझिझक मेरे से साझा कर सकते हैं हम हर संभव मदद करने की कोशिश करेंगे। मौके पर दिलीप सिंह संजय चौहान दूधेश्वर सिंह नितेश सिंह सागर सिंह बृजेश सिंह मंजय चौहान सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर 14 वर्षीय युवती की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के सुदना रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार की सुबह 9:00 बजे अजमेर संतरामांझी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर 14 वर्षीय चंचल कुमारी की घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना के बाद शव को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा और एसआई प्रकाश कुमार,राजेश कुमार लोहरा अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के क्रम स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सुदना निवासी मंटू प्रसाद के घर में किराए के मकान में पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम भुडवा निवासी पूनम देवी नामक महिला अपने एक बच्ची चंचल कुमारी उम्र 14 वर्ष के साथ रहती है। मंगलवार की सुबह पूनम अपने बच्चे को घर में छोड़कर झाड़ू पोछा का काम करने के लिए एक निजी क्लिनिक में चली गई।इसी बीच चंचल रेलवे क्रॉसिंग पार करके दुकान में समान लेने जा रही थी। तभी वह अजमेर संतरामांझी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही इस घटना के बाद पुलिस शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि कुछ दिनों पहले पूनम के पति विजय पासवान से पूनम का तलाक हो गया था। तब से पूनम अपनी बच्ची के साथ डालटेनगंज किराए के मकान में रह रही थी।

## पोल से बाइक टकराया युवक की मौत



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम रजहरा निवासी स्वर्गीय योगेंद्र चौहान का पुत्र बलवंत चौहान उम्र 30 वर्ष की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बलवंत चौहान सोमवार की रात अपने किसी रिश्तेदार के यहां पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरमा तिलक समारोह में शामिल होने गया था। तिलक समारोह खत्म होने के बाद मंगलवार की सुबह 3:00 बजे वह अपने घर रजहरा के लिए निकला। इस बीच रास्ते में माधुरी जंगल के पास वह बाइक से अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गया। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वही मंगलवार की सुबह राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पड़वा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## ब्लॉक में पीएम आवास के लिए आए युवक की अचानक मौत, विधायक की समीक्षा बैठक बीच में ही स्थगित





प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ विभागवार समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक श्री सिंह ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्युत और पीएचईडी विभाग के कोई भी प्रतिनिधि को बैठक में भाग नहीं लेने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कार्यशैली में सुधार करने की चेतावनी दी। जबकि चांपाकल से संबंधित कोई भी आंकड़ा प्रस्तुत नहीं करने के कारण स्वच्छता अभियान के एसबीएम जयप्रकाश कुमार को बैठक से बाहर कर दिया। विधायक ने पीएम आवास ,पेयजल, खाद्य आपूर्ति आंगनबाड़ी सहित कई अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में हरिहरगंज व पिपरा बाल विकास परियोजना कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही का अबतक 340 क्विंटल चावल नहीं मिलने की शिकायत की गई। जिसपर विधायक ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया । वहीं कार्य में लापरवाही की शिकायत विधायक ने सीओ को प्रभारी अंचल निरीक्षक प्रगति प्रकाश को हटाने का निर्देश दिया । इस दौरान विधायक ने पांच दिव्यांग लाभुकों के बीच ट्राइसाइकिल का भी वितरण किया। इस दौरान पीएम आवास को लेकर पहुंचे सियरभूंका गांव के 32 वर्षीय मो0 जसमीन अंसारी की प्रखंड कार्यालय के सामने अचानक गिरने से मौत के बाद विधायक ने समीक्षा बैठक बीच में ही स्थगित कर दी। वहीं बाद में कटैया गांव के समीप मां शांति रेस्टोरेंट में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया। जहां विधायक ने उक्त युवक की असमायिक मौत पर एनसीपी परिवार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही विधायक ने मृतक के घर जाकर परिवारों को ढांढस बढ़ाया और इस दुख की घड़ी में हर संभव सहायता करने की बात कही। इस दौरान युवक की मौत की सूचना पाकर प्रखंड कार्यालय में पहुंचे बसपा और एनसीपी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। जहां पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने मामले को शांत कराया।

## छोटा भाई निकला बड़े भाई का हत्यारा, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सगे छोटे भाई के द्वारा बड़े भाई की हत्या का मामला प्रकाश में आया है इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक सुरजीत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गत 17 मई 2023 को करीब 07.30 बजे सुबह ग्राम राजहारा में रेलवे डाउन लाईन के पोल सं0 302/20 तथा 302/22 के बीच रेलवे पटरी से एक अज्ञात शव बरामद किया गया था। जिस संबंध में चौकीदार ग सुरेन्द्र मांझी के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधकर्मी के विरुद्ध नावाबाजार थाना कांड सं0 49/2023 दिनांक-17/05/2023 धारा 302/201 भा0द0वि0 दर्ज किया गया। इस कांड का उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर, पलामू के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। दिनांक- 19/05/2023 को अजय राम उम्र करीब 31 वर्ष पिता कमेश राम ग्राम तुकबेरा थाना नावाबाजार जिला पलामू के गुमशुदगी का आवेदन अजय राम की माँ फुलझरी देवी के द्वारा दिया गया। जब फुलझरी देवी को ग्राम राजहारा के रेलवे पटरी के पास मिले लाश का फोटो दिखाया गया तो वह उस लाश का पहचान कर ली। अज्ञात शव अजय राम, पिता- कमेश राम, ग्राम तुकबेरा, थाना-नावाबाजार, जिला-पलामू का था। शव के शिनाख्त होने के बाद आगे अनुसंधान के क्रम में मृतक के छोटे भाई आशीष कुमार उर्फ छोटू पिता कमेश राम ग्राम तुकबेरा थाना नावाबाजार जिला पलामू को थाना लाकर गहन रूप से पुछताछ किया गया तो इन्होने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि इनके बड़े भाई मृतक अजय राम बहुत ज्यादा शराब का सेवन करता था और घर पर हमेशा इनके माता-पिता एवं भाभी के साथ मारपीट करता था । जिसके कारण घर में हमेशा अंशाति बनी रहती थी और जब ये मृतक की पत्नी यानी अपनी भाभी से बात करते थे तो मृतक शक करते हुए इन्हें भी गाली-गलौज करता रहता था, तब ये तंग आकर अपने भाई की हत्या की योजना बनाये और घर से साड़ी का किनारा फाड़कर एवं चाकू योजनानुसार अपने पास रखा और अपने भाई को खूब शराब पिलाकर रजहारा स्थित रेलवे पटरी के पास ले गये और मृतक को नशे की हालत में रेलवे पटरी के किनारे बैठाये तो वो नशे की हालत में वहीं पर सो गये । तत्पश्चात ये साड़ी की पट्टी से अपने भाई का हाथ बांधकर एक बड़े पत्थर से उसके सिर पर मार दिये और फिर घर से साथ लाए हुए चाकू से गला रेत दिये। जिससे उसकी मृत्यु हो गई ।

## बीएलओ की बैठक सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के सभी बीएलओ की बैठक सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ श्रवण राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बीडीओ ने बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को नगर पंचायत चुनाव को ध्यान रखते हुये मतदाता सूची का विखण्डी करण करने का निर्देश दिया। प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची का विखण्डी करण निष्पक्ष तरीके से करने का निर्देश दिया.उन्होंने मतदाता सूची के विखण्डी करण में बरती जाने वाले सावधानियों की जानकारी विस्तार से दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यू शास्त्री नगर मधुकम में पानी की समस्या से परेशान लोग

**रांची।** रातू रोड के न्यू शास्त्री नगर मधुकम में पानी की समस्या अत्यधिक होने के कारण मोहल्ले वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है , जिसे देखते हुए झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन रांची महिला विंग की अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता अंकिता वर्मा ने रांची के सांसद संजय सेठ को ज्ञापन सौपी और उन्हें हो रही परेशानियों से अवगत कराया। अंकिता वर्मा ने बताया कि गर्मी के प्रकोप से सब लोग परेशान हैं और इन परिस्थितियों में सबसे ज्यादा परेशानी पीने का पानी को लेकर गृहणियों को हो रही है । क्योंकि यह पूरा इलाका ड्राई जोन हो गया है और लगभग हर घर में पानी की लेयर नीचे चली गई है वही सप्लाई पानी नही मिलने से घर चलाना मुश्किल हो गया है इन सब को देखते हुए , मोहल्ले के दर्जनों नागरिकों एवं महिलाओं के साथ रांची के सांसद संजय सेठ से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया।

### थानों के 192 वाहन चालकों का हुआ तबादला

**रांची।** रांची जिला के सभी थानों के वाहन चालकों का तबादला वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कर दिया है। किशोर कौशल ने बताया कि लंबे समय से रांची शहर और इसके आसपास के थानों में जो थाना के वाहन चालक हैं यह सभी लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं । करीब 192 वाहन चालकों को एक थाने से दूसरे थाने के वाहन चालक के रूप में स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया के तहत समय-समय पर बदलाव होते रहता है, वहीं उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द मुंशी का भी तबादला किया जाएगा, ऐसे कई मुंशी हैं जो एक ही थाना में कई सालों से जमे हुए हैं।

# एसएसपी ने किया ट्रॉफी का अनावरण, क्रिकेट टूर्नामेंट सात से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मेकॉन स्टेडियम में बुधवार से स्मृति कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू होगा। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को प्रतियोगिता के ट्रॉफी का अनावरण किया। साथ ही ड्रेस का भी वितरण किया और अपनी शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक रांची जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव तथा जेएससीए के आजीवन सदस्य सुनील कुमार सिंह सहित पूर्व क्रिकेटर उज्जवल दास, आदित्य वर्मा, संजय मिश्रा, उदय शर्मा, प्रवीण देवघरिया, मृत्युंजय, लखन राजा, यश प्रताप, प्रशांत,गोपाल मंडल सहित अनेक पूर्व एवं वर्तमान बिहार झारखंड के क्रिकेटर मौजूद थे।बताया गया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोधकांत सहाय और विशिष्ट अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेंद्र खन्ना उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति की ओर से सभी टीमों को रंगीन ड्रेस दी जाएगी। स्मृति कप टूर्नामेंट 44 साल पुराने राज्य क्रिकेट संघ की सेवा करनेवाले वैसे पूर्व क्रिकेट प्रशासकों और प्रथम श्रेणी के क्रिकेट खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया जाता है, जिनका निधन हो चुका है।

#### इन टीमों में होगी टक्कर

सात जून को रांची रॉयल बनाम स्पंदन क्लब कोलकाता, एमपी वर्मा 11 बिहार बनाम जमशेदपुर जांबाज, आठ जून को रांची रॉयल बनाम जमशेदपुर जांबाज, एमपी वर्मा 11 बनाम स्पंदन क्लब कोलकाता, नौ जून को एमपी वर्मा 11 बनाम रांची रॉयल, जमशेदपुर जांबाज बनाम स्पंदन क्लब कोलकाता और 10 जून को सुबह 9 बजे टॉप दो टीमें फाइनल खेलेंगी।

# कोल मंत्रालय अवार्ड से सीसीएल को सम्मानित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री, प्रल्हाद जोशी ने 06 जून को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) को तीन अलग-अलग श्रेणियों में ÷कोल मंत्रालय अवार्ड 2022-23 (कोल मंत्रालय अवार्ड 2022-23)÷ प्रदान कर सम्मानित किया। सुरक्षा एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रथम पुरस्कार जबकि सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में सीसीएल को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड सीएमडी, सीसीएल, पी.एम प्रसाद एवं निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, राम बाबू प्रसाद ने कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी से प्राप्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, मगध-संघमित्रा, हजारीबाग, बरका सयाल एवं अरगडा क्षेत्र को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने कोल मिनिस्टर्स अवार्ड का सृजन किया है जिसके अंतर्गत सुरक्षा, उत्पादन, उत्पादकता, सस्टेनेबिलिटी, गुणवत्ता आदी का क्रियान्वयन का आकलन करते हुये बेहतर कार्य करने वाले कोयला कंपनी को यह अवार्ड दिया जाता है। सीसीएल के सीएमडी पी.एम.प्रसाद ने कहा कि यह अवार्ड उन कोयला श्रमिकों एवं स्टेकहोल्डर्स को समर्पित है, जिनके कारण यह अवार्ड मिला है। उन्होंने कहा कि कंपनी सस्टेनेबल माईनिंग के माध्यम से देश की उर्जा आकांक्षओं को पूरा करने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रसाद ने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है और दुर्घटना मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने आगे कहा कि कंपनी पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए विभिन्न पहल कर रही है। विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीसीएल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये सर्वाधिक 76.09 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन कर लक्ष्य प्राप्त किया। प्रसाद ने कोयला मंत्री, प्रल्हाद जोशी, सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया, अध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल राज्य सरकार एवं स्टेकहोलडर्स का अवार्ड के लिए आभार व्यक्त किया।

# संवैधानिक आयोग का गठन नहीं कर रही है सरकार : भाजपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला।प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार विकास विरोधी सरकार है। मुख्यमंत्री सहित सत्ताधारी दल के मंत्रियों को केवल अपने पद और परिवार की चिंता है लेकिन राज्य के लोग मजबूत हों,गांव ,गरीब की हालत में सुधार हो इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गठबंधन के नेताओं को खुश करने के लिए बोर्ड निगम का गठन कर रही है लेकिन राज्य के महत्वपूर्ण संवैधानिक आयोग का गठन नहीं कर रही। कहा कि राज्य के महिला आयोग,वित्त आयोग, लोकायुक्त,सूचना आयुक्त जैसे पद वर्षों से रिक्त हैं।उन्होंने कहा कि वित्त आयोग के महत्वपूर्ण पद रिक्त रहने के कारण केंद्रीय अनुदान नहीं मिलने की आशंका बनी हुई है। कहा कि केंद्र सरकार वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में राज्य वित्त आयोग को पैसा आवंटित करती है। फिर ये पैसे पंचायती राज संस्थाओं,नगर पालिकाओं को आवंटित होते हैं।

# डिस्टलरी पुल के पास बने मार्केट में सब्जी विक्रेताओं का जाने से इंकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर और कोकर चौक के बीच बने डिस्टलरी पुल के पास नया मार्केट में मंगलवार को सब्जी विक्रेताओं शिफ्ट किया जाना था। इसके लिए नगर निगम की टीम के वहां पहुंचते ही सब्जी विक्रताओं ने विरोध शुरू कर दिया। विरोध कर रहे सब्जी विक्रताओं और टीवीसी सदस्य पुतन देवी ने कहा, इस गर्मी में मार्केट के छत पर सब्जी बेचने में दिक्कत होगी। कहा कि गर्मी बढ़ती जा रही है, से में खुले आसमान के नीचे सब्जी बेचना मुश्किल होगा। दरअसल सब्जी विक्रेताओं को डिस्टलरी पुल के पास बने मार्केट की छत पर जगह दी जा रही थी। साथ ही स्वामी विवेकानंद पार्क के कुछ हिस्सों में भी सब्जी बेचने के लिए जगह दी जा रही थी, जो विक्रेताओं को मंजूर नहीं है। यहां बता दें कि 9 जून को शहीद दिवस के मौके पर डिस्टलरी पुल स्थित बिरसा स्थल पर राज्य मंत्री, नेता व अधिकारी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने आते हैं। उस दौरान सड़क पर दुकान लगे होने की वजह से वहां कुड़े का ढेर लगा होता था और कुड़े के ढेर से बदबु आती थी, इसके अलावा सड़क पर बाजार लगने से सड़क जाम भी लगता था। इन्ही सबको देखते हुए मार्केट बनते ही पहले मांस-मछली की दुकानों को शिफ्ट कराया गया., इसके बाद अब सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट कराया जा रहा है।



# सिटी बसों को सीएनजी में करने की चल रही है तैयारी : नगर आयुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र में चलने वाली सिटी बसें इसमें से कुछ कबाड़ की स्थिति में है और कुछ बसों की इंजन भी बार-बार खराब हो रही है ।

इन सब को देखते हुए नगर आयुक्त शशि रंजन ने निर्णय लिया है, कि अब शहर में जितने भी सिटी बसें चल रही है और जिन बसों की इंजन खराब हो गई है या खराब होने की स्थिति में है,

उन सभी बसों की इंजनों को बदल दिया जाएगा और सीएनजी में कन्वर्ट कर दिया जाएगा।

इससे दो तरह का लाभ नगर निगम एवं रांची वासियों को मिलेगा। पहला सीएनजी से चलने वाली बसों से प्रदूषण का खतरा कम रहेगा , वातावरण भी प्रभावित नहीं होगा । दूसरी बात सीएनजी माइलेज अधिक देता है, ऐसे में निगम को पैसों की बचत होगी।

इन सब को देखते हुए नगर निगम पूरी तरह से निर्णय कर लिया है कि अब शहर में चलने वाली सभी सिटी बसों को सीएनजी में कन्वर्ट कर दिया जाएगा । इसको लेकर बहुत जल्द टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।

वहीं यह भी बताया गया है कि रांची नगर निगम से सटे रिंग रोड से भी सिटी बसें चलेंगी । रिंग रोड और इसके आसपास के रहने वाले ग्रामीणों को रांची शहर आने जाने में किसी तरह की परेशानी भी नहीं होगी।

# नौ जून से पूर्व कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा हटा दिया जाए : पुष्कर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि न्यायालयों के आदेशों के विपरीत प्रशासनिक पदाधिकारियों के द्वारा एवं झारखंड विरोधी कृतियों के खिलाफ सरकार के द्वारा समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का अवमानना करते हुए कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा को जगन्नाथपुर थाना के समीप स्थापित किया है। महतो ने चुटिया, इंदिरा गांधी चौक स्थित सामुदायिक भवन में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में भोपाल हाई कोर्ट द्वारा दिए गए कृत कार्रवाई की रिपोर्ट जारी करते व संवाददाता सम्मेलन में उक्त बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा विनम्र आग्रह करती है प्रशासन से, की सुप्रीम कोर्ट की अवमानना ना हो इसलिए 9 जून से पूर्व स्वेच्छा पूर्वक कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा को हटा दिया जाए। जिस प्रकार बिना किसी देरी किए मोरहाबादी से शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को हटाने हटा दिया गया था।

उन्होंने मांग की कि कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा स्थापित करने के दोषियों में रांची के सांसद संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व मेयर आशा लाकड़ा, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय सहित नगर निगम प्रशासक पर 18 जनवरी 2013 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अवमनना करने एवं झारखंडी भावनाओं के खिलाफ प्रतिमा स्थापित करने के विरोध में हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे और दोषियों के खिलाफ संघर्ष तेज होगा। झारखंड आंदोलनकारी भुवनेश्वर केवट ने कहा कि जिला प्रशासन 9 जून से पूर्व प्रतिमा कैलाशपति मिश्रा की शांतिपूर्ण तरीके से हटा ले, बेहतर होगा।

मौके पर निरंजना हेरेंज तोप्पो,रवि नंदी, दिवाकर साहू, हलधर पाहन ने अभी कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा को शीघ्रता शीघ्र हटाकर झारखंडी भावनाओं की रक्षा एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अक्षरशः से पालन करने की मांग की।

# हाजियों को किसी प्रकार की दिक्कतें न हो : इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल हज कमेटी के चेयरमैन सह राज्यसभा सांसद नदीम उल हसन और झारखंड हज कमेटी के चेयरमैन सह जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने मंगलवार को हज कमेटी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर एवं भारत सरकार के सिविल एविएशन के डायरेक्टर मिस्टर गोयल एवं मक्का में भारतीय दूतावास के एंबेसडर से लंबी वार्ता की। मौके पर विधायक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हाजियों को हो रही परेशानियों को जल्द से जल्द दूर करने की बात रखी। कई सारे फ्लाइट रिशेड्यूल हुए तो भी हम लोग कष्ट बर्दाश्त कर लिये है, लेकिन अगर वापसी में हमारे हाजियों को किसी प्रकार का भी दिक्कत होगी तो इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जायेगा। हमारे हाजियों को बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है।लैंग्वेज प्रॉब्लम की भी समस्या उत्पन्न होगी और अगर वहां दो दिन भी फ्लाइट डिले या रीशेड्यूल हो गया तो हमारे हाजियों को बहुत कष्ट हो जाएगा।इसके देखते हुए आप लोग अपनी तैयारी दुरुस्त रखें और किसी भी तरह की परेशानी हो तो हमें अवगत कराएं।साथ ही साथ जमजम का पानी कैसे उपलब्ध होगा इसकी भी समुचित जानकारी मुझे दें।चेयरमैन इरफान अंसारी हज कमिटी आफ इंडिया,सिविल एविएशन के डायरेक्टर की बातों से संतुष्ट नजर आए।



# डिस्टलरी वेंडर मार्केट के ऊपरी तल्ले पर सब्जी विक्रेताओं को स्थान मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** नगर निगम द्वारा लालपुर-कोकर मार्ग के फल-सब्जी विक्रेता को व्यवस्थित करने एवं सड़क को जाम मुक्त करने के उद्देश्य से डिस्टलरी वेंडर मार्केट का निर्माण कराया गया है।

प्रथम चरण में मीट-मछली विक्रेताओं को स्थल आवंटित कर कर उन्हें व्यवस्थित किया गया। प्रशासक, रांची नगर निगम के आदेशानुसार द्वितीय चरण में 06-द्वितीय को लालपुर - कोकर मार्ग के फल-सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने, मार्ग को जाम मुक्त करने तथा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को मुक्त करने हेतु अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सभी सब्जी विक्रेताओं को डिस्टलरी वेंडर मार्केट के ऊपरी तल्ले पर स्थान आवंटित करते हुए यहाँ दुकान लगाने का निदेश दिया गया। इसके अलावा उन्हें यह भी निदेश दिया गया कि अगर सड़क किनारे फिर से वे अपनी दुकान लगाते हैं तो उनके सामानों को जब्त कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रोड किनारे बनाई गई अस्थाई संरचना को ध्वस्त करते हुए जगह समतल भी किया गया , ताकि वाहनों का परिचालन सुगम हो सके। बता दें लालपुर- कोकर मार्ग के सब्जी विक्रेताओं को वेंडर मार्केट में शिफ्ट होने हेतु अनाउंसमेंट कराया गया था। निगम की टीम के द्वारा सभी सब्जी विक्रेताओं को वेंडर मार्केट के ऊपरी तल एवं पार्क । बता दें कुल 273 सब्जी विक्रेता (लालपुर कोकर मार्ग) निगम द्वारा सत्यापित किये गये है, जिन्हें अस्थाई रूप से व्यवस्थित किया जाएगा, जहाँ सब्जी विक्रेता व्यवसाय हेतु सुविधा अनुसार अपना दुकान लगा सकेगें।

### रिटायर आर्मी जवान से मोबाइल और पर्स की छिनतई

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र के आर्मी हॉस्पिटल के पास एक रिटायर आर्मी जवान से मोबाइल और पर्स की छिनतई होने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। बाइक पर आये दो अपराधी रिटायर आर्मी के जवान विश्वजीत प्रसाद से मोबाइल और पर्स की छिनतई कर फरार हो गये। विश्वजीत प्रसाद अपनी पत्नी के साथ आर्मी अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है।

# मुख्य सचिव से हुई सकारात्मक वार्ता कार्रवाई का मिला आश्वासन : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से हुई उनकी मुलाकात में बेहद गंभीर और ज्वलंत मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत हुई है और उन्होंने अपनी बातों को उनके समक्ष रखा है. तिर्की ने कहा कि मुख्य सचिव ने उन्हें शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तिर्की ने कहा कि, लातेहार में टाना भगतों द्वारा वहाँ के कचहरी परिसर में जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिये किये जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर कार्रवाई करते हुए लगभग 200 लोगों को नामजद और 300 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव सिंह का ध्यान आकृष्ट कराये जाने पर उन्होंने यह आश्वासन दिया कि लातेहार के उपायुक्त से प्रतिवेदन मँगवाने के बाद इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

तिर्की ने कहा कि, झारखण्ड में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में रहनेवाले अनुसूचित जनजाति चीक बड़ाईक लोगों में अधिकांश के खेवट और खतियान में विभिन्न तरीके से जाति दर्ज होने के कारण उनके वंशजों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र मिलने में कठिनाई हो रही है। इस मामले पर भी मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि इस मामले में अपेक्षित कदम उठाये जायेंगे।

तिर्की ने कहा कि, सिंह ने इस बात पर भी अपनी सहमति दी की है कि मांडर के मुड़मा दोहर में सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाये जिससे सैकड़ों एकड़ भूमि सिंचित हो और इसका फायदा हजारों किसानों को मिले।



# डॉ. आर के गुप्ता बने रिम्स के निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स को नया निदेशक मिल गया है। पद्मश्री डा. कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफा देने के बाद रिम्स के प्रबंधन की जिम्मेदारी नेत्र विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव कुमार गुप्ता को दी गई है। उन्होंने पद ग्रहण कर लिये हैं। रिम्स निदेशक पद के लिए विभाग को चार वरिष्ठ चिकित्सकों के नाम मिले थे। जिसमें मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. सीबी शर्मा, एनाटॉमी विभाग के एचओडी डॉ. एके दुबे और नेत्र विभाग के एचओडी डॉ. विद्यापति के नाम भी शामिल था। लेकिन एनाटॉमी विभाग के डॉ. एके दुबे ने अपने स्वयं के निदेशक के रूप में कार्य करने से इनकार कर दिया था। बता दें कि रिम्स के 16वें निदेशक के रूप में डॉ कामेश्वर प्रसाद ने योगदान दिया था, इनसे उम्मीदें बहुत थी क्योंकि वे झारखंड के ही थे। दो मई को उन्होंने अपने कार्यकाल के खत्म होने की घोषणा की थी। इसके बाद से विभाग के पास सीनियर डॉक्टरों के नाम भेजे गए थे। विभाग की ओर से उनका साक्षात्कार भी लिया गया था। साक्षात्कार में सीनियर डॉक्टरों से पूछा गया था कि रिम्स का संचालन कैसे करेंगे। जब तक नाम स्पष्ट नहीं हुए थे तब तक रिम्स की व्यवस्था सुधारने के लिए किसी आइएएस अधिकारी को प्रभार सौंपने की बात चल रही थी। डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि मुझे दुख है कि जो सोचकर आया था, उसे पूरी तरह अमलीजामा नहीं पहना सका। रिम्स को एम्स जैसा नहीं बना सका। रिम्स मेरी मां की तरह है। जितने दिन रहा, मां की तरह सेवा की।



जब तक इसे सेंट्रल यूनिवर्सिटी की तरह ऑटोनोमस का दर्जा नहीं दिया जाएगा, दखलअंदाजी खत्म नहीं होगी, तब तक व्यवस्थाएं नहीं सुधर सकतीं। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि डॉ. कामेश्वर प्रसाद जितने समय तक रहे रिम्स को बहुत लाभ हुआ अब नए सिरे से काम को अमली जामा पहनाया जायेगा।

### हास्य नाटक सैंया भए कोतवाल का पोस्टर हुआ लांच, 11 को होगा नाट्य मंचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पत्रकार कला मंच का आगामी 11 जून 2023 को बसंत सबनीस लिखित और उषा बनर्जी द्वारा हिंदी अनुवादित और निलय सिंह निर्देशित हास्य नाटक सैंया भए कोतवाल का मंचन सीएमपीडीआई के मायुरी प्रेक्षागृह होगा। यह नाट्य मंचन अनाथ बच्चों के सहायतार्थ के लिए किया जा रहा है। इस मौके पर देशप्रिय क्लब में सैंया भए कोतवाल के पोस्टर की लांचिग की गई। देशप्रिय क्लब के अध्यक्ष सह वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ कमल बोस ने कहा कि पत्रकार कला मंच अपने नाटकों के माध्यम से सिर्फ मनोरंजन ही नहीं कर रहा बल्कि अपना सामाजिक दायित्व भी निभा रहा है। क्लब के उपाध्यक्ष सह प्रसिद्ध लाइट निर्देशक प्रदीप बोस ने कहा कि इस मंचन से ऐसा लगता है कि नाटक की गाड़ी चल चुकी है, और इसमें अभी काफी पेट्रोल बाकी है। बता दें कि पत्रकार कला मंच की शुरुआत एक मई 2022 में भारतेंदु हरिश्चंद्र लिखित और परवेज कुरैशी द्वारा निर्देशित अंधेर नगरी चौपट राजा के सफल मंचन से हुआ था। इस पुनीत कार्य में वे अपना योगदान दें, इसके लिए मंच के खाता संख्या 50200071634054 (एचडीएफसी बैंक), ISFC : HDFC0004213 में राशि जमा कर सकते हैं। इस मौके पर देशप्रिय क्लब के देबाशीष, काजल सहित पत्रकार कला मंच के अध्यक्ष अमित दास, सचिव संदीप नाग, कोषाध्यक्ष ए एस आरपी मुकेश, संयुक्त सचिव परवेज, कुरैशी, जयशंकर,राज सिंह,प्याली, संगीतकार एवं अन्य सदस्यगण मौजूद थे।



## वन विभाग की कारवाई में सखुआ का बोटा जब्त



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडार बुढ़मू वन क्षेत्र के मैकलुस्कीगंज खलारी बीट के आरा देवरखण्ड वन क्षेत्र में अवैध रूप से काटा गया सखुआ का बोटा बरामद किया। मिली जानकरी के अनुसार वन पाल अश्फाक अंसारी को मिली गुप्त सूचना के आधर पर वन रक्षी का टीम गठित किया गया। टीम गठित के अनुसार आरा देवरखण्ड जंगल मे सर्च ऑपरेशन करते हुए जंगल से लगभग 10 बोटा बरामद किया। जप्त किया गया बोटा का आकलन लगभग 70 हज़ार रुपये का आकलन किया गया। फॉरेस्ट के अनुसार किसी लंगडू महतो ने कई दिनों से जंगल का पेड़ को काट कर बोटा का कारोबार करता था।सूचना के अनुसार लगडू महतो पर वन विभाग ने वन अधिनियम 1989 धारा 52 के तहत सखुआ का बोटा जप्त किया साथ ही शक के आधार पर अपराधी पर ऑफेंस कर कानूनी कार्रवाई किया गया। इस अभियान में प्रभारी वन पाल अश्फाक अंसारी,वन रक्षी सुरजीत रूंडा, मुकेश मुंडा सहित अन्य ने मिलकर कार्रवाई की।

## 14 सूत्री मांग को लेकर श्रम भवन के सामने बीसीकेयू ने रैली निकाला




**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 14 सूत्री मांग को लेकर बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू) के द्वारा निर्धारित दिन छः जून को राँची श्रम भवन के सामने आहूत रैली प्रदर्शन किया गया। इस रैली में एनके एरिया से बीसीकेयू (सीटू) के सदस्यों ने रैली व धरना प्रदर्शन में कर बताया गया कि केंद्र सरकार की मज़दूर विरोधी नीतियों के खिलाफ़ राज्य स्तरीय विशाल रैली प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए शामिल हुये। श्रम भवन के सामने रैली व धरना प्रदर्शन कर मांग किया गया कि चार लेवर कोड को रद्द करो, ठेका मज़दूर,अस्थायी आउटसोर्स एवं अनुबंधित कामगारों का नियमितीकरण,समान काम के लिए समान वेतन,मनरेगा के आवंटन में विर्धि,परियोजना कर्मियों, प्रवासी मज़दूर के लिए क़ानूनी तथा सामाजिक सुरक्षा,शहरी रोज़गार गारंटी योजना,अस्थायी काम के ठेकाकरण पर रोक लगाने मि मांग किया गया।मौके पर बीसीकेयू के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य अरूप चटर्जी,जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू,एन,के एरिया अध्यक्ष इरफान खान,धनेसर तुरी,बसंत कुमार,अर्जुन सिंह,मनोज गोप,रुपेश,सुनील मुण्डा सहित अन्य शामिल हुए।

## ओल्ड एज केयर सेंटर का उद्धटन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिल्वे में परम पूज्य स्वर्गीय ब्रज बिहारी पांडे पुजारी का 11वीं पूर्ण तिथि मनाया गया । इस अवसर पर ओल्ड एज केयर सेंटर का शुभारंभ बुजुर्गों को साड़ी और धोती वितरण एवं वृक्षारोपण कर किया गया । जिसके मुख्य अतिथि भूतपूर्व विधानसभा सचिव एवं झारखंड राज्य विद्युत निगम के लोकायुक्त श्री महेंद्र प्रसाद के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मधुसूदन पांडे सचिव एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के द्वारा किया गया । उन्होंने बताया एक्यू प्रेशर प्राकृतिक से जुड़ने की अद्भुत कला है। आज विश्व पर्यावरण दिवस पर आम जनों को एक्यूप्रेशर से जुड़ने पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने की गरिमा को बताया । उन्होंने कहा कि पंचतत्व के द्वारा शरीर के विभिन्न अवयव को प्राण ऊर्जा के द्वारा संचित कर हम स्वस्थ लाभ ले सकते हैं साथ ही साथ मुख्य अतिथि श्री महेंद्र प्रसाद ने ओल्ड एज केयर का उद्घाटन करते हुए कहा की पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर बुजुर्गों का ध्यान रखने के लिए ओल्ड एज केयर का सोच सराहनीय है ।

## बचरा में हुई मगध-संघमित्रा सलाहकार समिति की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल के मगध संघमित्रा सलाहकार समिति की एक आवश्यक बैठक बचरा के अरुणोदय रेस्ट हाउस में संपन्न हुई।बैठक मे मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ सहित कई अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधि शामिल हुए।इस बैठक में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव मोहम्मद जहूर तथा जीएम यूनिट सचिव प्रेमचंद शामिल होकर कोयला मजदूरों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया, जिसमें कामगारों को एलएल देने,सभी कामगारों को इंसेंटिव देने,महाप्रबंधक कार्यालय बचरा से हटाकर चमातु में शिफ्ट करने,सभी कांटा घरों में पीने का पानी की व्यवस्था करने,शौचालय निर्माण कराने,सुरक्षा प्रहरी तैनात करने,महिला कामगारो के लिए मगध परियोजना में कॉमन रूम बनाने एवं हजारीबाग एव रांची से ड्यूटी हेतु बस चलाने,हाउसिंग अलाउंस देने,माइंस में रेस्ट शेल्टर बनाने,सभी कामगारों को समय पर तोलिया,वाटर बोतल,टोपी,जूता,टोर्च देने सहित कई मांगों को प्रमुखता के साथ उठाया गया,जिस पर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।बैठक में कई यूनियन प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

## छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी थाना क्षेत्र हुटाप मोड़ (पार खुरहा) की छात्रा ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकरी के अनुसार मृतिका प्रतिमा कुमारी लगभग (15 वर्ष), पिता विमल उरांव,हुटाप मोड़ पार खुरहा में रहती थी। मृतिका जनता हाई स्कूल की 9 वीं कक्षा में पढ़ाई करती थी। बताया जाता कि मृतिका ट्यूशन जाने के समय मे मोबाईल लेकर जा रही थी। इतने में मृतिका की माँ की नजर अपने बेटी के हाथों में मोबाईल पर पड़ी। बेटी के हाथों में मोबाईल देख कर मां ने मना किया तो गुस्से में आकर छात्रा ने घर के अंदर जाकर अपने दुप्पटे से एस्बेस्टस के एंगल के सहारे फाँसी लगा ली। घर से कुछ देर बाद छात्रा नही निकली तो घर का दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया। लेकिन दरवाजा नही खुला। ततपश्चात घर का एस्बेस्टस तोड़ कर देखा गया तो पता चला तो दुप्पटे के सहारे युवक्ति फाँसी लगा ली है। आनन फानन में फाँसी के फंदे से उतरने के बाद उसे चिकित्सा के लिए डकरा हॉस्पिटल ले जाया गया। परन्तु चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या की सूचना पर खलारी थाना पुलिस पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के द्वारा विधि विवादित बच्चों के बीच एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालसा अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश के निर्देश पर सचिव मनोरंजन कुमार के कुशल मार्गदर्शन से आज रांची स्थित संप्रेषण गृह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खूंटी जिला के कुल 53 बच्चे भाग लिए। बच्चों को निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के साथ-साथ बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया। विधि विवादित किशोरों को अपराध रहित जीवन जीने एवं समाज के विकास में रचनात्मक भागीदारी निभाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर डीएलएसी राजीव कमल , किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सुजीत गोस्वामी, जिला बाल संरक्षण इकाई के समीम उद्दीन एवं पीएलवी चंदन कुमार उपस्थित थे।

## शोक सभा की गई आयोजित

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में शोक सभा आयोजित कर बालासोर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ लाभ हेतु प्रार्थना की गई।संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत एवं समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने एक स्वर में कहा कि यह हादसा कैसे हुआ इसकी जांच आवश्यक है। सरकार को दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर के इस तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा इस दुख की घड़ी में परिजनों को ईश्वर दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी मौन रखकर अपना दुःख प्रकट किया और प्रार्थना की।

# योजनाओं का समय पर पूर्ण होना ही विकास का आधार है : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के सभी गांवों में संचालित विकास योजनाओं को समय पर पूर्ण किए बगैर ना तो क्षेत्र का विकास संभव है ना ही रोजगार सृजन के लक्ष्य की प्राप्ति। योजनाओं का पूर्ण होना ही विकास की निशानी है। उक्त बातें मंगलवार को प्रखंड में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना , अंबेडकर आवास योजना, 15वें वित्त सहित अन्य विकास योजनाओं की सघन समीक्षा की। इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान अनुपस्थित रहने वाले रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता हो स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जारी



किया। जबकि अपेक्षाकृत संतोषजनक प्रगति करने वाले कई कर्मी भी नपे गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम और आप क्षेत्र की जनता की उम्मीदें हैं पर यह जरूरी है कि हम लोगों की आशाओं पर खरा उतरें। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराना मनरेगा का सबसे बड़ा उद्देश्य है। जिसके लिए यह जरूरी है कि मनरेगा के तहत निश्चित रूप से 5 -5 योजनाओं का संचालन प्रत्येक गांव में सुनिश्चित किया जाए और इच्छुक मजदूरों को गांव में ही कार्य उपलब्ध कराया जाए साथ ही साथ सभी पंचायतों में 200 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सक्रिय मजदूरों का आधार संख्या निश्चित रूप से शुक्रवार से पूर्व एंट्री करा ली जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सक्रिय मजदूरों का मोबाइल नंबर मनरेगा में अवश्य रूप सिंह की करें साथ ही मनरेगा के मजदूरों का एबीपीएस के माध्यम से भुगतान कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जियो टैग पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि सभी पंचायतों में चालू कार्यों एवं बंद हुए योजनाओं का जियो टैगिंग 3 दिनों के अंदर निश्चित रूप से पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया।

## झारखंड स्टेट ओपेन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे प्रदीप ने जीता दो मेडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा पाकुड़ मे संपन्न हुए 12वीं झारखंड स्टेट ओपेन सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे गणेश स्पोटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी प्रदीप कुमार ने 1500 मीटर दौड़ मे दूसरा स्थान एवं 800 मीटर दौड़ मे तीसरा स्थान प्राप्त कर कुल दो मेडल जीतकर खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्रदीप कुमार के इस उपलब्धि पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के सचिव सह खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने उन्हे बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।इस संबंध में गणेश महतो ने बताया कि प्रदीप कुमार ने अब तक राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय खेल



कूद प्रतियोगिता मे कई मेडल जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर चुका है।प्रदीप कुमार सबसे पहले गणेश स्पोटिंग क्लब राय से प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया।इसके बाद धीरे धीरे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय पर खेलकूद प्रतियोगिता मे शामिल होकर बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खलारी और पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।इधर प्रदीप के इस प्रदर्शन पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# सीटु के विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** श्रमिक संगठन एनसीओईएआई सीटु द्वारा रांची स्थित झारखंड सरकार के श्रम मंत्रालय के समक्ष आहुत विशाल धरना एंव प्रदर्शन मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र से दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।जानकारी के अनुसार सीटु के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी एवं अजेश मुंडा के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र से दर्जनों कार्यकर्ता बचरा चार नम्बर चौक से जमकर नारेबाजी कर एक साथ रांची के लिए रवाना हुए।क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा श्रम कानून में परिवर्तन कर 44 श्रम कानून को समाप्त कर दिया है एवं,4 चार लेबर कोर्ट कानून पास कराना चाहती है,जिससे भारत सरकार द्वारा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचा सके।यह लेबर कोर्ट काला कानून पूंजीपतियों के पक्ष में भारत सरकार बनाई है, जिसका संगठन कड़ा विरोध करती है।साथ ही ठेका मजदूरों को सामान्य वेतन का भुगतान करने,बेरोजगारों को रोजगार देने सहित 14 सूत्री मांग पत्र श्रम मंत्रालय को सौंपा गया।इसके अलावे उड़ीसा के बालासोर मे हुई रेल दुर्धटना पर सीटू राज्य कमेटी के द्वारा प्रदर्शन के माध्यम से रेल मंत्री भारत सरकार को इस्तीफा देने की मांग की गई।इस प्रदर्शन में पिपरवार क्षेत्र से इस्लाम अंसारी,अजेश मुंडा,रुखसार आलम,समसुल होदा, इम्तियाज अंसारी,मोहन साव,गणेश कुमार,अशोक विश्वकर्मा,अर्जुन गंझु,सीता राम सहित कई लोग शामिल हुए।

# चूल्हा प्रमुख के साथ बैठक संपन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को ब्राह्मणडीह गांव में चूल्हा प्रमुख के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आंजसू पार्टी द्वारा संचालित सभी कार्यो पर चर्चा, हर गांव में सभी चूल्हा प्रमुखों को दिशा निर्देश दिया गया कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक जाएं और उन्हें हर कार्यों की जानकारी दें। साथ ही साथ हर घर में पानी, वृद्धा पेंशन, बीपीएल, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता, उज्जवला योजना, स्मार्ट क्लास, संगठन की मजबूती आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से मुरी जोन के प्रभारी लक्ष्मण महतो तथा ग्राम प्रभारी नीतीश कुमार महतो, शिबू महतो,पंचायत समिति सदस्य बुधराम महतो, महिला नेत्री अनीता देवी, सभी चूल्हा प्रमुख एवं गांव के प्रबुद्ध एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय गिरिडीह (जिला स्थापना शाखा)

–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–

**झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा चयनित निम्नवर्गीय लिपिक पद पर नियुक्ति के निमित्त अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच से संबंधित सूचना।**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग) के आलोक में इंटरमीडियट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 (नियमित एवं बैगलॉग) के राज्य स्तर मेघा सूची के आधार पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1730/रा0 दिनांक 19.05.2023 के आलोक में आयोग के पत्र के कंडिका –4 के संदर्भ में अनुशंसित अभ्यार्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक 09.06.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे से समाहरणालय भवन, पपरवाटांड स्थित जिला स्थापना शाखा, गिरिडीह में किया जायेगा।

उक्त के आलोक में गिरिडीह जिला के लिए निम्नवर्गीय पद हेतु अनुशंसित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वैसे सभी प्रमाण पत्र जो ऑनलाईन आवेदन में संलग्न किया गया था, जिसकी मूल प्रति एवं एक स्वअभिप्रमाणित प्रति तथा मूल पहचान पत्र के साथ दिनांक 09.06.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहरणालय भवन, पपरवाटांड स्थित जिला स्थापना शाखा, गिरिडीह में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह0/–

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गिरिडीह।

PR.NO.299340 Giridih(23-24):D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0–02/2023 के अभियुक्त 1. अशोक यादव पे0 राजी यादव सा0 लंगुराही थाना हरिहरगंज 2. योगेश यादव उर्फ रवि जी पे0 बाबूराम यादव सा0 तेतरीया थाना हरिहरगंज दोनों जिला पलामू 3. जनेश यादव उर्फ जनेश्वर यादव उर्फ पवन जी पे0 भदई यादव सा0 खरदाग 4. सुशील भुईयाँ उर्फ नरेश भुईयाँ पे0 बिगन भुईयाँ सा0 चकरबंधा भुईयाँ टोला दोनों थाना डुमरिया जिला गया बिहार 5. राजनाथ यादव उर्फ बालमिकी यादव उर्फ देवनाथ यादव पे0 ब्रह्मदेव यादव सा0 कुम्भी कला थाना नावाबाजार जिला पलामू एवं 6. अशोक यादव उर्फ विकास जी पे0 भुवनेश्वर यादव सा0 घुरनडीह थाना ढीबरा जिला गया बिहार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध माननीय न्यायालय के द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त सभी अभियुक्तों के विरूद्ध किसी प्रकार का सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुर :– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंज :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 299359 Police(23-24)#D

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग
## जिला समाहरणालय, हजारीबाग – 825301
*E-mail deo_hazaribagh@rediffmail.com*

विज्ञापन संख्या– 07/2023

**आवश्यक सूचना**

सरकारी माध्यमिक विद्यालय नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली, 2015 में निहित प्रावधान एवं निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1802 दिनांक–24.09.2021, पत्रांक–1726 दिनांक–21.06.2022 एवं पत्रांक–1110 दिनांक–17.04.2023 के आलोक में माध्यमिक विद्यालयों (राजकीयकृत एवं परियोजना) के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, जिन्होंने वरीय वेतमान में 12 वर्ष की अटूट सेवा पूर्ण कर ली है, को प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति दिये जाने के निमित विद्यालय स्तर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर तैयार सूची को जिले के वेबसाईट www.hazaribagh.nic.in पर प्रकाशित कराया गया है। उक्त सूची पर संबंधित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं उनके आश्रितों (मृत शिक्षक की स्थिति में) से अन्तिम रूप से आपत्ति आमंत्रित की जाती है।

जिला अन्तर्गत सभी राजकीयकृत एवं परियोजना उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, संबंधित अहर्ताधारी शिक्षकों एवं उनके आश्रितों (मृत शिक्षक की स्थिति में) से अनुरोध है कि जिले के वेबसाईट पर प्रकाशित सूची का अवलोकन करते हुए यदि कोई आपत्ति हो तो साक्ष्य सहित प्रतिवेदन दिनांक–17.06.2023 तक अनिवार्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, हजारीबाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 299356 (Human Resource Developement)23-24*D

## कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला को वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्योदश सं0– 04 रा0(वि0), दिनांक–08.05.2023 राज्य योजना अंतर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन) के तहत लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उपयोजना हेतु कुल 06 (अनुसूचित जनजाति कोटि हेतु 04 यूनिट एवं अन्य कोटि हेतु 02 यूनिट) एवं लघु शीर्ष 789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना हेतु कुल 01 यूनिट का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके आलोक में इच्छुक प्रशिक्षित मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**आवश्यक अहर्ताएँ:–**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | लक्ष्य 796 | | लक्ष्य 789 | अहर्ताएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनु0ज0 जा0 | अन्य | अनु0जा0 | |
| 1 | समेकित मत्स्य पालन योजना (मछली–सह–बत्तख पालन योजना) | 04 | 02 | 01 | 1. आवेदक मत्स्य पालन से जुड़ा हुआ हो।<br>2. आर0एफ0एफ0 में मत्स्य पालन करने वाले आर0एफ0एफ0 के सक्रिय लाभुक समूह।<br>3. आवेदक का अपना 01 एकड़ (एक एकड़) जलक्षेत्र अथवा उससे बड़े आकार का निजी तालाब हो अथवा वित्तीय वर्ष 2023–24 से तीन वर्षो के लिए लीज पर हो। निजी तालाब होने का अथवा जिससे लीज प्राप्त कर रहा होगा उसका निजी तालाब होने का प्रमाण संबंधित अचंल अधिकारी से सत्यापित कराते हुए समर्पित करेंगे।<br>4. जिला मुख्यालय से नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>5. आर0एफ0एफ0 के पास के लाभुक समूह को सक्रिय स्थिति में होना चाहिए तथा बैंक खाता संचालित होना चाहिए।<br>6. बत्तख हाउस का निर्माण लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर स्वयं बनाया जाएगा।<br>7. योजना की इकाई लागत दर मो0– 153350.00/–रू0 प्रति 0.4 हेक्टेयर जलक्षेत्र (01 एकड़ जलक्षेत्र का तालाब) होगी।<br>8. अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं महिला वर्ग के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80 प्रतिशत् (अधिकतम मो0–122680/– रू0) होगा तथा शेष अंशदान लाभुक का होगा।<br>9. इसी प्रकार 0.2 हे0 मछली–सह–बत्तख पालन के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रूप से होगी।<br>10. अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 70 प्रतिशत (अधिकतम मो0– 107345/– रू0) होगा, शेष सभी राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा। |

नोट :– इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से आवेदन प्रपत्र निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन के साथ (फोटोग्राफ/अन्य साक्ष्य/प्रमाण पत्र) संलग्न कर आवेदन कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अतिंम तिथि 26.06.2023 को कार्यालय अवधि तक। जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in से भी आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 299282 Fish(23-24).D

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**
**2nd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**33**/23-24 Dated **05.06.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for prep aration of Detailed project report for 4 -Lane configuration road for Chas –Chandankiyari-Raghunathpur (upto West Bengal Border) road including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, proposals for ROBs and elevated corridor, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand.. from Consultant's empanelled in Category -I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 26 Km |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.06.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 15.06.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 16.06.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi - 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No. | 298076 Road (23-24) D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department, Ranchi .**

PR.NO.299290 Road(23-24):D

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**
**2nd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**34**/23-24 Dated **05.06.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for 4Lane configuration road for Gobindpur - Baliapur – Sindri - Pathardih road including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, proposals for ROBs and elevated corridor , complete L and Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 36 Km |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.06.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 15.06.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 16.06.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Fi eld Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi - 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No. | 298068 Road (23-24) D |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department, Ranchi .**

PR.NO.299284 Road(23-24):D

## किंग्स कच्ची घाणी सरसों के तेल का नवीनतम टीवीसी अभियान लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की सबसे बड़ी खाद्य एफएमसीजी कंपनियों में से एक अदाणी विल्मर लिमिटेड (एडब्ल्यूएल) ने अपने किंग्स कच्ची घाणी शुद्ध सरसों के तेल के लिए एक नया टीवी विज्ञापन पेश किया है। इस टीवी कमर्शियल का उद्देश्य प्रोडक्ट के असाधारण तीखेपन और शुद्धता पर जोर देना है और साथ ही इसके विशिष्ट स्वाद को उजागर करना है। ऐसा करके, कंपनी का उद्देश्य उन उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में ब्रांड की स्थिति को मजबूत करना है, जो वास्तविक स्वाद और गुणवत्ता की तलाश में रहते हैं। अदाणी विल्मर लिमिटेड के मार्केटिंग हैड संजय आदेसरा ने नवीनतम टीवीसी लॉन्च अभियान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ''कच्ची घाणी, जिसे सरसों के तेल के रूप में भी जाना जाता है, हमारे लिए एक स्वदेशी तेल है और देश के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में जिसका बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है।




## दोराबजी ऑटो में काम के दौरान मजदूर की उंगलियां कटी, मुआवजे की मांग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र के बड़ाचिड़का निवासी 22 वर्षीय मजदूर रमेश महतो बीते 1 जून को आदित्यपुर स्थित दोराबजी ऑटो कंपनी में काम के दौरान घायल हो गए। परिजनों को सूचना मिलने पर रात को ही उसे आदित्यपुर स्थित गंगोत्री हेल्थकेयर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है। मंगलवार को बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने घायल मजदूर से नर्सिंग होम में मुलाकात की। उन्होंने बताया कि इस मामले में कंपनी के मालिक द्वारा इलाज कराया जा रहा है लेकिन अभी तक मुआवजे के बारे में कोई सकारात्मक बातचीत नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि मुआवजा राशि और स्थायी नौकरी की मांग परिजनों द्वारा कंपनी प्रबंधन के समक्ष रखी गई है। झामुमो के वरिष्ठ नेता आस्तिक महतो ने भी घायल मजदूर को उनका हक दिलाने के लिए पहल शुरू कर दी है।



## पटमदा थाना में मारपीट कर जख्मी करने का मामला दर्ज

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र के द्वारडीह गांव के रहने वाली कमलेश्वरी सिंह के लिखित आवेदन पर उसी गांव के रहने वाले विश्वदेव सिंह के खिलाफ उनकी 23 वर्षीय पुत्र हरिपद सिंह को मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को पटमदा थाना में मामला दर्ज कराया है। पटमदा थाना के एसआई अरविंद कुमार ने बताया कि बांसगढ़ में रोहिन पर्व के मौके पर आयोजित मेला में दोनों में किसी बात को लेकर बकझक हुई थी। उस समय विश्वदेव ने हरिपद को देख लेने की धमकी दी थी। मौका मिलते ही मेला के दूसरे दिन गाड़ीग्राम गांव के समीप विश्वदेव ने हरिपद को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। परिजनों ने हरिपद को घायल अवस्था में माचा सीएचसी लेकर पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। जंहा अभी भी इलाज जारी है।

## पटमदा पुलिस ने सजायाफ्ता फरार आरोपी को भेजा जेल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र के बस्ती पटमदा के रहने वाले सजायाफ्ता फरार आरोपी दुर्गा चरण प्रमाणिक को पटमदा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2011 अपने भाई की हत्या करने के जुर्म में दुर्गा चरण का कोर्ट ने आजीवन कारावास का सुनाया था। वह जमानत पर जेल से छूटा था और हाइकोर्ट में अपील किया था। लेकिन हाइकोर्ट ने सजा को बरकरार रखा। इसके बाद कोर्ट द्वारा कई बार उसे सरेंडर करने के लिए नोटिस भेजा लेकिन वह फरार चल रहा था। मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर रेल मंडल के गम्हरिया-बीरबांस स्टेशन के बीच कमलपुर रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या 266/25 और 266/27 के बीच करीब 65 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस बावत बीते सोमवार की देर रात करीब एक बजे लोको पायलट द्वारा सीनी स्टेशन पर इस बाबत सूचना दी गई। उसके बाद आरपीएफ थाना के एसआई राम अनूप सिंह और आरक्षी देव आनंद कुमार मौके पर पहुंचे और घटना के बावत सरायकेला थाना को भी दी जानकारी दी। तत्पश्चात मौके पर पहुंची सरायकेला पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बढ़ती गर्मी को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में हुआ बदलाव

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निरंतर बढ़ती गर्मी को लेकर महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में जिले के सभी आंगनबाड़ी कें संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन आगामी 17.06.2023 तक अब प्रातः 6:30 से 9:30 तक किया जाएगा। उपायुक्त अरवा राजकमल द्वारा निर्देशित किया गया है कि उक्त समय अवधि में आंगनबाड़ी केंद्रों पर 03 से 06 वर्ष तक की आयु के बच्चों का पूर्व की भांति ही पाठशाला संचालित होती रहेगी एवं उन्हें पूरक पोषाहार सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रदत सेवाएं जैसे टीकाकरण एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराया जाता रहेगा। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित कर्मियों को भी उक्त अवधी एवं समय अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया है।

## शिव मंदिर में सत्यनारायण कथा सह पूजनोत्सव का आयोजन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ा गम्हरिया के शिवपुरी मुहल्ला स्थित शिव मंदिर में कमेटी की ओर से सत्यनारायण कथा सह पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर मन्दिर के पुजारी की ओर से भगवान सत्यनारायण की व्रत कथा का श्रवण कराया गया। इस मौके पर महाभोग का आयोजन भी किया गया था। पूजनोत्सव में मुख्य रूप से विहिप धर्माचार्य भगवान सिंह, पूर्व पार्षद धनंजय गुप्ता आदि शामिल हुए। आयोजन में मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष जयपाल सिंह, प्रमोद सिंह, एसपी सिंह, सहदेव प्रधान, दुर्गानंद चौधरी, मनोज सिंह समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।



## प्रशिक्षण में सौभाग्य शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में दी गई जानकारी

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश कुमार रंजन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा समिति द्वारा क्षेत्रवार सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को केवीपीएसडीएसएस गर्ल्स हाई स्कूल सरायकेला में चल रहे एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के सहभागी शिक्षकों को भी जागरूक किया गया। टीम द्वारा शिक्षकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमो का कड़ाई से पालन करने के लिए शपथ ग्रहण करवाया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा,सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक आशुतोष कुमार सिंह एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहायक घृत कुमार शामिल थे।



# कैंसर रोगियों के बेहतर उपचार के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर को 1200 करोड़ रु का योगदान

### टाटा मेमोरियल अस्पताल में आईसीआईसीआई एमआरआई सुविधा का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश भर में कैंसर उपचार और अनुसंधान केंद्र चलाने वाली एक प्रमुख संस्था टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) को कैंसर रोगियों के बेहतर उपचार के लिए आईसीआईसीआई बैंक ने 1,200 करोड़ रुपए का योगदान देने की घोषणा की। आईसीआईसीआई बैंक अपने सीएसआर फंड से 7.5 लाख वर्ग फुट के संयुक्त क्षेत्र में फैली तीन नई इमारतों की स्थापना के लिए राशि प्रदान करेगा। साथ ही महाराष्ट्र में नवी मुंबई, पंजाब में मुल्लांपुर और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में टीएमसी के केंद्रों को अत्याधुनिक मशीनों से लैस करेगा। आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने इस प्रतिबद्धता को व्यक्त करने के लिए टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रेसिडेंट संजय दत्ता और टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक डॉ आर ए बडवे ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन गिरीश चंद्र चतुर्वेदी और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप बत्रा भी मौजूद थे। श्री चतुर्वेदी ने मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल में डॉ. बडवे और श्री बत्रा की उपस्थिति में आईसीआईसीआई एमआरआई सुविधा का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन गिरीश चंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि 'आईसीआईसीआई बैंक के पास देश की सेवा करने की लंबी विरासत है। वही टाटा मेमोरियल सेंटर के डायरेक्टर डॉ. आर. ए. बडवे ने कहा कि देश भर में कैंसर देखभाल में सुधार के लिए सबसे बड़ी सीएसआर पहल शुरू करने के लिए हम आईसीआईसीआई फाउंडेशन के बहुत आभारी हैं।




## टाटा स्टील लॉग प्रोडक्ट्स ऐश माउंट में लगायेगा 40 हजार से अधिक पौधे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित टाटा स्टील लॉग प्रोडक्ट्स लिमिटेड कम्पनी परिसर में स्थित ऐश माउंट के करीब 30 एकड़ बंजर भूमि को समृद्ध हरे जैव विविधता पार्क में परिवर्तित करने की दिशा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 500 से अधिक पौधारोपण कर मिशन का शुभारम्भ किया गया। बताया गया है कि ऐश माउंट में कुल 40 हजार से अधिक पौधे लगाये जाऐंगे। पौधारोपण कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेन्द्र प्रसाद सिंह ने पौधा लगाकर किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वरीय अधिकारी अमृता मिश्रा सहित टीएसएलपीएल कम्पनी के सीनियर जीएम (स्टील) रंजन कुमार सिंह की अगुवाई में कम्पनी के अन्य अधिकारियों ने उत्साह के साथ पौधारोपण किया।

## जेएमए ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सत्र आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संजीव पॉल (पूर्व उपाध्यक्ष (सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता), टाटा स्टील) के साथ एक सत्र का आयोजन किया। सेंटर फॉर एक्सीलेंस में सस्टेनेबिलिटी ऑफ प्लानेट अर्थ विषय पर सत्र आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील, टीएसयूआईएसएल, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स, टाटा पिगमेंट आदि के प्रतिनिधियों सहित 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, एक्सएलआरआई, जमशेदपुर स्थित एसएमई, जेएमए बोर्ड और प्रबंधन समिति के सदस्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। चाणक्य चौधरी, अध्यक्ष-जेएमए और उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट सर्विसेज), टाटा स्टील ने सत्र में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया और श्री पॉल का परिचय कराया। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री पॉल ने इस बारे में अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे मानव क्रियाएं पृथ्वी पर जीवन की स्थिरता के लिए हानिकारक रही हैं। जबकि ग्रह अपने आप में टिकाऊ है, पृथ्वी पर जीवन तभी टिकाऊ है जब निवासी खुद को एक जिम्मेदार तरीके से संचालित करते हैं। इस विषय पर व्यापक जागरूकता पैदा करने की दिशा में संजीव पॉल के प्रयासों को स्वीकार करते हुए अध्यक्ष जेएमए द्वारा संजीव पॉल को प्रशंसा का प्रतीक भेंट किया गया।



## साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** साप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कक्ष में उपायुक्त अरवा राजकमल ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से अपनी समस्याओं को लेकर आए फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए। आज के जनता दरबार में अधिकतर मामले भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, विद्यालय सम्बन्धित एवं स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित मामले लेकर लोग आए थे। तुरंत निराकरण योग्य मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। कुछ अन्य प्रकार के मामले संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश सहित हस्तांतरित किए गए।



## भारत ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने किया पौधारोपण कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धातकीडीह स्थित बेल्डीह स्पोर्ट्स कॉर्नर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं एवं खिलाड़ियों शामिल हुए। कोच शहाबुद्दीन ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें साथ ही इसके संरक्षण के लिए एकजुट होकर प्रयास करें। इस मौके पर अली रजा खान, संजीव मिश्रा ,संजय सिंह, सिकंदर अंसारी, दाऊद, खान ,आबिद, बबलू सिंह ,अभिषेक, रवि, सरस्वती दास ,अंजली कुमारी, हर्षिता, आफताब, प्रत्यूष कुमार, हर्ष आदि थे।



## टाटा स्टील ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, कई कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, जिसमें कई वृक्षारोपण अभियान सहित जमशेदपुर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीआरएम बारा ट्रांसपोर्ट पार्क में सुबह वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया, इसके बाद न्यू बारा फ्लैट्स, एग्रिको कॉलोनी में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जहां ममता प्रियदर्शी, डिवीज़नल वन अधिकारी, जमशेदपुर वन प्रभाग और चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज इस अवसर पर उपस्थित थे। टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स के अंदर कई वृक्षारोपण अभियान आयोजित किए गए जिनमें स्कल्प्चर पार्क, गेट पास सेक्शन, आई ब्लास्ट फर्नेस, पेलेट प्लांट, लाइम प्लांट, ट्यूब डिवीजन जैसे अन्य स्थान शामिल हैं। वृक्षारोपण अभियान के दौरान टाटा स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इन स्थानों पर एक दिन में 5000 से अधिक पौधे रोपे गए। टाटा स्टील के पर्यावरण विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य ने नियोजित सभी गतिविधियों को मनाने के लिए बेल्डीह क्लब में एक समापन समारोह भी आयोजित किया। इस कार्यक्रम में एक विशेषज्ञ वक्ता द्वारा एक वेबिनार और पर्यावरण उत्कृष्टता हरित पुरस्कार समारोह भी शामिल था। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. टाटा एल रघु राम, इकोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी के लिए एफएसी के अध्यक्ष और एक्सएलआरआई जमशेदपुर में रणनीतिक प्रबंधन के एसोसिएट प्रोफेसर थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील थे, जबकि विशिष्ट अतिथि चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील थे। इस कार्यक्रम में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मई के अंतिम सप्ताह में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, क्विज और कविता प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं के लिए एक पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया।



## गोलमुरी नियोजनालय में आयोजित मिनी रोजगार मेला में 74 चयनित, 731 शॉर्टलिस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी, जमशेदपुर के कार्यालय परिसर में जिले के विभिन्न नियोजकों से प्राप्त कुल 1356 रिक्तियों के विरूद्ध एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। टाटा मोटर्स टेल्को के लिए ग्रेजुएट एप्रेंटिसशिप , डिप्लोमा एप्रेंटिसशिप- टेक्नीशियन अंडर नेट्स तथा आईटीआई एप्रेंटिसशिप (डेजिग्नेटेड ट्रेड्स) अंडर नैप्स का कुल 500 रिक्तियाँ, युवा शक्ति फाउंडेशन, जमशेदपुर के लिए नैप्स एवं बीओपीटी के लिए कुल 70 पद, टैलेंट नेक्सा सर्विसेज के लिए वेल्डर, फिटर, ड्रेसर (हेल्पर) का कुल 100 पदों, स्ट्रीम डिजिटल सर्विसेज के लिए टेली सैल्स एसोसिएट्स हेतु कुल 100 पद एवं टीके कंस्ट्रक्शन हेतु अलग-अलग कुल 466 पदों के रिक्तियों के लिए किया गया। योग्तया 8वीं पास से लेकर इन्टरपास, स्नातक, आईटीआई, डिल्पोमा, बीटेक तक था । उक्त मिनी रोजगार मेला में लगभग 1200 अभ्यार्थियों के द्वारा भाग लिया गया। नियोजकों के द्वारा निम्नांकित रूप से शॉर्टलिस्ट एवं चयनित किया गया। बम बैजु, नियोजन पदाधिकारी, प्रियंका भारती, नियोजन पदाधिकारी तथा कार्यालय के कर्मियों के देख-रेख में मिनी रोजगार मेला का सफल संचालन किया गया।




## छोटी छोटी जागरूक प्रयासों से हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं : राजीव रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था बिरसा युवा मंच द्वारा वॉकिंग अलोंग यूथ के सहयोग से दलमा ट्रेक का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 100 से ज्यादा 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवा पंजीकरण कर भाग लिए। पूर्व आईपीएस राजीव रंजन ने कहा की जिस प्रकार भारत देश का शीष हिमालय है, उसकी प्रकार जमशेदपुर के उत्तर में विराजमान दलमा हिल्स है जो पूरे शहर की ऑक्सीजन दायिनी है। लोग आजकल टूरिज्म के नाम पर हिल्स पर गंदगी एवं कचरा फैलाते है। उससे प्रकृति एवं जंगल को भारी खतरा है। इस ट्रेक कार्यक्रम का प्रारंभ एनएच 33 स्थित वेव इंटरनेशनल से सभी भाग लेने वाले युवा इकट्ठा हुए जहां राजीव रंजन सिंह द्वारा बच्चो को उचित दिशा निर्देश एवं शुभकामनाएं दिया। 9 किलोमीटर ट्रेक के बाद हिल्स की चोटी पर पर्यटक स्थल पर सभी सदस्यों द्वारा पड़े कचरों का सफाई किया गया। मौका पर वॉकिंग अलोंग योथ के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, बिरसा मुंडा मंच के दीपक सिंह, अशोक सिंह मुंडा, सुखदेव सिंह,अनिल कुमार सिंह एवं चांडिल के डीएसपी संजय सिंह, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी मदन मोहन सिंह, अरविंद सिंह एवं 100 से अधिक की संख्या में शामिल थे।



# शिक्षा के क्षेत्र में 'सिख विजडम' के रुप में सीजीपीसी की बड़ी शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिख छात्र-छात्राओं के बीच अलख जगाने हेतु सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) ने शिक्षा विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक मुहिम छेड़ दी है और इस मुहिम का नाम दिया गया है सिख विजडम। मंगलवार को एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने बताया की शिक्षा विकास को लेकर वे और उनकी पूरी टीम विशेषकर शिक्षा विंग पूरी तरह मुस्तैद व गंभीर है। भगवान सिंह का कहना है सिख विजडम शिक्षा विकास क्षेत्र में वरदान साबित होगा कर भविष्य के स्कॉलर्स पैदा करेगा। शिक्षा विंग के कुलविंदर सिंह पन्नू और महासचिव अमरजीत सिंह ने साफ किया कि पिछले दिनों जो सिख बच्चों के लिए ग्यारहवीं और बारहवीं की कक्षा तक की निःशुल्क कोचिंग की घोषणा की गयी थी दरअसल उसी मुहिम का नामकरण करते हुए सिख विजडम नाम दिया गया है। भगवान सिंह ने बताया की मनप्रीत भाटिया क्लासेज के मनप्रीत सिंह भाटिया और मास्टर माइंडस के मनदीप सिंह भाटिया ने कोचिंग सेवा देने की सहर्ष सहमति दी है। पंजीकरण की प्रक्रिया अभी भी चल रही है जो 15 जून तक चलेगी। शिक्षाविद मनप्रीत सिंह भाटिया और मनदीप सिंह भाटिया ने विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि कोचिंग सेंटर की शुरुआत आगामी 18 जून को होगी जहां कक्षा 11वीं तथा 12वीं के तीनो स्ट्रिम के छात्रों का नामांकन यहाँ लिया जा रहा है, और इसके लिए रेजिस्ट्रेशन शुरू हो चूका है, पहले चरण मे अब तक करीब 100 से अधिक छात्रों का रेजिस्ट्रेशन किया जा चूका है। इस अवसर पर महासचिव अमरजीत सिंह, सलाहकार गुरुचरण सिंह बिल्ला, शिक्षा विंग के कुलविंदर सिंह पन्नू, परविंदर सिंह सोहेल, अमरजीत भामरा, सुखदेव सिंह बिट्टू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




## कुचाई के बीआरसी में प्रखंड शिक्षा समिति सहायक अध्यापकों का हुआ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के सचिव के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा समिति में सहायक अध्यापकों के एक प्रतिनिधि को सम्मिलित करने को लेकर प्रखंड संसाधन केंद्र कुचाई में प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी की अध्यक्षता में सहायक अध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अनुसार प्राथमिक स्तर वर्ग 6 से 8 के लिए चयनित सहायक अध्यापक के लिए चयनित प्रशासनिक एवं अनुशासनिक प्राधिकार प्रखंड शिक्षा समिति के अधीन होगा। सरकार द्वारा सहायक अध्यापकों के मानदेय में प्रतिवर्ष 4 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी किया जाना है। अध्यापकों के संतोष प्रद सेवा की पुष्टि पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर गठित कमेटी के अनुमोदन के उपरांत ही मानदेय वृद्धि का लाभ सहायक अध्यापकों को मिल सकेगा। प्रखंड स्तरीय समिति में प्रखंड प्रमुख जबकि पंचायत स्तर पर गठित समिति में मुख्य अध्यक्ष होंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुजाता कुजूर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी अंबुजा राज लक्ष्मी प्रखंड साधन सेवी मिहिर कुमार दास पदमलोचन महतो लेखापाल कृष्णा मोहन महतो आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरे

### बिना ग्राम सभा के लाभुक समिति कि गठन का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बसिया पंचायत के ग्राम पिण्डारकोम में कल्याण विभाग द्वारा सरना स्थल की घेराबंदी एवं सरहुल माण्डर देवस्थान के संरक्षण व विकास कार्य की स्वीकृति किया गया था। पिंडरकोम के ग्रामीणों ने कल्याण विभाग में आवेदन सौंपी है। आवेदन में ग्रामीण ने लिखा है कि बिना ग्राम सभा के बैठक आयोजन किये एवं लाभुक समिति कि गठन किये वगैर ही संवेदक द्वारा सरना स्थल का घेराव कार्य आरंभ कर दिया गया है। जिसका हमलोग विरोध करते हैं ,पहले ग्राम सभा कराया जाये उसके बाद ही सरना स्थल का घेराव किया जाये। कार्य स्थल पर जब पाहन पुजार इस विषय पर संवेदक से बात करने गये तो हमलोगों को डांट कर भगा दिया जा रहा है। इसी विषय को जिला कल्याण पदाधिकारी को आवेदन ग्राम पिण्डारकोम के निवासी द्वारा दी है।

# उपायुक्त ने जनता ददरबार के माध्यम से सुनी आए हुए आमजनों की समस्याएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार मे उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता भी मौजूद थे। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया ।तालाब के गहरीकरण हेतु ग्राम नवडीहा से आये जन प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्वनिर्मित हरैया आहर मिट्टी एवं अन्य प्राकृतिक कारणों से भर गया है जिसके कारण तालाब का अस्तित्व खतरे में हैं। उन्होंने उक्त तालाब का गहरीकरण जनहित में करने की अर्जी की है जिससे कि क्षेत्र की जनता के समक्ष जल संकट का समाधान हो सके। उग्रवादी हिंसा पीड़ित आश्रितों को नौकरी हेतु ग्राम भौराज से आये निवासी ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु उग्रवादी हिंसा के दौरान हो गई थी। उन्होंने आवेदन देते हुए गुहार किया है कि उनके मृत पिता के स्थान पर उन्हें नौकरी पर नियुक्त करने की कृपा की जाएगा।अन्य समस्याओं में मुख्य रूप से आवास संबंधित, भूमि संबंधित, आंगनबाड़ी संबंधित मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# चतरा के शिक्षाविद राष्ट्रीय अधिवेशन में किये गए सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** पुरी, उड़ीसा में आयोजित प्राईवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के 10 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में चतरा जिले के 8 शिक्षाविद को क्वालिटी एजुकेशन के लिए एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड एवम सीमित संसाधन में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्त मंत्री झारखंड सरकार डॉ रामेश्वर उरांव एवं पसावा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर एजुकेशनिस्ट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन में चतरा के शिक्षाविद नीरज कुमार, प्रदेश महासचिव, पसावा, सुनीता सहाय, डायरेक्टर, गॉडफ्रे स्कूल चतरा, नेसार अंसारी, प्रिंसिपल, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल,चतरा, श्री बचन पांडे, डायरेक्टर, एस डी एल सी पब्लिक स्कूल, एदला, सिमरिया आशा पांडे, प्रिंसिपल, एसडीएलसी पब्लिक स्कूल, एदला, सिमरिया, प्रवीण प्रकाश सिंह, चतरा जिला अध्यक्ष, पसावा, श्रीमती बेबी कुमारी, प्रिंसिपल, रामकृष्ण परमहंस स्कूल, सिमरिया, रघुवीर राम, प्रिंसिपल, एपेक्स एकेडमी, प्रतापपुर को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के संगठनात्मक विकास एवं अपने विद्यालय के बच्चों के गुणात्मक विकास के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# छह माह से जलमीनार खराब, ग्रामीण परेशान



**महुआडाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र की दुरूप पंचायत के बर दव नी कला ग्राम के ग्रामीण इन दिनों पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। लगभग किलोमीटर दूरी से पेयजल लाकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं लोग। वही मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सोलर प्लेट आधारित जल मीनार लगभग 6 माह पूर्व से खराब पड़ा हुआ है जिसके कारण लगभग 400 अबादी वाली गांव बर कला के लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं ग्रामीण लगभग 1 किलोमीटर चापानल से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है चापाकल खराब होने के बाद ग्रामीणों के बीच पेयजल को लेकर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।संबंधित विभाग से हम स्थानीय ग्रामीण मांग सोलर प्लेट आधारित जल मीनार को ठीक करवाया जाए जिससे कि हम ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके। बताया कि इस गांव में कम से कम 2 जल मीनार की जरूरत है परंतु एक ही जल मीनार से हम ग्रामीण लोग काम चलाते थे वही सोलर प्लेट आधारित जलमिनार व चापानल खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की घोर समस्या हो गई है इसलिए जल्द से जल्द क्षेत्र के जनप्रतिनिधि संबंधित विभाग से आग्रह है कि हम ग्रामीणों को चापाकल व सोलर प्लेट आधारित जल मीनार को ठीक करवा कर पेयजल के संकट से दूर करवाया जाए ताकि हम लोग शुद्ध पेयजल का लाभ उठा सकें।

# चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो जागरूकता वाहन को बीडीओ नीतू सिंह ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय से राज्य स्तरीय चुप्पी तोड़ो स्वच्छ रहो अभियान के तहत जागरूकता रथ वाहन को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने हरी झंडी दिखा कर क्षेत्र में जागरूक करने के लिए रवाना किया गया। यह अभियान उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के अंतर्गत 5 जून से 12 जून तक चलने वाले चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो के तहत किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं पंचायती राज विभाग के सयुंक्त प्रयास से 12 जून 2023 तक माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अभियान चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो का आयोजन किया गया है। उक्त अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता सम्बंधित चुनौतियों यथा उचित स्वच्छता, स्वस्थ व्यवहार, अनुकूल शौचालय, सुरक्षित वातावरण आदि के बारे में जन जागरूकता हेतु माहवारी स्वच्छता जागरूकता रथ गांव-गांव पहुंच कर लोगों को जागरुक करेगी। मौके पर दर्जनों प्रखण्ड के कर्मी एवं अन्य लोग शामिल थे।

# चोरकारी पावर ग्रिड से टंडवा में शुरू हुआ विद्युत आपूर्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** चोरकारी पॉवर ग्रिड से टंडवा में शुरू हुआ विद्युत आपूर्ति। सोमवार की शाम करम मोड़ पॉवर सब स्टेशन को चोरकारी पॉवर ग्रीड से जोड़ कर विद्युत आपूर्ति में विद्युत विभाग के एसडीओ वीरेंद्र उरांव, विधायक जिला प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, बिजली विभाग जिला विधायक प्रतिनिधि रंजीत कुमार गुप्ता, गोविन्द तिवारी की विशेष उपस्थिति में चालू किया गया। एसडीओ बिरेंद्र उरांव व प्रतिनिधियों की टीम ने बताया कि अब टंडवा करम मोड़ पॉवर सब स्टेशन अब पूरी तरह डीभीसी कमांड एरिया से मुक्त हो गया है । अब उपभोक्ताओं को जीरो कट पावर मिलेगा। विद्युत उपभोक्ताओं में इस सूचना से हर्ष व्याप्त है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में के के वर्मा (निदेशक, वितरण एवम परियोजना ~ झारखण्ड बिजली वितरण निगम) से मिलकर विद्युत आपूर्ति पूर्णतः ठीक करने की बात हुई थी। साथ ही कुछ महीने पहले हजारीबाग प्रमंडल के जी एम अशोक कुमार सिन्हा से प्रतिनिधियों का एक टीम मिलकर चोरकारी से जोड़ने का आग्रह किया गया था। सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा भी इसके लिए विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया था। जीएम श्री सिन्हा पूरी संवेदनशीलता के साथ इसे चोरकारी से जोड़वाने में भूमिका निभाई। जीएम के प्रति विद्युत आपूर्ति के इस कदम के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस विशेष मौके पर शिक्षा, स्वास्थ विभाग के विधायक प्रतिनिधि गणेश प्रसाद साहू उर्फ ललित साहु, मंडल महामंत्री सुनील चौरसिया, रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, अध्यापक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष समाजसेवी शिक्षक सुमन भारतीय, प्रकाश सिन्हा व अन्य उपस्थित थे।

## परम पूज्य श्री राजन जी महाराज पहुंचे लातेहार

# श्रीराम वाटिका और निशुल्क अन्नपूर्णा भोजन वितरण का किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** देश के प्रसिद्ध श्री राम कथा वाचक परम पूज्य राजन जी महाराज सोमवार को लातेहार पहुंचे। यहां उन्होंने श्री राम वाटिका तथा निशुल्क अन्नपूर्णा भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं राजन जी महाराज के द्वारा श्री राम कथा का वाचन भी किया किया।मौके पर श्री राम कथा का वाचन करते हुए राजन जी महाराज ने कहा कि कलयुग में ईश्वर से साक्षात्कार करने का एकमात्र माध्यम सच्चे मन से भगवान का भजन करना और भजन सुनना है।उन्होंने कहा कि जो भी लोग सच्चे मन से भगवान के भजन करते हैं, और उनके भजन को सुनते हैं, उनका कल्याण भगवान निश्चित रूप से करते हैं। उन्होंने श्री राम वाटिका के संचालक रामनाथ अग्रवाल की तारीफ करते हुए कहा कि इन्होंने अपने प्रतिष्ठान का नाम श्री राम वाटिका रखा। श्री राम एक नाम है, जिसके सुमिरन मात्र से मानव जीव का कल्याण हो, जाता है। वहीं उन्होंने ने कहा कि निशुल्क अन्नपूर्णा भोजन वितरण का कार्यक्रम काफी सराहनीय है।इससे पूर्व श्री राजन जी महाराज के लातेहार आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। श्रद्धालु उनके चरण छूने के लिए बेताब दिखे । मौके पर श्रीराम वाटिका के संचालक रामनाथ अग्रवाल ने स्वामी जी से अनुरोध किया कि अगले वर्ष लातेहार पधार कर रामकथा के माध्यम से लातेहार वासियों को कृतार्थ करें।इस मौके पर परम पूज्य विनय जी महाराज, प्रमोद सारस्वत, बजरंगी अग्रवाल, श्याम किशोर अग्रवाल, अमित किशोर अग्रवाल, पंडित संतोष कुमार मिश्र समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन दो मामले आए लंबित

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अनचल परिसर के अंतर्गत अंचल ऑफिस में मंगलवार को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां दो पुराने मामले लंबीत चल रहा है। बता दें कि दो पुराने मामले का सुनवाई किया गया है। जिसमें झम्मन भुइयां बनाम अशोक यादव नयाखाप गांव अगली सुनवाई तक रखा गया है। एवं जयराम यादव बनाम टेको माहतो इंदिरा गांव का मामला अंचल कोर्ट में लमबीत बताया गया है।

# नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के आरोप में एक अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के पिंजनी गाँव मे एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। पीड़िता के लिखित आवेदन पर कुन्दा थाना में 32/23 के तहत मामला दर्ज कर रेप के अभियुक्त खपिया गांव निवासी नन्दू साव को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। बताया जाता हैं कि अभियुक्त का उसी गांव में किराना का दुकान हैं। थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर पोक्सो एक्ट व एससी,एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया हैं।

# श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारीयातु :** प्रखंड अंतर्गत डाढा पंचायत के बचरा गांव में चल रहे सप्त दिवसीय रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा आज मंगलवार को शुभ पुर्ण आहुति एवं विशाल भंडारा के आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं द्वारा हवन यज्ञ किया गया। अयोध्या धाम से आए आचार्य अनुज शुक्ला जी, आचार्य गोविन्द शुक्ला जी एवं वैदिक विद्वानों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण व कर्म काण्ड के साथ पुर्ण आहुति का कार्य संपन्न कराया गया इस अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष कमल किशोर सिन्हा, उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, सचिव रवि शंकर सिन्हा, उपसचिव रामधीन राम, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, उपकोषाध्यक्ष अवधेश लाल सुरेश प्रजापति भीम प्रजापति रघु प्रजापति अरुण प्रजापति पंचायत मुखिया सुरेश उरांव, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बारियातू थाना परिसर में बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने मंगलवार को थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी सहित सभी एसआई, पुलिस कर्मियों को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ सुरेश राम ने पुलिस कर्मियों को बताया कि किसी व्यक्ति की दुर्घटना हो जाने पर सर्वप्रथम प्राथमिक उपचार बिना समय गंवाए कैसे करेंगे इस संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। वंही कहा कि थाना को फर्स्ट एड किट (दवा) भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से एसआई बिंदेश्वर महतो, दीपक नारायण सिंह, रवि कुमार, बालेश्वर गंझू, निरज दूबे, मिथलेश सिंह, द्ववारीका नाथ पांडेय, राजेश महतो सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीओ ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक ने मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वस्वच्छता रत को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके तहत चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के चौथे चरण की शुरुआत हो गई है।जागरूकता रथ 12 जून तक प्रखंड के सभी पंचायत के सभी गांवों में घूम घूम प्रचार करेगी। एवं माहवारी स्वच्छता के बारे में महिलाओं व किशोरियों को जागरूक करेगी। आगे बताए कि जागरूकता रथ का उद्देश्य महिलाओं व किशोरियों में माहवारी के दौरान हाइजीन व स्वच्छता को बढ़ाना है। इससे जुड़ी भ्रांतियों को उजागर करना है। सही ज्ञान व निरंतर सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त प्रयास तथा यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ कर चलाया जा रहा है। मौके मैं ब्लॉक बड़ा बाबू रामदेव ठाकुर स्वयंसेवक सदाम आलम एवं कई प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने चंदा कर बिजली के खम्भे व तार का कराया मरम्मत

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीजली विभाग के सौतेला पन को देखते हुए बालूभांग पंचायत के ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर मंगलवार को गिरे बीजली खम्बा व तार को करा रहे हैं दुरूस्त। ग्रामीण पंकज यादव, अभिषेशक यादव, राजकुमार गंझु, परमेंद्र गंझु, दिलीप यादव, लवकेश यादव, महेंद्र गंझु, इनेश गंझु, निर्मल गंझु, आशीष यादव, सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बीते एक पखवाड़ा पूर्व हुई तेज वर्षा व आंधी के कारण बालूभांग से हेरनहोपा तक लगभग 15 बीजली के खम्बा व तार गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिस कारण लगभग 10-12 टोला मोहल्ला मे बीजली बाधीत हो गई थी. बीजली नहीं रहने से बच्चों की पढाई पूरी तरह टप हो गई है। इसे देखते हुये हम सभी ग्रामीण विभाग को सुचना देकर गिरे बीजली के खम्बा व तार को जल्द दुरुस्त कराने की मांग किया था। 15 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई पहल नहीं किया गया तब जाकर हम सभी ग्रामीण चंदा इकट्ठा कर गिरे बीजली के खम्बा एंव क्षतिग्रस्त तार को दुरुस्त करने मे लगे हैं।

## पैसों के लोभ में नौनिहालों का जान संकट में डाल रहे हैं निजी स्कूलों के संचालक

# व्यवस्थाओं की उड़ा रहे धज्जियां, शिक्षा को बना दिया व्यापार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लावालौंग :** प्रखंड मुख्यालय स्थित दो आवासीय स्कूलों लिटिल फ्लावर एवं प्रतिमा ज्योति आवासीय स्कूल एवं बाजारटांड़ स्थित डिस्कवरी प्ले स्कूल के द्वारा सरकार के आदेशों को ताक पर रखकर नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।ज्ञात हो कि तपती धूप व चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार नें तत्काल आगामी 11 जून तक सभी कैटेगरी के स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। आदेश के आलोक में लावालौंग के सभी सरकारी व निजी विद्यालय पूर्ण रूप से बंद है।परंतु बारियातु,मनिका के साथ-साथ लावालौंग के डिस्कवरी प्ले स्कूल के संचालक के द्वारा सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए स्कूल का संचालन किया जा रहा है।उक्त दो आवासीय विद्यालय 5 जून से संचालित किए जा रहे हैं। वहीं डिस्कवरी प्ले स्कूल एक सप्ताह पूर्व से ही खुलेआम संचालित हो रहा है।इन स्कूलों में कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जो हॉस्टल में ना रह कर छः सात किलोमीटर दूर से आते हैं।और छुट्टी होने के बाद चिलचिलाती धूप में पैदल घर जाते हैं।ऐसे में आग उगलते इस मौसम में बच्चों का क्या हाल होगा यह अंदाजा लगाया जा सकता है। व्यवस्था विहीन हैं स्कूल- उक्त स्कूलों में ना तो बच्चों के रहने का कोई उचित व्यवस्था है और ना ही पढ़ने का।दोनों आवासीय स्कूलों में मासूम बच्चे जमीन पर सोने को मजबूर हैं। जबकि आसपास घना जंगल होने के कारण सांप बिच्छू का बेहद खतरा बना हुआ रहता है।वहीं स्कूल के कमरों में खिड़की और बिजली की उचित व्यवस्था तक नहीं है।बच्चों को यहां ऐसे रखा जा रहा है मानो काजी हाउस में जानवरों को रखा गया हो। दसवीं पास हैं शिक्षक- उक्त सभी विद्यालयों में शिक्षकों की बात करें तो यहां 10 वीं 12 वीं पास शिक्षक ही बच्चों के बागडोर को निर्धारित कर रहे हैं।आवासीय विद्यालयों के डायरेक्टर व शिक्षक बच्चों को हाफ पैंट और गंजी में पढ़ाते नजर आए।ऐसे में बच्चों के अंदर कौन सा संस्कार भरा जाएगा यह भी ऊपर वाले पर ही निर्भर करता है।स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए बोर्ड तक की व्यवस्था नहीं है। बच्चों को सोने जागने एवं अन्य क्रियाकलापों का कोई रूटीन नहीं। बासी खाने को मजबूर हैं बच्चे- बच्चों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि तीनों टाइम हमें खाने में चावल ही दिया जाता है। वहीं जो खाना दिन में बच जाता है उसी को रात में और रात में बचा हुआ खाना दिन में खाने के लिए हमें मजबूर किया जाता है। अब ऐसे में अभिभावकों की चेतना और सोच की भी दाद देनी पड़ेगी कि क्या अभिभावकों के लिए बच्चे बोझ हैं जो बिना विधि व्यवस्था देखें बच्चों को जेल से भी बदतर जिंदगी जीने को मजबूर कर रहे हैं। सख्त कार्रवाई होगी- बीईओ उक्त विषय के संबंध में बीईओ संतोष कुमार सिंह को जानकारी दिए जाने पर उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से संचालित उक्त स्कूलों की जानकारी मुझे नहीं है।अगर स्कूल संचालकों के द्वारा मासूम बच्चों के भविष्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ किया जा रहा है तो स्कूल को सील कर संचालकों पर सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

# गला घोटकर युवक की हत्या

**➲परिजनों ने आपसी रंजिश को लेकर हत्या करने का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** थाना क्षेत्र के भौरुडीह से सनसनीखेज मामला सामने आया है।भौरुडीह गांव में युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई है।युवक की पहचान भैरूडीह गांव के लखन यादव के 18 वर्षीय पुत्र नंदकिशोर यादव के रूप में की गई है। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है।इधर परिजनों का आरोप है कि गांव के ही युवको ने बेरहमी से पिट पिट कर व गला दबाकर हत्या कर दी है।मामले की खुलासा तब हुवी जब कई घण्टे बीत जाने के बाद भी युवक घर नहीं लौटा, खोजबीन के क्रम में पता चला की एक नवनिर्मित घर मे शव पड़ा हुवा है।मृतक के पिता ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग किया है।आवेदन में बताया है कि रविवार शाम को नंदकिशोर पास के गांव में ही तिलक समारोह में शामिल होने गया था।नंदकिशोर जब घर नही लौटा तो परिजन खोज बिन में जुट गए लेकिन नही मिला।नंदकिशोर को इसी के गोतिया के बन रहे घर मे शव पड़ा मिला।इसकी जानकारी तब हुई जब एक महिला कुछ काम से घर जा रही थी वही आनन फानन में महिला ने इसकी जानकारी परिजनों को दी।इसके बाद कुंदा पुलिस को सूचना दिया गया।वही परिजनों का कहना है लौटते वक्त दिनेश कुमार यादव, मुंदेश कु यादव दोनों के पिता तारो यादव, व अरुण कुमार यादव, राहुल कुमार यादव दोनों के पिता अजय यादव सभी लोग भौरुडीह गांव के हैं।इनलोगो के द्वारा पूर्व में धमकी दिया गया था कि नंदकिशोर को जान से मार देगें इसके बाद सभी मिलकर रविवार की रात में मेरे पुत्र नंदकिशोर को मार पीट कर गला दबा कर हत्या कर कर दिया।आवेदन में आगे लिखा हुआ है कि तारो यादव पिता स्वर्गीय हरदेव यादव द्वारा धमकी दिया गया था कि आपका पूरा खानदान को खत्म कर देगें।वहीं पुलिस ने पोस्टपार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया।वहीं इस सम्बंध में थाना प्रभारी कौशल किशोर सिंह ने बताया की 6 लोगों के ऊपर मामला दर्ज कर लिया गया है।आरोपी के धर पकड़ को लेकर छापामारी की जा रही है।आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा।आगे इन्होंने बताया कि हत्या के कारण आपसी रंजिश या प्रेम प्रसंग है जिसकी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों की समस्या को लेकर परीक्षा नियंत्रक से मिला छात्र मोर्चा



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्र संघ के ज़िला अध्यक्ष लड्डू यादव के अध्यक्षता में दर्जनों छात्र आज परीक्षा नियत्रक से मिले।छात्रों में सभी छात्र कॉमर्स विभाग के थे।छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से मिल कर बताया कि विश्वविद्यालय की सेमेस्टर की परीक्षा और सी.एस की परीक्षा कि तिथि जो इसी महीने की 26 और 28 तारीख़ को है वो एक दिन ही है,जिससे छात्रों को समस्या हो रही है इस में छात्रों को किसी एक परीक्षा को छोड़ना पड़ेगा।इस मामले में लड्डू यादव ने कहा की चूँकि सी.एस की परीक्षा केंद्र के द्वारा आयोजित कि जाती है इस लिए विश्वविद्यालय को चाहिए की छात्र हित को ध्यान में रखते हुए तत्काल परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाए।छात्र मोर्चा के प्रतिनिधि मण्डल में शामिल थे सुनील कुसवाहा,साजन कुमार,अनिल कुमार, विकेश, अनिकेत,, अनुज, विकास,शंकर,अभिजीत कुमार,सुरीति कुमारी, राजनंदनी, सूरज कुमार,ज्योति कुमारी के साथ दर्जनों उपस्थित थे।

### सोसाइटी ने ग्रामीणों के बीच बांटे पौधे



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने पीटीपीएस डैम के किनारे तालाटांड घाट पर 15 पेड़ के पौधे का वृक्षारोपण किया । साथ ही लगभग 30 फलदार वृक्ष का पौधा ग्रामीणों के बीच वितरित किया गया ढ्ढ संस्था के संयोजक सुजीत कुमार पटेल ने बताया है कि संस्था हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 1 सप्ताह का पखवाड़ा चलाकर अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण करती है ढ्ढ तथा लोगों के बीच फलदार पौधे का वितरण भी किया जाता है । मंगलवार को तालाटांड घाट पर बाहर से आने वाले सैलानियों एवं नाविकों की सुविधा को ध्यान रखते हुए घाट पर छायादार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया । मौके पर पूर्व मुखिया दिलीप सिंह समाजसेवी वारिस खान अनिल सिह राजीव पाठक मुन्ना तिवारी एवम नाविकों की ओर से मो0 तारिक रजा परवेज नौशाद छोटू अफरीदी सुल्तान नौशाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

### नाई समाज मैट्रिक व इंटर पास छात्र-छात्राओं को करेगा सम्मानित



**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला स्तरीय नाई समाज की बैठक हुई जिसमें मंगलवार को अपराहन 12:30 बजे स्थानीय स्टेप बाय स्टेप स्कूल के प्रांगण में रामगढ़ जिला नाई समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रो पूर्ण कांत कुमार ठाकुर ने किया, संचालन जिला सचिव लालचंद ठाकुर ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन जिला संरक्षक दिलीप कुमार शर्मा ने किया आज के बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामगढ़ जिला के सभी प्रखंड के नाई जाति परिवार के मैट्रिक एवं इंटर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को द 18 जून दिन रविवार को स्थानीय स्टेप बाय स्टेप स्कूल रामगढ़ ब्लॉक के समीप (के जी टी अस्पताल )के पीछे के प्रांगण में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही तीनों संकाय के रामगढ़ जिला टॉपर को भी सम्मानित किया जाएगा आज के बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अपना अपना विचार प्रस्तुत किए जिसमें से मुख्य रूप से रामगढ़ ओमेंस कॉलेज के प्राध्यापक प्रोफेसर प्रणीत कुमार ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष, श्री कृष्णा ठाकुर, उपाध्यक्ष नूतन आनंद ठाकुर उपाध्यक्ष अशोक शर्मा प्रेस प्रवक्ता महेश ठाकुर सदस्य ने संबोधित किया। आज के बैठक में समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत रामगढ़ जिले में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान परियोजना निदेशक आत्मा के द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत रामगढ़ जिले में कुल 13079 लाभुकों का चयन किया गया है जिनमें 8623 लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित किया गया है शेष लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने हेतु कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में कुल 1146 लाभुकों का ईकेवाईसी किया जाना बाकी है। इस संबंध में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को तीव्र गति से कार्य करते हुए जल्द से जल्द शेष लाभुकों का ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण कर सभी लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के मुख्य उद्देश्य :- प्रस्तावित योजना का उद्देश्य झारखण्ड राज्य के अल्पावधि कृषि ऋण धारक कृषक को ऋण के बोझ से राहत देना है। योजना के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं-

फसल ऋण धारक की ऋण पात्रता में सुधार लाना। नये फसल ऋण प्राप्ति सुनिश्चित करना। कृषक समुदाय के पलायन को रोकना। कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना। .

योजना की मुख्य विशेषताएँ- बैंक द्वारा आधार कार्ड और राशन कार्ड से आच्छादित स्टैंडर्ड चष्ष्ट स्ह्रह्र के विवरण, ऋण माफ़ी पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे ज़् 31 मार्च, 2020 तक के मानक फसल ऋणी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। 31 मार्च, 2020 तक के मानक फसल ऋण बकाया खातों में 50000/- रूपये तक के बकाया राशि माफ किये जायेंगे।

## साहू समाज नें लगाया एकदिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के साहू समाज के द्वारा साहू धर्मशाला पर एक दिवसीय हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया इस इस कैंप में दीप प्रज्वलित कर समाज के सचिव राकेश गुप्ता ने डॉक्टर महेश कुशवाहा को बुके देकर सम्मान किया इस कैंप में रांची के जाने-माने पारस हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुशवाहा वह फिजिशियन डॉक्टर रोहित के द्वारा निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप में ईसीजी ब्लड शुगर बोर्ड ऑक्सीजन आदि जैसे जांच मुफ्त में की गई एवं डॉ महेश कुशवाह ने हृदय रोग से संबंधित मरीजों के बीच जानकारी दी इस कैंप में रामगढ़ के सैकड़ों की संख्या में मरीजों ने इस कैंप का फायदा उठाया ।

## रामगढ़ एसपी ने नवप्रोन्नत 25 पुलिस अवर निरीक्षक को रैंक लगाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के द्वारा नवप्रोन्नत 25 पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में रैंक लगाया गया साथ ही नए पद के उत्तरदायित्व के प्रति मार्गदर्शन दिया गया । रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने बताया गया कि वे अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक हों, स्वास्थ्य का ध्यान रखें तथा आम जनता के साथ विनम्रता एवं प्रोफेशनल एटीट्यूड के साथ व्यवहार करें ।इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ किशोर कुमार रजक ,पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजीव कुमार ,परिचारी प्रवर, परिचारी एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित थे ।

## बहनों के घर पंहुचकर सदर विधायक ने भेंट किया लहंगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मगंलवार को विधायक मनीष जायसवाल सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड और दारू प्रखंड के आधा दर्जनों बहनों के घर पंहुचे और उनके शादी से पूर्व उन्हें अपनी ओर से आकर्षक लहंगा भेंट किया। सदर प्रखंड के ग्राम मेरू निवासी स्व. महावीर पांडेय की सुपुत्री, महादेव राम की सुपुत्री, कृष्णा प्रसाद की सुपुत्री और विजय ठाकुर की सुपुत्री एवं दारु प्रखंड के दारू पंचायत के बासोबार निवासी विजय प्रसाद की सुपुत्री और इरगा पंचायत के बड़का इरगा निवासी भीम राणा की सुपुत्री को उनके घर पहुंचकर लहंगा भेंट किया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने सदर प्रखंड दौरे के क्रम में लाखे और रोला एवं दारू प्रखंड दौरे के क्रम में ग्राम चिरुवा और जिनगा में लोगों से मिलकर उनकी समस्या जानी और यथासंभव समाधान का भरोसा जताया। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की हजारीबाग की किसी भी बेटी के कन्यादान में यथासंभव सहयोग कर पाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है । मौके पर विशेष रूप से भाजपा कार्यकर्ता सीताराम मेहता, दारु विधायक प्रतिनिधि बालदेव कुमार, दारु सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार, विकास कुमार यादव, लखन यादव, रामनारायण कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## बड़कागांव पुलिस ने अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर को किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस ने अवैध बालू कारोबार को लेकर सघन छापेमारी की जिसमें पुलिस ने 4 बालू लदा ट्रैक्टर जप्त किया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अवैध बालू के कारोबार को रोकने हेतु छापामारी का निर्देश दिया गया था।जिसके आलोक में बड़कागांव अंचल निरीक्षक अनोज कुमार के नेतृत्व में बालू उत्खनन एवं परिवहन को लेकर जांच किया गया।जांच के क्रम में बड़कागांव दाता बाबा मजार के पास बालू लदा पावर ट्रैक्टर 434 प्लस JHO2BA 4876, पावर ट्रैक्टर 434 प्लस नंबर अंकित नहीं, महिंद्रा ट्रैक्टर JHO2A 8554 एवं महिंद्रा ट्रैक्टर मॉडल 265 डीआई नंबर अंकित नहीं।

कुल 4 ट्रैक्टर जप्त कर थाने लाया गया है। अवैध रूप से बालू उत्खनन एवं परिवहन करके झारखंड सरकार के राजस्व में भारी क्षति की जा रही है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। जप्त चार ट्रैक्टर मामले को लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# झारखंड के लिए संवदेनशील वक्त, सबको लेनी होगी जिम्मेवारी : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जनसंवाद यात्रा लगातार अपने उद्देश्यों में सफल हो रही है। यात्रा बरही विधानसभा के चंदवारा प्रखंड में प्रवेश कर चुकी है।वक्ता लगातार जनता के समक्ष अपने विचारों को रख रहे हैं। झारखंड एवं झारखंडी भावनाओं को जनता के बीच पहुँचा रहे हैं।संजय मेहता स्थानीय नीति, नियोजन नीति, खनन नीति, पुनर्वास नीति, निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण एवं स्थानीय नेतृत्व के मसले पर लगातार तथ्यों के साथ बातों को रख रहे हैं।संजय मेहता ने चंदवारा के थाम में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को स्पष्ट स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति की सख्त जरूरत है। यह नीति झारखंडी भावनाओं के अनुरूप होनी चाहिए। जब तक यह नीति स्पष्ट नहीं होगी झारखंडियों का हक मारा जाता रहेगा।संजय मेहता ने कहा कि देश का कोई भी नागरिक एक प्रदेश का स्थाई निवासी हो सकता है, सबका नहीं। यह साधारण समझ की बात है।इसलिए किसी को भी किसी प्रदेश का स्थाई निवासी नहीं कह सकते। इसका एक आधार होना ही चाहिए।संजय मेहता ने अपने भाषण में संयुक्त बिहार के समय के एक आदेश की प्रति का हवाला दिया है। जिसमें कहा गया है कि स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा का आधार जिला को ही माना जाये। जिला के अंदर अपने या अपने पूर्वजों के नाम जमीन, बासगीत आदि का उल्लेख पिछले सर्वे रिकार्ड ऑफ राईटरों में दर्ज हो, उन्हें जिला के दायरे में स्थानीय माना जाना चाहिए।संजय में मेहता ने एक तथ्य का हवाला देते हुए कहा कि आदेश पत्र संख्या-3/स्था0नी0-50 14/81-806 पटना, 15 दिनांक-3 मार्च, 1982'' के आधार पर झारखंड में भी स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति तय किया जाना बेहतर होगा।15 नवम्बर 2000 को झारखंड गठन के पश्चात बिहार सरकार के अधिकांश नियम, कानून नवसृजित राज्य झारखंड में भी अंगीकृत किए गए। परंतु स्थानीय नीति का मसला साजिश के तहत लटका दिया गया।संजय मेहता ने कहा कि अविभाजित बिहार राज्य की स्थापना 1912 में हुई थी, उससे भी पूर्व ब्रिटिश साम्राज्य शासनकाल में तथा आजाद भारत में भी अलग-अलग समय में पहले कैडेस्ट्रेल सर्वे एवं बाद में रीविजनल सर्वे हुआ था। 1932 को आधार मानते हुए उसके पहले के सर्वे एवं जिला स्तर के अंतिम सर्वे को शामिल कर लेने से स्थानीय नीति पूरे राज्य के लिए बेहतर होगा।

## रथयात्रा महोत्सव के लिए युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को आमंत्रण



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से लगातार भक्ति भाव का माहौल देखने को मिल रहा है इसी भक्ति भाव के माहौल में आगामी 20 जून को हजारीबाग जिला से कुछ दूरी पर स्थित चौपारण में श्री जगन्नाथ मंदिर बैजनाथ नगर सियरकोनी मे श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महामहोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्य में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा को आमंत्रित करने के लिए आयोजक समिति की एक टीम श्री अजमेरा के कार्यालय परिसर मंगलवार को पहुंची, जहां पर भगवान जगन्नाथ की तस्वीर भेंट कर कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया।

कार्यक्रम 20 जून 2023 को रथयात्रा सुबह 10ः00 बजे सियरकोनी से बिगहा तक निकाली जाएगी वही संध्या 5ः00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम,कथा, कीर्तन भजन के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। 21 जून को संध्या 5ः00 से 9ः00 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम कथा कीर्तन के पश्चात महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया जाएगा वही 23 जून को रथ की वापसी होगी समस्त कार्यक्रम में आयोजक समिति की ओर से शहर वासियों को आमंत्रित किया गया है।

मौके पर हर्ष अजमेरा ने भगवान जगन्नाथ की तस्वीर को माथे से लगाकर प्रणाम करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में सम्मिलित होने से मन काफी प्रसन्न होता है। साथ ही आयोजक मंडली का आभार जताया।

मौके पर आयोजन समिति में सियरकोनी में विराजमान जगरनाथ मंदिर के पदाधिकारी सह इस्कॉन से जुड़े डॉ केशव नंद प्रभु सहित कई लोग मौजूद थे।

## गौशाला मे छप्पन भोग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में मंगलवार को दोपहर 2ः00 से भव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत सर्वप्रथम राधा कृष्ण मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत प्रारंभ हुआ। जिसके बाद सभी गौ भक्तों ने गौ माता को भोग लगाया। छप्पन भोग में गौ भक्तों की उत्साह काफी देखने को मिली। गौ भक्तों के साथ उनके बच्चे भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। छप्पन भोग व्यंजन में गुड, उरद दाल, मसूर दाल, रोटी, पुरी,चोकर, जलेबी, बुंदिया सहित अनेकों प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया।

मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सह पूर्व सचिव गौशाला चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से गौ भक्तों में काफी प्रसन्नता होती है।कार्यक्रम के दौरान गौ भक्तों की उत्साह को देखकर मन प्रसन्न हुआ। प्रचंड गर्मी में भी लोग गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता को आस्था के साथ भोग लगाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी गौ भक्तों का बहुत-बहुत साधुवाद।

मौके पर ञ्जक्क बजरंग अग्रवाल, फतेहचंद अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय कुमार,रितेश खण्डेलवाल,प्रणीत जैन,विकाश तिवारी,विकाश केशरी,लता जैन,मेघा जैन,मंजू जैन,स्वेता अग्रवाल, प्रिशा जैन, अर्हम जैन,अर्शिव जैन,अंकुर जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## अरगड्डा में गरीब महिलाएं फैक्ट्रियों के रिजेक्ट से अवशेष चुनने में लगे, प्रदूषण का खतरा बढ़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल क्षेत्र के अरगड्डा दो नंबर ऑफिसर कॉलोनी के सामने मुख्य सड़क पर क्षेत्र के फैक्ट्रियों के रिजेक्ट डस्टो को गिराया जा रहा हैं। प्रतिदिन दर्जनों गरीब महिलाएं रिजेक्ट डंम से लोहा, तांबे, स्पंज की अवशेषों को चुनते देखे जा सकते हैं। इनके साथ छोटे बड़े बच्चे भी आते हैं। इससे रोगों का बढ़ने का भी खतरा उत्पन्न होता जा रहा हैं। लगातार गिर रहे फैक्ट्रियों के खराब अवशेषों से हरा भरा क्षेत्र प्रदूषित होते जा रहे हैं। यहां की हरियाली दूषित होती जा रही हैं। आस-पास की जमीन पर भी इसका असर पड़ रहा हैं। इधर इसे लेकर मंगलवार को सीसीएल सुरक्षा विभाग ने बताया कि बीते दिनों वन विभाग को इस संदर्भ में पत्र लिखकर अवगत कराया गया हैं। लेकिन अभी तक कार्रवाई का असर दिखाई नहीं पड़ रहा हैं। जबकि असामाजिक तत्व क्षेत्र को प्रदूषित करने के लिए लगातार लगे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि यह सभी कारनामे जमीन दबाने और कमीशन खोरी के कारण अंजाम दिए जा रहे हैं। जिसे रोकने वाला कोई नहीं हैं।

## जलीय स्रोतों का अतिक्रमण मुक्त करें जिला प्रशासन : सुरजीत नागवाला

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने जलीय स्रोत के अतिक्रमण को लेकर दिया उपायुक्त को आवेदन, और किया कार्रवाई का आग्रह। कांग्रेसओबीसी के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने कहा की हजारीबाग जिला में अभी हाल के दिनों में तकरीबन 60 एकड़ जमीन सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। जिसके लिए जिला प्रशासन को साधुवाद ,साथ ही साथ विदित एक 2 साल से जितने भी जलीय स्रोत है यथा विकास नगर का नाला, बुंदेल नगर का नाला, कृष्णापुरी नाला ,कुम्हार टोली का नाला समेत तमाम जलीय स्रोतों का जो अतिक्रमण हजारीबाग में तेजी से हुआ है उसे भी मुक्त कराने का आग्रह जिला प्रशासन से किया है। हम लोगों ने सरकारी जमीन और जलीय स्रोतों के अतिक्रमण को लेकर लगातार आंदोलन और भूख हड़ताल तक किया है, हजारीबाग में जलीय स्रोतों के अतिक्रमण के कारण थोड़ी सी भी बारिश होने पर बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस जा रहा है साथ ही साथ हजारीबाग का जलस्तर नीचे जा रहा है और हजारीबाग ड्राइ जोन में परिवर्तित होता जा रहा है, जो कि हजारीबाग के लिए अच्छा नहीं है। यह एक गंभीर विषय है। इसलिए उपायुक्त को आवेदन देकर के हम ने आग्रह किया है, की जलीय स्रोतों और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और हजारीबाग के लोगों को इस ड्राई जोन वाली समस्या से निजात दिलाया जाए।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सीग्राम के आर एस ने अपने ब्रांड एंबेस्डर सुपरस्टार रणवीर सिंह के साथ अपना नया लाइव इट लार्ज कैंपेन शुरू किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीग्राम का आर एस हमेशा से ही सपनों को नए पंख लगाने, उन्हें पूरा करने और बिंदास जिंदगी जीने की भावना मिसाल रहा है। यह साल बेहद खास है क्योंकि ब्रांड नए लाइव इट लार्ज कैंपन के लांच के साथ एक महा बदलाव की यात्रा पर है। यह कैंपेन आज की जनरेशन की भावना और नजरिये को दर्शाता है, यह जनरेशन विशाल है जो कामयाबी के रास्तों की नई परिभाषा गढ़ने का प्रयास करती है। इस प्रभावशाली नए कैंपेन में आपको बॉलीवुड के पावरहाउस सुपरस्टार रणवीर सिंह नजर आएंगे, जो आज न केवल देश से सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं बल्कि अपनी जनरेशन के बेस्ट एक्टरों में भी उनका नाम लिया जाता है। ब्रांड के कैंपेन के नजरिये को दर्शाते हुए हम इसे संपूर्ण चाहते हैं, हम इसे आज चाहते हैं। हम हैं जनरेशन लार्ज। रणवीर आर एस की उभरती नई फिलोसफी को अच्छी तरह से चित्रित करते हैं यह हमारी जिंदगी है। हम इसे बिंदास जीते हैं। इस फिल्म में आपको अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जैसे कि सूर्यकुमार यादव और एबी डीविलियर्स भी नजर आएंगे।इस नए कैंपेन से ब्रांड एक बड़ी जनरेशन की आवाज को मजबूत करना चाहता है, ये वो जनरेशन है जो ट्रेंड बनाती है और इन्हें इन्नोवेटर के रूप में देखा जाता है। कैंपेन ब्रांड को ऐसे युवा दर्शकों से जुडने की दिशा में कदम उठाने में मदद करता है जो सामाजिक बदलाव और रोमांच की इच्छा रखते हैं।

## सुरक्षा विभाग ने मैंगजीन का किया निरीक्षण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सुरक्षा विभाग अरगड्डा क्षेत्र व सिरका यूनिट के द्वारा एक साथ मैंगजीन( बारुद घर) सिरका कक्ष व आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। मंगलवार को बताया गया कि यह सुरक्षा विभाग के द्वारा रूटिंग कार्य हैं। जिसमें मैगजीन की स्थिति, जवानों की समस्या समेत जरूरी मापदंडों को देखा जाता हैं। मौके पर सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम, सुरक्षा सिरका इंचार्ज देवनाथ महतो व अन्य प्रहरी उपस्थित थे।

## मझलाचुंबा मैं राष्ट्रीय ध्वज स्थल का असामाजिक तत्वों द्वारा पुताई करने का मामला प्रकाश में आया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना गिद्दी क्षेत्र के मांडू प्रखंड पंचायत मंझला चुम्बा में राष्टीय ध्वज स्थल को असमाजिक तत्वों द्वारा पुताई कर वीडियो फैलाने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया हैं। इससे क्षेत्र में अस्थिरता का माहौल पैदा हो गया हैं। इस संबंध में मंझला चुम्बा मुखिया लक्ष्मी देवी ने थाना गिद्दी में गांव के ही असामाजिक तत्व बिरजू सिंह के द्वारा राष्टीय ध्वज स्थल पुताई वीडियो बनाकर फैलाने, गलत नियत से तिरंगा ध्वज स्थल को अपमानित करने, गांव के लोगों को भड़काने, जान से मारने की धमकी देने, अपना पुतला जलाने, योजनाओं में कमीशन मांगने, पंचायत भवन गेट के समीप हड़िया, दारु की बोतल पड़े देखे जाने संबंधी बातें आवेदन पत्र में लिखा। साथी ही पुलिस से जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया हैं। इधर मामले के सामने आने के बाद से ही जैसे-जैसे ग्रामीणों में यह खबर फैलती जा रही हैं। लोगों में आक्रोश, दहशत और मनमाने असामाजिक तत्वों के बढ़ावा का गलत संदेश चल रहा हैं। वहीं इस पर गिद्दी पुलिस कानूनी रूप से क्या कदम उठाती हैं, इस पर मंझला चुम्बा मुखिया और ग्रामीणों की नजर बनी हुई हैं।

## डा. राजीव गुप्ता को रिम्स के प्रभारी निदेशक बनने पर अमित साहू ने दी बधाई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के जाने-माने नेत्र चिकित्सक और रिम्स के नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता को रिम्स के प्रभारी निदेशक बनने पर रामगढ़ के युवा समाजसेवी एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सह भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष अमित साहू ने बधाई देते हुए कहा है कि आज रामगढ़ वासियों के लिए गौरवान्वित होने वाला पल है। और रामगढ़ वासियों के लिए गर्व की बात है। श्री साहू ने कहा कि डॉ गुप्ता एक प्रखर एवं सुलझे हुए व्यक्तित्व है। रिम्स के निदेशक के रूप में डॉ गुप्ता रिम्स के इतिहास मे मील का पत्थर साबित होंगे। और वर्तमान परिवेश में रिम्स की व्यवस्था को स्मृद्ध करने में डॉक्टर गुप्ता का महती भूमिका होगा। अमित साहू ने डॉ राजीव गुप्ता को रिम्स का निदेशक बनाने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का आभार जताया है।

## अस्तित्व में जिसके जन-मंगल हो , जिसके बिना नहीं आज न कल हो ,वृक्ष हैं प्रहरी पर्यावरण के, संवर्धन में अविलंब पहल हो

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ ब्लॉक अस्पताल के समीप स्थित बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति के कार्यालय व तत्वावधान में पर्यावरण दिवस के अविस्मरणीय अवसर पर वृक्षारोपण के द्वारा जन-मंगल का अनूठा संदेश दिया गया। आमंत्रित सदस्याओं तथा पूर्व सदस्याओं की गरिमापूर्ण उपस्थिति में रामगढ़ जिला इकाई प्रमुख मल्लिका दत्ता ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में प्रदुषण एक चुनौती बन चुका है और पर्यावरण के संरक्षण के लिए वृक्ष प्रकृति के द्वारा प्राप्त वरदान के समान हैं।

## सहकर सर्दी, गर्म हवाएं, गीत सदा जनहित के गाएं, हैं प्राणवायु के जो अवतारी, आओ चलो कुछ वृक्ष लगाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के गांधी चौक के समीप स्थित अंबेडकर पार्क के प्रांगण एवं ÷भारत विकास परिषद्÷ की राजा राममोहन राय शाखा के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के बहुमूल्य अवसर पर वृक्षारोपण द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया गया। इस आशा और विश्वास के साथ कि पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता का बीजारोपण हो सके। परिषद के सदस्यों ने पहले निर्विकार भाव से स्थल की सफाई की तथा सभी आगत सदस्यों के सामुहिक सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। कहा जाता है कि जिस व्यक्ति के हृदय में प्रकृति के प्रति अनुराग न हो वह मानवीय गुणों से परे समझा जाता है , जबकि अंतस में उपस्थित संवेदना उसे सदैव प्रकृति के समीप ले आती है। वृक्षों का इस संदर्भ में अति महत्वपूर्ण योगदान है। वर्षा , लकड़ी , फल और प्राणवायु के ये अद्भुत अवतारी हैं। हमारी उत्कृष्ट संस्कृति में इसीलिए वृक्षों को पूजने की भी अद्भुत परंपरा है। क्रमशः सभी सदस्यों ने अपनी भागीदारी से पर्यावरण दिवस की प्रासंगिकता को सार्थक करने का सुंदर प्रयास किया। समीप स्थित गांधी जी तथा अंबेडकर जी की प्रतिमा पर सामुहिक माल्यार्पण भी किया गया तथा एक संक्षिप्त विचार गोष्ठी भी संपन्न हुई।समापन के पूर्व उड़ीसा के बालासोर के समीप हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना में असमय काल कवलित हुए सैकड़ों दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए विशेष प्रार्थना के पश्चात दो मिनट का मौन रखा गया।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का एक दिवसीय, केंद्रीय अधिवेशन होगा ऐतिहासिक : रोशनलाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रजरप्पा :** रजरप्पा स्थित ऑफिसर क्लब में आगामी 10 जून को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का एक दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन आहूत किया गया है। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश मौजूद रहेंगे। केंद्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर सोमवार देर एजेकेएसएस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिवेशन की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने कहा किएजेकेएसएस का केंद्रीय अधिवेशन पूरी तरह से भव्य व ऐतिहासिक होगा। इसमें पूरे सीसीएल से सैकड़ों एजेकेएसएस कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष रविंद्र वर्मा व संचालन सचिव सुरेश राम ने किया। मौके पर युगल किशोर, शोभा बड़ाइक, शिवशंकर महतो, बशीर अंसारी, किशुनलाल साव, रसिक तांती सहित कई मौजूद थे।

## 7 और 8 जून को होगा भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी का बाजपेई का दौरा, वरिष्ट कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी महा-जनसंपर्क अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर मंगलवार संध्या भाजपा जिला कार्यालय के सभागार में भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं प्रभारियों की बैठक आयोजित हुई । इस बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने एवं मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक सह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने एवं विषय प्रवेश जिला महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू ने करवाया।सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित सभी मंडल अध्यक्ष्यों से महासंपर्क अभियान के तहत चलाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर उनकी तैयारियों का ब्योरा के साथ विशेष रूप से झारखंड के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई के दो दिवसीय हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में होने वाले दौरे की तैयारी को लेकर ब्योरा लिया। प्रदेश प्रभारी के दौरे की विस्तृत जानकारी देते हुए अभियान टोली के मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की कार्यक्रम को विस्तार देते हुए महासंपर्क अभियान के तहत 7 जून बुधवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र में भाजपा जिला कार्यालय के समीप दिगवार में होने वाले वरिष्ट कार्यकर्ता सम्मेलन के अंर्तगत मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई उपस्थित होंगे साथ हीं राष्टीय मंत्री डॉक नागेंद्र सिंह रैना एवं लोकसभा कलस्टर प्रभारी मनोज सिंह उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता में शामिल होकर साथ में भोजन करेंगे।

## विश्व पर्यावरण पर्यावरण दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी को आज सम्मानित किया गया. जिसमें मिशन लाईफ अंतर्गत निम्न थीम पर जिसमें उर्जा बचाना, जल बचाना, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम करना, दीर्घकालिक खाद्य पद्धितियां अपनाना, कूडा कचरा कम करना, स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाना और इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करना पर पेंटिंग प्रतियोगिता आधारित थी। जिसे केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमण्डल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ॠतु राज एवं एसएसपी प्रवीन पुष्कर नें पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके तहत प्रथम पुरस्कार वाले को पांच हजार रूपया, द्वितीय पुरस्कार वाले को तीन हजार एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले दो हजार रूपया, चतुर्थ पुरस्कार पाने वाले को एक हजार रूपया, पंचम स्थान प्राप्त करने वाले को पांच सौ पुरस्कार की राशि प्रदान की गई। प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागी सिद्धांत कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय, द्वितीय पुरस्कार सुजाता कुमारी आरपीवाईटीटी, एवं लवली कुमार जवाहर नवोदय पुरस्कार पाने वाले शामिल है।

## गर्मी के मद्देनजर 17 जून तक आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में हुआ बदलाव

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्म पका पोषाहार तथा शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 3 से 6 वर्ष के बच्चों को कर्मी के प्रकोप से बचाने के उद्देश्य से जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन 17 जून 2023 तक निर्धारित दिनचर्या के स्थान पर प्रातः 6:30 से 9:30 बजे तक किया गया है।

## माहवारी स्वच्छता रथ को किया हरी झंडी दिखाकर रवाना



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया ,कोडरमा अंतर्गत चुप्पी तोड़ो-स्वस्थ रहो राज्य स्तरीय अभियान के चौथे चरण का आयोजन की शुरूआत माहवारी स्वच्छता रथ रवाना हरी झंडी दिखाकर किया गया। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माहवारी स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । माहवारी में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उदेश्य से रथ के माध्यम से माईकिंग ( ऑडियो सांग्स ) द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों में माहवारी के दौरान हाइजीन और स्वच्छता के महत्व को संगीत के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। दिनांक 05.06.2023 से दिनांक 12.06. 2023 तक ÷चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का विषय- माहवारी संबंधित चुनौतियों को जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय स्थिरता को समुदाय के दृष्टिकोण से दूर करना तथा आवश्यक समाधानों को प्रोत्साहित करने पर केन्द्रित है।



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा

**शुद्धि–पत्र**

लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा अन्तर्गत प्रकाशित अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–DMFT/MID/KODERMA/ F2-03/2023-24 Date-05-06-2023 जिसका PR No. 299192 दिनांक 05.06.2023 में अंकित कार्य पूर्ण करने की अवधि (06) छः माह के स्थान पर (09) नौ माह पढ़ा जाय ।

शेष सभी शर्त्ते यथावत् रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता,
PR 299268 Minor Irrigation(23-24).D लघु सिंचाई प्रमंडल,कोडरमा

### झारखंड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

**निविदा रद्ध पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला के अन्तर्गत निकाली गयी अल्पकालिन निविदा संख्या:–01/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA जिसका PR. No .- 297844 Rural Works Department(22-23):D है जिसका पुनर्निविदा–01R1/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक 03. 06.2023 को भेजा गया था। अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।
PR.NO.299342 Rural Work Department(23-24):D

### कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

**-: आम सूचना :-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

उषा किरण पति हीरालाल (मृत)
↓
राजीव नयन (पुत्र) — दीपा रानी

अनुमण्डल पदाधिकारी
सदर, हजारीबाग
PR 299310 Land Reforms (23-24)_D

### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड
### कार्यालय कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, गिरिडीह

**सामयिक सूचना अंक : 3/2023**
**धान में बीजोपचार**

प्रिय किसान बंधुओं,
धान झारखण्ड की मुख्य खरीफ फसल है, जिसकी खेती सर्वाधिक किसानो द्वारा की जाती है। आवश्यक है कि धान की स्वस्थ्य और उत्तम नर्सरी तैयार हो, ताकी फसल से अच्छा उत्पादन प्राप्त हो सके। इस लिए बीजो को उपचारित कर लगाने की अनुशंसा की जाती है। मिट्टी एवं बीज में उपस्थित रोग कारक फसल को रोगी बनाते है, जिससे फसल की उपज में कमी होती है। यदि इन रोग कारकों को पूर्व में ही नश्ट कर दिया जाय तो फसल में रोग होने की संभावना कम हो जाती है। इसके लिए बीज लगाने से पूर्व अनुशंशित रसायन को बीज में मिलाया जाता है। बीजों में रसायन का मिलाना ही बीजोपचार है। बीजोपचार प्रकिया अत्यंत सस्ती एवं सरल है, जिसके द्वारा अल्प श्रम एवं व्यय से बहुत बड़े क्षेत्र की फसल को बचाया जा सकता है। अतः बीज लगाने से पूर्व बीजोपचार कराना न भूलें।

**बीजोपचार क्यों ?**
1.बीजजनित रोगों से सुरक्षा।
2.बीज सड़न में कमी।
3.बेहतर अंकुरण।
4.जड़ मे वृद्वि।
5.प्रतिरोधी क्षमता का विकास।
6.स्वस्थ एवं सुदृढ़ फसल।
7.उत्पादन में वृद्वि।

**धान में बीजोपचार की विधी।**
1.यदि पिछली फसल के बीजो का उपयोग कर रहे है तो 500 ग्रम नमक को 10 लिटर पानी में घोल ले । उसमें धीरे–धीरे बीज डाल दें। हल्के, बीमार, खोखले बीज पानी के उपर तैरने लगेंगे, उन्हे हटा कर बाकी बीजो को साफ पानी से 2–3 बार धो दे ।
2. 10 लीटर पानी में कार्बेन्डाजिम 50 WP, 2 gm प्रति किलो बीज की दर से अथवा ट्राईकोडरमा 5 gm प्रति किलो बीज की दर से मिला ले, और उसमे 8 से 10 घंटों के लिए बीजो को डाल दे।
इस प्रकार बीजोपचार करने से 20–40 दिनों तक बलास्ट जैसे रोगो से बचाव प्राप्त हो सकता है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकरी, गिरिडीह
जिला कृषि पदाधिकारी, गिरिडीह।
PR 299334 (Transport)23-24*D

### कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 06/2023-24 Date – 06-06-2023

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Ambedkar Market complex near Shubhash Chowk in ward No. 18 under Jhumri Telaiya Nagar Parishad | 8425300.00 | 168600.00 | 10000.00 | 180 दिन |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है। Joint Venture / Consortium Entity द्वारा निविदा में भाग लिये जाने की स्थिति में Lead Partner/Member का नगर विकास एवं आवास विभाग की समुचित श्रेणी में निबंधन होना अनिवार्य है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 14.06.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.06.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 22.06.2023 अपराहन 5.00 बजे। नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 23.06.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद
PR 299351 Urban Development(23-24).D

### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक..........................खूँटी, दिनांक...................

**E-Tender Notice**
(Through E-Procurement mode only www.jharkhandtenders.gov.in)
very short E-Tender Reference No. KNP/11/2023-24

1. Details of the work:

| Sl. | Name of work | BOQ (Estimated) Cost (Rs.) | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Installation of 3 nos. 12 Mtr. High Mast Light in Different ward, under Nagar Panchayat, Khunti 2023-24 | 13,87,606/- | 5,000/- | 2% of BOQ amount | 02 Months |
| 2 | Construction of 1000 Nos. R.C.C slab (1M X 0.9M), Under Nagar Panchayat, Khunti 2023-24 | 24,47,571/- | 5,000/- | 2% of BOQ amount | 02 Months |
| 3 | Construction of 1000 Nos. R.C.C slab (0.75M X 0.6M), Under Nagar Panchayat, Khunti 2023-24 | 12,11,932/- | 5,000/- | 2% of BOQ amount | 02 Months |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय : दिनांक 10.06.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 17.06.2023 को 3:00 बजे अपराह्न।
4. बैंक ड्राफ्ट आदि जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान : दिनांक 21.06.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक, नगर पंचायत, खूँटी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : दिनांक 21.06.2023 को 3:00 बजे अपराह्न, कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. निविदा आमंत्रण करने वाले कार्यालय का नाम एवं पताः कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
7. ई–मेल पता : npkhunti2006@gmail.com
8. विज्ञापनदाता दूरभाष संख्या : 7461059733

**नोटः– प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरणी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि में या वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।** ह0/–

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी
PR 299333 Urban Development(23-24)#D

### कार्यालय :– अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पलामू)

Email-supt.pmchpalamu@gmail.com
ज्ञापंक 598 मेदिनीनगर दिनांक 05.06.2023

सरकार के सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं प0 क0 विभाग झारखण्ड रांची के पत्रांक 390 (9) दिनांक 16.09.2019 के आलोक में पलामू में स्थापित नये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट (Non academic) के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को Walk-in-Interview होगा एवं उस दिन अवकाश रहने पर दुसरे दिन Walk-in-Interview होगा तथा दिनांक 14.06.2023 को Walk-in-Interview का आयोजन किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त Walk-in-Interview में वांछित प्रमाण पत्रों मुल एवं छाया प्रति के साथ भाग ले सकते है। रिक्त की विवरणी निम्नवत् है, जो अधिक/कम हो सकती है।

| क0 | मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का नाम | रिक्त पदों की संख्यॉ |
|---|---|---|
| | मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू | 20 |
| 1 | औषधि विभाग | 04 |
| 2 | षिषु रोग विभाग | 02 |
| 3 | टी0बी0 एवं चेस्ट विभाग | 01 |
| 4 | मनसिक रोग विभाग | 01 |
| 5 | सर्जरी विभाग | 04 |
| 6 | हड्डी रोग विभाग | 02 |
| 7 | नाक कान गला विभाग | 00 |
| 8 | स्त्री एवं प्रसुति विभाग | 02 |
| 9 | ऐनेस्थेसिया विभाग | 04 |
| 10 | चर्म रोग विभाग | 00 |
| 11 | ऑख रोग विभाग | 00 |
| | कुल संख्या | 20 |

1. अर्हता– MBBS जो इन्टर्नशीप पुरा किये है।
2. चयन का आधार – Walk-in-Interview के माध्यम से संबंधित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा विहित प्रकिया के अन्तर्गत तत्संबंधी अभिलेखों की जॉच की जायगी। तद्नुसार विभागवार के रिक्त के विरूद्व चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जायगी।
3. नियुक्ति की शर्ते।
(क) इन्हे अधिकतम एक वर्ष के लिए रूपये 41000/– प्रतिमाह मानदेय देय होगा।
(ख) इन्हे सरकारी कर्मचारी को देय आकस्मिक अवकाश अलावे अन्य अवकाश देय नही होगा।
(ग) इन्हे संबंधित विभागाध्यक्ष, अधीक्षक, प्राचार्य एवं विभाग से समय समय पर प्राप्त होने वाले निदेश का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
(घ) सविदा आधारित यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक होगी एवं संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भविष्य में नियमित नियुक्ति का दावा नही किया जायगा। इन्टर्नशीप पुरा करने के चार वर्ष के अन्दर के अभ्यर्थियो का चयन किया जायेगा।
4 अधिकतम उम्र सीमा – अधिकतम उम्र सीमा सभी वर्गो के लिए 40 वर्ष होगी।
5 Walk-in-Interview मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू अवस्थित अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ट (गोलघर) में पूर्वाहन 12:00 बजे से दिनांक 14.06.2023 को सम्पन होग तथा संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु प्रत्येक माह कें द्वितीय बुधवार को Walk-in-Interview होगा एवं उस दिन अवकाश रहने पर दुसरे दिन Walk-in-Interview आयोजन की जाती है।

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू।
PR 299302 Palamu(23-24)D

## जरूरतमंदों के बीच भोजन व पानी वितरित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड



अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान एवं समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा ज़रूरतमंदों के बीच भोजन और पानी वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धनबाद रेलवे स्टेशन के समीप डाईमंड क्रॉसिंग मे हुआ। वहां के झुग्गी झोपड़ी मे रहने वाले सैकड़ों औरत, मर्द और बच्चों ने भोजन और पानी ग्रहण कर आयोजकों को धन्यवाद दिया। मौके पर मुख्तार खान और हाजी ज़मीर आरिफ ने कहा की जनहित के कार्य मे उन्हें एक आत्मिक सुख की अनुभूति प्राप्त होती है जो निरंतर लोगों की सेवा करने की प्रेरणा देती है। लोगों की सेवा करना ही उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य है।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**पूर्वी टुंडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी थाना अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग बड़वाद चौक के नजदीक अज्ञात ऑटो वाहन ने बाइक सवार युवकों को मारी जोरदार टक्कर जिससे बाइक सवार दो युवक के पांव पर गंभीर चोट आई। मिली जानकारी के अनुसार मौके से ऑटो चालक भाग निकला। वहीं घायल रोहित रवानी, वसीम अंसारी को किसी निजी वाहन से बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया है। दुर्घटना के कारण बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## ट्रस्ट के सदस्य ने जन्म दिन पर जरूरतमंद बच्चों संग मनाया जन्मदिन

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय छात्र



शिक्षा व समाजसेवी संस्था स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट द्वारा अपने संस्कृति और सभ्यता को बनाए रखने का काम किया है। ज्ञात हो की संस्था हमेशा पश्चात सभ्यताओं से ऊपर उठकर कार्य करती आ रही है ट्रस्ट के सदस्य श्वेता शर्मा कि जन्मदिन के अवसर पर उनके सहयोग से सिनीडीह, कटहल धौड़ा टूण्डु साइडिंग में जाकर लगभग असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों व लोगो के बीच नाश्ता का पैकेट, चॉकलेट ,ठंडा और कैक बांटकर उनके संग हर्ष उल्लास के साथ अपना जन्म दिवस मनाया वहीं संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष आदित्य राज गयाली व सभी सदस्यों द्वारा बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मौके पर उपस्थित संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष आदित्य राज गयाली, सर्वे टीम प्रभारी अजीत कुमार, रितिक गयाली, नवीन चौहान, सक्रिय सदस्य सनी लाल विद्यार्थी, केदार गयाली, जस्सी सिंह, पप्पू सिंह, हिमांशु कुमार, देव चौहान, प्रियंका शर्मा, श्वेता शर्मा, आकाश कुमार, सुजीत कुमार, मोनू कुमार आदि थे।

## अत्याधुनिक मशीनों से हो रहा दांतो का जटिल इलाज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेकारबांध, गुसेश्वर कंपलेक्स स्थित



भारत डेंटल क्लीनिक में अत्याधुनिक मशीनों एवं अनुभवी दंत विशेषज्ञ डॉ. विजय प्रकाश के दंत डायग्नोसिस से अब धनबाद स्थित क्लीनिक में ही डेंटल इम्प्लांट, दातों में सड़न होने के कारण दर्द, रूट कैनाल ट्रीटमेंट, मसूड़ों की समस्याएं, एक्सट्रैक्शन, फ्लैप सर्जरी, डेंटल क्राउंस, ओरल सर्जरी, डेंटल सीलेंट, फ्लेक्साइट का इलाज उपलब्ध है। डॉ. विजय प्रकाश ने मीडिया से बात करते हुए लोगों को जानकारी दिया कि धनबाद में पहली बार सिर्फ और सिर्फ भारत डेंटल क्लीनिक में दांतों का इलाज अत्याधुनिक मशीन के द्वारा किया जा रहा है। जिन लोगों के दांत नहीं है उन लोगों का दांत का नापी अत्याधुनिक मशीन के द्वारा किया जाता है। उसके बाद उन लोगों का परफेक्ट आकार का दांत लगाया जाता है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि सड़क के किनारे फर्जी दंत शॉप से दूर रहें। लोगों से आग्रह किया की दातों में किसी भी प्रकार की समस्या के लिए भारत डेंटल क्लीनिक में आएं और अपने दांतो की हर समस्या का इलाज एवं परामर्श उचित निर्धारित फीस पर कराएं।

## टुंडी में बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, धनबाद रेफर

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी गोविंदपुर मुख्य मार्ग के लोधरिया



स्थित मोड़ में गत रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे एक मोटरसाइकिल ने पैदल चल रहे युवक मुन्ना चौधरी को जोरदार धक्का मारो दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल एस एन एम एम सी एच धनबाद में भर्ती करा दिया गया है घटना के बाद लोधरिया के ग्रामीणों ने एक जुट होकर टुंडी गोविंदपुर मार्ग को कुछ देर के लिए अवरूद्ध कर दिया इससे सड़क की दोनों और गाड़ियों की लंबी कतार लग गया सूचना पाकर टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल कुजुर अपने सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना में बाइक सवार को भी हल्की चोट लगी। ग्रामीणों ने उसे घटनास्थल पर ही पकड़ कर रखा था मोटरसाइकिल सवार के साथ महिला भी थी फिलहाल मुन्ना चौधरी की हालत गंभीर बनी हुई है टुंडी पुलिस को कड़ी मशक्कत करने के बाद सड़क जाम से निजात मिली इधर बाइक सवार को टुंडी पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अपने साथ ले आयी है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा मंगलवार को झरिया मातृ सदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम के आयोजन में महिला समिति की सदस्यों के अलावा श्री निवास ब्लड बैंक, पाटलिपुत्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के इंचार्ज विनीत मिश्रा, मोकिम अंसारी, ओम पांडे, नरेश दास और उनके सहयोगी सक्रिय रहे।

# झारखंड गतका टीम का शानदार प्रदर्शन, 20 पदकों पर कब्जा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड की सचिव विद्या ने बताया कि पंजाब के जलंधर स्थित निर्मल कुटिया सिचेवाल में आयोजित 3 दिवसीय एक औंकार फेडरेशन गतका कप में झारखंड के गतका के खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 5 रजत और 15 कांस्य पदक सहित कुल 20 पदकों पर कब्जा कर झारखंड का मान बढ़ाया।

राष्ट्रीय सेमिनार व चैम्पियनशिप का उद्घाटन व समापन समारोह मे पुरस्कार वितरण पद्मश्री सम्मान प्राप्त राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सिचेवाल, पंजाब सरकार में केबिनेट मंत्री बलकार सिंह, कमिश्नर बीरेन्द्र सिंह बाजवा, गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव बलजीन्दर सिंह तुर ने किया। चैंपियनशिप में झारखंड टीम के कोच सह मैनेजर धनबाद के पप्पू कुमार, राजीव कुमार सिंह, सुमित बर्मन और पदमा प्रियदर्शनी थी।

झारखंड के गतका खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष केशव हड़ोदिया, कोषाध्यक्ष दिनेश मंडल, मो. तोराब खान, पंचम शर्मा ने बधाई दी है। चैम्पियनशिप को सफल बनाने मे सरपंच तेजिंदर सिंह तेजी, गुरविंदर कौर का योगदान सराहनीय रहा।

# केन्द्र सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

### राज्य के सीआईटीयु से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का जुटान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैथन :** सीआईटीयू के बैनर तले केंद्रीय सरकार के जनविरोधी एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सीआईटीयू राज्य कमिटी के नेतृत्व में रांची स्थित श्रम उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया।

दिन के 11 बजे प्रर्दशनकारियों ने श्रम उपायुक्त कार्यालय रांची के सामने प्रर्दशन कर अपनी विभिन्न मांगों को रखा। इस कार्यक्रम में राज्य के सीआईटीयु से संबंधित तमाम जगहों से ट्रेड यूनियन के लोग सम्मिलित हुए थे। डीवीसी श्रमिक यूनियन की ओर से कामरेड के के त्रिपाठी, एस के घोष, राजीव तिवारी, एस पी गुप्ता, फूलचंद, किशोर महतो, मुन्ना मरांडी आदि कॉमरेडों ने भाग लिया।

## जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।



जनता दरबार में झरिया से आयी पूजा कुमारी ने अपनी छोटी बहन शालू कुमारी के कैंसर के इलाज हेतु मदद को लेकर उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया की उनकी बहन कैंसर बीमारी से ग्रसित है। जिसका इलाज रांची के कैंसर अस्पताल में चल रहा है। वहां के डॉक्टरों ने उसे टाटा स्मारक हॉस्पिटल में सर्जरी करने के लिए रेफर किया है। जिसकी सर्जरी में तकरीबन ढाई लाख का खर्च बताया गया है। उनके पिता सब्जी विक्रेता है और आर्थिक रुप से कमजोर हैं। उन्होंने उपायुक्त से मदद की गुहार लगाई। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से बात कर मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान बिराजपुर पंचायत से आई 70 वर्षीय अमिया देवी ने विधवा सम्मान पेंशन चालू करवाने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की विधवा सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन की स्वीकृति दिनांक 4 जून 2016 को हुआ था। परंतु आज तक पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया। उपायुक्त ने इस मामले को गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर निष्पादन के निर्देश दिए।

# सांसद से लोगों ने पानी की किल्लत सहित कई समस्याओं के समाधान की रखी मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिनीडीह ट्रेड पॉइन्ट पहुंच कर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। सिनीडीह के स्थानीय नागरिकों ने सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी से महेशपुर पेट्रोल पंप स्थित फोर लाईन सड़क पर आये दिन दुर्घटना हो रही है जिसमें अबतक बहुतों का जान भी जा चुका है विषय को प्रमुखता से रखा। स्थानीय नागरिकों ने सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी से कहा कि पानी की किल्लत से निजात दिलाने एवं बढ़ती अपराध पर अंकुश लगाने की मांग रखी। तथा साथ ही साथ बाघमारा विधानसभा में धनबाद-चंद्रपुरा सवारी गाड़ी, धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, अन्य ट्रेनों की ठहराव की बात रखी। इस मौके पर आजसू पार्टी के



धनबाद जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी, मनोज कुमार महतो, राकेश गयाली, दीपक महतो, प्रेम कुमार तिवारी, बिट्टू चौहान, कुन्दन रजक, संजय रवानी, विपिन प्रसाद, जितन नापीत, सैयद बंटी, गोल्डन तिवारी, चुलबुल सिंह, शेख संटू, अनीश सिंह, रुद्र प्रताप गयाली, शेख तबीब, टिंकू गयाली, सचिन कुमार, रोहित शर्मा, मिंटू गयाली, रंजीत कुमार, माणिक रजक, किशोर नापीत, बैजनाथ चौहान, विकाश सरकार, विक्रम कुमार, विशाल कुमार इत्यादी शामील थे ।

## 20 वर्षो से गांठ से पीड़ित महिला का सदर अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले 20 वर्षो से अपनी पीठ पर हुई एक गांठ से पीड़ित 60 वर्षीय गौरी देवी का सदर अस्पताल में सफलतापूर्वक ऑपरेशन संपन्न हुआ। इसकी जानकारी देते हुए डीआरसीएचओ डॉ संजीव कुमार ने बताया कि गौरी देवी पिछले 20 वर्षो से अपनी पीठ पर एक गांठ को लेकर बहुत



परेशान थी। उन्होंने इसके इलाज के लिए कई जगह परामर्श लिया। परंतु पैसों की कमी के कारण वे अपना इलाज नहीं करा पा रही थी। कुछ लोगों ने उनको सदर अस्पताल में चिकित्सक से मिलने की सलाह दी। सलाह पर वे सदर अस्पताल पहुंची। यहां डॉ संजीव गोलाश ने मरीज की जांच की और उसके उपरांत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। आज मरीज का ऑपरेशन कर गांठ को निकला गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत सामान्य है।

# अनुराधा हत्याकांड पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच शक के घेरे में : प्रो जयप्रकाश वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** मंगलवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता प्रो जयप्रकाश वर्मा अनुराधा हत्याकांड के पीड़ितों से मिलने उनके आवास बैदापहारी पहुंचे। इस बीच पीड़िता के पिता मिथिलेश सिंह से मुलाकात कर विस्तार से घटना की जानकारी लिया। इस बीच श्री वर्मा ने कहा कि अभी तक कि पुलिसिया जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट संदेह के घेरे में है जैसा कि कहा गया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि मृतिका के फेफड़े में पानी भर जाने से उसकी मृत्यु हुई है, परंतु जिस कुवें गिरने से उस बच्ची की मृत्यु हुई है, उस कुवें में मात्र 3 फीट तक हीं पानी है ऐसे में मृतिका के फेफड़े में पानी कैसे भर सकता है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि मृतिका के पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दोबारा जांच कर सही को सही वास्तविक रिपोर्ट सबके सामने लाए। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी, प्रखंड सचिव कृष्ण मुरारी प्रसाद, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवी अंसारी, युवा मोर्चा संगठन सचिव तस्लीम अंसारी, सुरेंद्र कुशवाहा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बीसीसीएल ने पेड़ कटाई के खिलाफ ग्रामीणों का धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एक ओर पुरा देश विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है। लोग पेड़ लगा कर पर्यावरण बचाने को संकल्प ले रहें हैं। वहीं धनबाद के सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चे अपने भविष्य में आक्सीजन की कमी न हो जिसको लेकर चिलचिलाती गर्मी में धरना और प्रर्दशन करने पर मजबुर हैं।

दरअसल बीसीसीएल पुटकी एरिया 13 नम्बर में आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा लगातार बेरहमी से सैकड़ों पेड़ों की कटाई की जा रही है। जिसका विरोध पिछले कई माह से ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

किन्तु बीसीसीएल के अधिकारी पेड़ो की कटाई करने पर अड़े हुए हैं। ग्रामीणो द्वारा पेड़ कटाई




का विरोध करने पर बीसीसीएल के द्वारा ग्रामीणों पर मुकदमा दायर कर दिया गया है। जिसको लेकर आज पर्यावरण बचाव समिती के बैनर तले आज सैकड़ों महिला पुरुष और बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर धरना दे रहे हैं और बीसीसीएल के अधिकारियो को पेड़ कटाई पर रोक लगाने को मांग के साथ उग्र आंदोलन की चेतावनी दे रहें है।

## मनरेगा को लेकर प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित काम में तेजी लाने का निर्देश



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड सभागार में आज मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार के निर्देशानुसार मनरेगा योजना के तहत एक अति आवश्यक बैठक आहूत की गयी जिसमें मानसून के दस्तक देने से पहले सभी कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार आज प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे बी पी ओ उदित कुमार महतो ने उपस्थित सभी पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सेवकों को कहा कि मानसून को देखते हुए काम में तेजी लाये मौके पर बीपीओ उदित कुमार महतो, अभियंता अभिषेक कुमार मेहता अशोक पूर्वे के अलावा सभी पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एसपी रिष्मा रमेशन के हांथों महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट का उद्घाटन

## श्रीराम सेल्स इलेवन ने सूर्या रियलकान इलेवन को तीन विकेट से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आविष्कार डायग्नोस्टिक धनबाद महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के उदघाटन मैच में मंगलवार को श्रीराम सेल्स इलेवन ने सूर्या रियलकान इलेवन को तीन विकेट से हरा दिया। सीसीडब्ल्यूओ मैदान में प्रीमियर लीग का उदघाटन धनबाद की एसपी (ग्रामीण) रिष्मा रमेशन ने किया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता होगी कि यहां से कोई खिलाड़ी ब्लू जर्सी पहनने का गौरव हासिल करे। इस अवसर पर डीसीए के अध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव उत्तम विश्वास, जेएससीए के कार्यकारिणी सदस्य बिनय कुमार सिंह, इश्तियाक अहमद, दिवेन तिवारी, नंदलाल अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, संतोष कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार व अन्य उपस्थित थे। टास सूर्या रियलकान इलेवन ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 144 रन बनाए। दुर्गा कुमारी मुर्मू ने 72 गेंदों पर 72 रनों की पारी खेली और अंत तक आउट नहीं हुई। प्रियंका स्वाई ने 36 गेंदों पर 38 रन बनाए। वहीं श्रीराम सेल्स इलेवन की अंकिता कुमारी मौर्य को एक विकेट मिला। बाद में प्रतिमा कुमारी ने 34 गेंदों पर 46 रनों की तेज



तर्रार नाबाद पारी खेलते हुए श्रीराम सेल्स इलेवन को तीन विकेट की शानदार जीत दिला दी। श्रीराम सेल्स इलेवन ने 18.5 ओवर में सात विकेट पर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया।

# लोहरदगा के भक्सो और रामपुर गांव में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया ग्रामीणो से संवाद

➲गांव विकसित होंगे तो होगा सभी का विकास
➲आपसी संघर्ष से बेहतर है सभी मिलजुल कर करें कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्राम-भक्सो और रामपुर में महामहिम राज्यपाल ने कहा कि लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बेहतर कर रही है और आय का सृजन कर रही हैं। जब गांव विकास होंगे तो निश्चित रूप से हम सभी का विकास होगा। हम सभी के पंथ व समुदाय है बेशक अलग है लेंकिन आपसी संघर्ष से बेहतर है कि सभी मिलजुल कर कार्य करें और गांव में खुशहाली लाएं। उक्त बातें महामहिम राज्यपाल ने आज मंगलवार को लोहरदगा जिला के सदर प्रखण्ड में ग्राम भक्सो ग्राम में आयोजित ग्रामीणों के संवाद कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम से पूर्व महामहिम को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। महामहिम ने कहा कि तमिलनाडु के त्रिसुर से आज लोहरदगा जिला में आने से अपार खुशी मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के रहन-सहन में काफी सुधार हुआ है। लोहरदगा जिला उन जिलों में अग्रणी है जहां लाभुकों उनका अधिकार समय से मिल रहा है। लोहरदगा जिला में 32 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला हुआ है जिनमें से 92 प्रतिशत लोगों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है,जो काफी बेहतर उपलब्धि है। बाबा साहेब भीम राम अंबेडकर आवास योजना में भी अच्छी संख्या में लोगों को लाभ दिया गया है। उज्जवला योजना अंतर्गत महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन मिला हुआ है। बिरसा हरित ग्राम योजना के 2284 लाभुक हैं जिनके



द्वारा 2 लाख से अधिक फलदार और इमारती वृक्षों के पौधे लगाये गये हैं। बागवानी सखियों द्वारा इनका रखरखाव किया जाता है। जलजीवन मिशन अंतर्गत जिला में 35 प्रतिशत उपलब्धि है जो बेहतर है। आप केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानरकारी अवश्य रखें और साथ-साथ दूसरों को भी इन योजनाओं की जानकारी दें ताकि सभी का कल्याण हो सके। राज्यपाल होने के नाते मैं हमेशा लोगों के कल्याण के लिए खड़ा हूं और जिला की बेहतरी के लिए प्रयासरत हूं। जो भी माताएं बहने हैं वे आय का एक साधन अवश्य अपनायें। इसके लिए अपने क्षेत्र की महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ें और आय में वृद्धि करें। शिक्षा के बगैर कोई भी भविष्य नहीं है, इसलिए जो भी अभिभावक हैं वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य प्रदान करें। बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं। महामहिम द्वारा कार्यक्रम के बाद भक्सो में एक आम का पौधा रोपण किया गया। रामपुर पंचायत के रामपुर गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि रामपुर गांव आनेवाले वर्षों में निश्चित रूप से उत्कृष्ट गांव बनेगा। इस क्षेत्र के लोग बहुत जागरूक हैं जो व्यक्तिगत विकास के बारे ना सोचकर समेकित विकास के बारे सोचते हैं। इस क्षेत्र में जो भी सड़कें मरम्मति योग्य हैं उनकी मरम्मति करायी जायेगी। अगर नई सड़कों की आवश्यकता होगी तो उसे भी किसी योजना में लेने का कार्य किया जाएगा। सिंचाई की समस्या दूर करने के लिए नये चेकडैम बनाये जायेंगे। पानी की उपलब्धता के लिए नये चेकडैम बनाये जायेंगे। चिकित्सीय समस्याओं को दूर करने के लिए नये अस्पतालों का भी निर्माण होगा। महामहिम राज्यपाल ने सर्वप्रथम भक्सो ग्राम में आमजनों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों में अमृता लकड़ा द्वारा एलपीजी गैस कनेक्शन, बिजली की समस्या, खराब जलमीनार की समस्या रखी गई। समाजसेवी गोसाई भगत द्वारा मनरेगा मजदूरी दर में बढ़ोत्तरी,विद्युत कनेक्शन,विधवा पेंशन में उम्र कम करने,बारिश में सड़क में जलजमाव की समस्या रखी गई। रामपुर पंचायत में आयोजित ग्रामीणों के साथ संवाद कार्यक्रम में रामचंद्र टाना भगत द्वारा टाना भगतों के भूमि की वापसी,जमीन की बंदोबस्ती,रक्षा शक्ति विवि में पढ़ाई कर चुके युवाओं को रोजगार से जोड़ने, रणधीर सिंह द्वारा जलस्त्रोतों की गहराई बढ़ाने, चेकडैम का निर्माण कराये जाने, फुलदेव भगत ने प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने, पानी की समस्या को दूर करने, विद्युत व्यवस्था में सुधार किये जाने, शंभू सिंह द्वारा सड़कों का निर्माण,एक अस्पताल, सिंचाइ से संबंधित समस्याएं रखी गई।

## समिति ने सांसद को मुक्तिधाम में शेड, चूल्हा व चबूतरा निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय मुक्तिधाम समिति जिला लोहरदगा का एक शिष्टमंडल समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता की अगुवाई में लोहरदगा लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत से मिला। और हरमू भक्सो मुक्तिधाम में शवदाह हेतु शेड, चूल्हा एंव चबूतरा आदि का निर्माण हेतु एक मांगपत्र सौपा। पत्र में कहा गया की बरसात एवं गर्मी आदि के मौसम में शव दाह करने में काफी कठिनाई होती है। शेड शवदाह हेतु चूल्हा एवम चबूतरा की अति आवश्यकता है, इस पर करीबन 10 लाख रु का खर्चा आएगा,जोकि सांसद कोष से देने की मांग की गई। इस पर सांसद महोदय सुदर्शन भगत ने पूर्ण आश्वाशन देते हुए कहा कि, जैसे ही कोष आएगा मैं सबसे पहले प्राथमिकता इसे ही दूंगा। प्रतिनिधि मंडल ने बरसात गिरने के पूर्व करवाने की मांग की आपका सहयोग हर समय हमे मिलता रहा है। प्रतिनिधि मंडल में संसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, समिति अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कोषाध्यकक्ष दीपक सर्राफ, विनोद सिंह, सोहन साहू, अतुल कुमार आदि शामिल थे।

## विद्यालय में लगा समरसेबल मशीन को अज्ञात चोरों ने किया चोरी

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो स्थित केन्द्रीय विद्यालय में लगा समरसेबल का पानी मशीन को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के बरही में संचालित केन्द्रीय विद्यालय में छात्र छात्राओं का तथा छात्रावास का उपयोग के लिये लगाया गया समरसेबल का मशीन को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। वही विद्यालय की प्रचार्या ममता तिर्की ने आवेदन देते हुए बताया कि विद्यालय का सिक्युरिटी गार्ड बाबा उराँव सुबह पानी मशीन चलाने गया तो समरसेबल से पानी नही निकल रहा था। जिसे देखने पर पता चला कि समरसेबल के अन्दर मशीन नही है। जिसे विद्यालय का सिक्युरिटी गार्ड द्वारा हमे जानकारी मिला। प्रचार्या के लिखित आवेदन पर सेन्हा थाना कांड सोंखया 75/23 धारा 379 दर्ज कर सेन्हा थाना पुलीस द्वारा जाँच किया जा रहा है। वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि समरसेबल से मशीन चोरी का आवेदन प्रचार्या द्वारा प्राप्त हुआ है। जिसे संज्ञान में ले कर पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है।

## भाजपाइयों ने राज्यपाल से लोहरदगा के ऐतिहासिक धरोहर को बचाने का किया आग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के 11 वें राज्यपाल महामहिम श्री सी पी राधाकृष्णन से भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट किया। महामहिम राज्यपाल ने भी भाजपा प्रतिनिधिमंडल से गर्म जोशी के साथ मुलाकात की। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के मामले को उनके संज्ञान में लाया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राज्यपाल को बताया कि यह एक ऐतिहासिक उच्च विद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 1931 ईस्वी में बिरला जी एवं लोहरदगा के गणमान्य लोगों के सहयोग से इस विद्यालय की स्थापना की गई थी जिसे बाद में सरकारी करण किया गया। सरकारी करण करने के समय स्पष्ट रूप से विद्यालय का नाम



नदिया ग्राम में होने के कारण नदिया हिंदू उच्च विद्यालय रखा गया इस विद्यालय के नामकरण को नहीं बदलने की बात कही गई थी। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने महामहिम राज्यपाल महोदय को बताया लोहरदगा एक ऐतिहासिक शहर है और लोहरदगा वासी ऐतिहासिक स्थलों में छेड़छाड़ करने से काफी रोष में है। जनता की भावनाओं को देखते हुए महामहिम से आग्रह किया गया उक्त उच्च विद्यालय का नामकरण नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के रूप में ही रखा जाए। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, ओमप्रकाश सिंह, चंद्रशेखर अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, संजय बर्मन एवं अजय पंकज उपस्थित थे।

## कोचिंग संस्थान में चलाया गया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव के, निर्देशानुसार जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि एवम नितेश कुमार के द्वारा सहभागी कंप्यूटर ट्रेनिंग संस्थान सिमडेगा मे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूलों में जागरूकता अभियान के दौरान नितेश कुमार के द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में



यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए अपील किया। **बाइक एवं कार चलाते समय हेलमेट व सीट उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक : अजित कुमार :** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा मेनेजर के द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है, इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें।

## कैरो के गजनी व गाराडीह में पेयजल की भारी समस्या घंटो लाईन लगने पर मिलती है 2 बाल्टी पानी



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड अंतर्गत गजनी व गाराडीह गांव में पेयजल की भारी समस्या है। गांव में मात्र दो सोलर जलापूर्ति योजना चालू हालत में है। जिसमें पूरे गांव के लोग आश्रित हैं।लोगों को घंटों लाइन लगने के बाद एक से दो बाल्टी पानी मिल पाता है। दोनों जलमीनार में सुबह से ही लोग पानी भरने के लिए लोग डब्बा व बाल्टी को लाइन में रख देते हैं। गांव में लगभग सभी हैंडपंप खराब है, कुछ हैंडपंप ठीक है तो उससे पानी बहुत कम मात्रा में निकलता है। गांव की जनसंख्या के अनुसार पेयजल के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। गजनी में प्रतिदिन का यही हाल है लोगों को अपना काम छोड़कर पहले पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। गांव के महिला-पुरुष व बच्चे पानी लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल के लिए कई बार प्रतिनिधियों व पीएचईडी के अधिकारियों से गुहार लगाई गई है बावजूद किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पंचायत की मुखिया सुमन उरांव का कहना है कि पंचायत के सभी गांवों में पेयजल की समस्या है जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## वित्तमंत्री के सौजन्य से लगा बिजली ट्रांसफार्मर को कांग्रेसियों ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** वित्तमंत्री के पहल पर सेन्हा मुस्लिम मुहल्ला के समीप भदय बथान में लगा बिजली ट्रांसफार्मर को पंचायत मुखिया एवं पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने विधिवत किया उद्घाटन। प्रखंड के सेन्हा पंचायत ग्राम के मुस्लिम मूहल्ला में विगत एक सप्ताह पूर्व बिजली ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसको लेकर ग्रामीणों व स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी के पहल से वित्तमंत्री रामेश्वर उराँव से ट्रांसफार्मर लगाने गुहार लगाते हुए बिजली समस्या से अवगत कराया गया था। ग्रामीणों की बिजली समस्या से अवगत होते ही वितमंत्री के पहल से नया ट्रांसफार्मर सेन्हा मुस्लिम मूहल्ला के समीप भदय बथान में लगया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया धनवाज उराँव, बीस सूत्री सदस्य सह पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी, फिरोज अख्तर, रुस्तम अंसारी



सफीक अंसारी सहित किसान वर्ग के लोग संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। मुखिया धनवाज उराँव ने कहा गर्मी को देखते हुए वित्तमंत्री द्वारा अभिलम्ब पहल कर समस्या का निदान कराया गया। जो सराहनीय कार्य है। जबकि पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जमील अंसारी ने कहा ग्रामीणों के शिकायत पर पार्टी कार्यकर्ताओं का सार्थक पहल से वित्तमंत्री रामेश्वर उराँव द्वारा पहल कर जला हुआ ट्रांसफार्मर को हटवा कर नया ट्रांसफार्मर लगया गया है। मौके पर मुखिया धनवाज उराँव, बीस सूत्री सदस्य जमील अन्सारी के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा आयोजित किया गया राजमिस्त्री प्रशिक्षण महोत्सव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** विश्व की तीसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक द्वारा राजमिस्त्री प्रशिक्षण महोत्सव मनाया गया जिसमे अल्ट्राटेक सीमेंट के टेक्निकल मैनेजर इकराम ज़िशान और तकनीकी सहायक धीरज कुमार द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट की विशेषताओं को बताया तथा अल्ट्राटेक द्वारा निर्मित निर्माण में लगने वाले प्रोडक्ट के बारे में बिस्तर से जानकारी दिया साथ ही बताया की अल्ट्राटेक सीमेंट विश्व का तीसरा सबसे बड़ा सीमेंट कंपनी है जिसका इस्तमाल हमारे भारत का सांसद भवन, स्टेचू ऑफ यूनिटी, रेलवे का निर्माण, देश के बड़े हाईवे, डैम के निर्माण में इस्तेमाल किया गया है, प्रशिक्षण महोत्सव में मार्केटिंग मैनेजर मनीष कुमार ए सी डी बिल्डकॉन के प्रोपराइटर आकाश कुमार साहू, डेविड लुगुन, अरविंद लुगुन, अमर तोपनो, प्रफुल लुगुन, निहीमिया तोपनो, बिमल लुगुन, मारवाड़ी अहिर, जाका सिंह, डोमा प्रधान, कृष्णा साहू, पुरन साहू, मिट्ठू राम मौजूद रहे।

## लोहरदगा में एक लाख रुपए का इनामी जेजेएमपी नक्सली गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के बदला ग्राम में छिपकर रह रहे जे जे एम पी का पूर्व सदस्य जिसके ऊपर झारखंड सरकार द्वारा 1 लाख का इनाम घोषित किया गया था जो करीब 8 वर्षो से फरार चल रहा था वहीं पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदला ग्राम में छिपकर रहने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली जिसके आधार पर थाना प्रभारी अनिल उरांव लोहरदगा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन कर थाना क्षेत्र ग्राम बदला में बूटी डॉक्टर के घर के पास विधिवत घेराबंदी कर छापेमारी किया गया जिसमें छापेमारी के क्रम में 1 लाख इनामी जे एम एम पी सदस्य ललिन्द्र महतो उर्फ ललिन्द्र यादव 35 वर्ष पिता लखन महतो सेमरी थाना किस्को जिला लोहरदगा को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरोध किस्को थाना कांड संख्या 65 / 2009 दिनांक



06.09.2009 धारा 144/451/323/120 (B) भा दि वि 17 cla एक्ट के अभियुक्त ललिन्द्र महतो को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिससे पुलिस अन्य मामलों में गंभीरता से पूछताछ कर रही है इसके विरोध लातेहार थाने में भी मामले दर्ज हैं। इस छापेमारी दल में शामिल है थाना प्रभारी लोहरदगा अनिल उरांव, थाना प्रभारी किसको पॉलीकार्फ़ टोप्पो, टीनू साव, संतोष कुमार यादव, कुलदीप कुमार राम, शशांक प्रियदर्शी, मुकेश कुमार सिंह इत्यादि पुलिस बल शामिल थे।

## जीईएल चर्च बम्बलकेरा के 16 वां वार्षिक युवा सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड के बम्बलकेरा में मंगलवार को सिमडेगा पेरिस काउंसिल जोकबहार पास्टोरेट का युवा संघ सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का उपस्थित थे। सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों का भव्य तरीके से स्वागत किया गया मौके पर पूर्व मंत्री ने युवाओं को जागरुक रहने का आह्वान किया। उनका की बहुत ही पवित्र दिन है जहां पर इस प्रकार का युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जहां पर सभी युवा मौजूद है और समाज को एक नई सोच और नई दिशा में ले जाने के लिए कार्य कर रहे हैं। साथ ही कहा कि युवा देश के भवि?य हैं। देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है। इसलिए युवा वर्ग समाज में ?याप?त बुराईयों को भी दूर करें। समाज को सफलता के शिखर तक ले जाने में युवाओं का ही योगदान होगा। उनका क्षेत्र में आज विकास नहीं होने की एक वजह यह भी है कि यहां की युवा जागरुक नहीं है इसलिए युवा जागरुक हो और अपने हक अधिकार के लिए लड़े जिस प्रकार समाज में असंगठित हैं उसी प्रकार राजनीति पार्टी के लिए भी संगठित रहकर आप सहयोग करें ताकि क्षेत्र में जो अब तक विकास छूटा हुआ है उसे पूरा किया जा सके क्षेत्र की जो जनप्रतिनिधि हैं उन्होंने इस क्षेत्र को ठगने का काम किया है लेकिन वर्तमान समय में अब एक बार फिर से झारखंड पार्टी सेवा के लिए तैयार है इसलिए सभी युवा साथी बढ़-चढ़कर झारखंड पार्टी का सहयोग करे। समाज में अंधविश्वास नशा सहित जो भी कुरीति है उसे दूर करते हैं युवा समाज के उत्थान में सहयोग करें ।मौके पर संदेश एक्का ने कहा युवा खुद की ताकत को पहचाने और उसी के अनुरूप अपना रास्ता चुनें।उन्होंने कहा की अभी वर्तमान समय में युवाओं के हाथ में भविष्य है इसलिए आप सभी इस पर विशेष फोकस करें। मौके पर जोसेफ़ डुंगडुंग, अमन खेस्स, नुवेल हेरेंज, रसाल खलखो, चिराग बाडा आदि उपस्थित थे।

## मौलाना अशरफी ने पसमांदा समाज के संदर्भ में भाजपा संगठन से किया वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक पूर्व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कलीम अंसारी पसमांदा की पसमांदगी गरीबी को दूर करने एवं अन्य विषय को लेकर एमआईपीएमएम के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अशरफी एवं एमआईपीएमएम के गिरिडीह जिला अध्यक्ष संयुक्त रूप से भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री बिहार झारखंड के आदरणीय नागेंद्र त्रिपाठी से वार्ता करते हुए खुसूसी तौर पर झारखंड प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री आदरणीय कर्मवीर से एक लंबी तबादला ए खयाल किया गया। भाजपा संगठन महामंत्री ने कहा मुस्लिम समाज में पसमांदा राजनीतिक समाजिक आर्थिक पहलुओं से पिछड़ गया है संघ और संगठन की नजर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस समाज के



उत्थान कल्याण विकास हेतु कार्य कर रही है जैसा कि जिन राज्यों में भाजपा की गवर्नमेंट है वहां बड़ी दिलचस्पी के साथ कार्य हो रही है जिसका जिंदा मिसाल यूपी है। पसमांदा समाज के एमआईपीएमएम के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कलीम अंसारी एवं उपाध्यक्ष मौलाना अशरफी ने कहा अब पसमांदा जाग चुकी है हम सब भाजपा के नजदीक अछूता नहीं हैं। यूपीए की दो रंगी नीति को खारिज करते हैं तुष्टिकरण की नीति कहीं से दुरुस्त नहीं है। जिसे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को केंद्र में रखकर पसमांदा समाज कार्य करेगी क्योंकि पीएम मोदी जी स्पष्ट कर चुके हैं हम पसमांदा के साथ हैं एम आर एम एक मुल्क एक कानून मेरा देश महान है मेरा देश इमान का एक हिस्सा है इस मुहिम को भाई साहब डॉक्टर इंद्रेश कुमार पूरे भारतवर्ष में चला रखे हैं जो काबिले तारीफ है और काबिले कुबूल है। मोमिन कॉन्फ्रेंस अंसारी महापंचायत द्वारा कांग्रेस के बैनर तले हमेशा पसमांदा समाज को बुनकर के नाम पर बेचा गया है अब इस दुकान को एमआईपीएमएम बंद करने का कमर कस लिया है और हम सब आशा करते हैं कि दुबारे केंद्र और झारखंड राज्य में भाजपा की ही सरकार बनेगी। निश्चित रूप से झारखंड राज्य के राजधानी रांची में एमआईपी एमएम की अपनी एक ऑफिस होगी और पूरे राज्य में पसमांदा समाज को जागरूक किया जायगा।

## चर्च में जाकर प्रार्थना करने से होती है परम शांति की अनुभूति : विधायक भूषण बाड़ा

➲गिरजाघर के 28 वां सांस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा, लोगों को संगठित होने का किया आह्वान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि चर्च में आकर प्रार्थना करने से परम् शांति की अनुभूति होती है। गिरजाघर में जाकर हम प्रभु येसु से सीधे जुड़ जाते हैं। यह बहुत ही पवित्र स्थान है। इसकी पवित्रता बनाये रखना चाहिए। विधायक ने सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट पोढ़ाटोली मण्डली में आयोजित 28 वां गिरजाघर के संस्कार दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमे अपने धर्म के प्रति सजग रहने की जरूरत है। बच्चों को हमारे धर्म के बारे में जानकारी दें। समाज के लोग हमारे धार्मिक ग्रंथ बाइबल को पढ़ने की आदत बनाएं। इसमे बहुत सारी अच्छी बातें बताई



गई है। जिसको अपने जीवन मे पालन कर आप एक अच्छे ब्यक्ति बन सकते हैं। जीवन मे ऊंची सफलता को प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, पादरी जेम्स जोजो, कंडीदात अभय डुंगडुंग, मड़वारी सिंह, अनुज सिंह, सिमडेगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, पालकोट प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला 20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि सुबोध लकड़ा, मंडल अध्यक्ष निमरोद एक्का, पेसिश सचिव, अमर केरकेट्टा, प्रा.मंजू कल्याण टेटे, प्रा.सुलेमान केरकेट्टा, प्रा.तरसियाश केरकेट्टा, प्रा.मनोहर केरकेट्टा, प्रा.अजय कुमार कुजूर, अनूप लकड़ा, बिलशन टोप्पो, लॉरेंस केरकेट्टा, अनिमा केरकेट्टा, सनाम केरकेट्टा, प्रखंड उपाध्यक्ष सतनारायण केशरी, अनु.जाति जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम आदि भारी संख्या में मसीही विश्वासी शामिल थे।

## भाजयुमो कुडू मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू की अध्यक्षता में कार्यसमिति की हुई बैठक

**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा युवा मोर्चा कुडू मंडल अध्यक्ष सरजु कुमार साहू की अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति की बैठक कुडू स्थित संजय होटल मीटिंग हॉल में रखा गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी,मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक की विषय प्रवेश सरजू कुमार साहू के द्वारा किया गया एवं मंडल में युवा मोर्चा के द्वारा किए गए कार्यो को बतलाया गया। वही प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, जिलाध्यक्ष मनीष शिखर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने भी संबोधित किया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



चलते चलते एक नजर

## निदेशक प्राथमिक शिक्षा का पद खाली, काम ठप

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि पिछले 53 दिनों से निदेशक प्राथमिक शिक्षा का पद खाली है ,कार्य ठप है परिणाम स्वरूप प्रारंभिक शिक्षकों का कार्य अवरुद्ध हो रहा है। मालूम हो को जब से चंद्रशेखर निदेशक प्राथमिक शिक्षा झारखंड सरकार का 12 अप्रैल 2023 से दूसरे विभाग में स्थानांतरण हुआ है , अब तक किसी दूसरे का स्थायी निदेशक प्राथमिक शिक्षा का पदस्थापन नहीं हुआ है। न किसी को कार्यभार के आदेश दिया गया है , जिसके कारण प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों के समस्याओं के साथ अन्य कार्य का निदान नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों का कार्य का लम्बी लाइन लगी है। संचिकाओ का ससमय पर निष्पादन नहीं हो पा रहा है, नियमित कार्य रूटीन वर्क भी आड़े हाथों नही हो पाता है। शिक्षको का वेतन आवंटन आदेश, मेडिकल प्रतिपूर्ति भत्ता रीइंबर्समेंट, सेवा सत्यापन, शिक्षको का प्रोन्नति, न्यायालयों में लंबित मामले का निपटारा, अंतर जिला स्थानांतरण आदि कार्यों में बाधा उत्पन्न हो गया है।

## बिट्टू खान की गोली मारकर हत्या

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू नीचे टोला का रहने वाले तनवीर आलम उर्फ बिट्टू खान की देर शाम एदलहातू के सरना स्थल पर गोली मारी गई है। गोली लगने के बाद बिट्टू खान बुरी तरह से जख्मी हो गया। आनन-फानन में उसे रिम्स ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि बिट्टू कुख्यात अपराधी लव कुश शर्मा गैंग्स का था और पूर्व में 22 फरवरी 2022 को मोरहाबादी मैदान में कालू लामा हत्या मामले मामले जेल जा चुका है। संदेह जताया जा रहा है कि कालू गैंग्स और लव कुश शर्मा के गैंग्स के बीच की यह घटना हुई है और इन्हीं लोगों में से किसी इन्हें बिट्टू खान की हत्या की है। बिट्टू को चार गोलियां मारी गई है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है। बता दें पुलिस इन दिनों लगातार पेट्रोलिंग कर रही है, वाहनों की जांच कर रही है, बावजूद इसके शहर के बीचो-बीच थाना के नजदीक गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई दे रही है, हत्याएं हो रही है, लूट, छिनताई,चोरी आम बात हो गई है।

## उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु रक्षा गलियारों में जर्मनी को निवेश करने का न्योता

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जर्मन संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने मंगलवार को मानेकशॉ सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता की। जर्मन संघीय रक्षा मंत्री पिस्टोरियस ने मानेकशॉ सेंटर में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। राजनाथ सिंह और जर्मनी के रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, विशेष रूप से औद्योगिक साझेदारी बढ़ाने के लिए बातचीत की। राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु रक्षा गलियारों में जर्मन निवेश के लिए आमंत्रित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय वार्ता करने के लिए दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर पहुंचने पर जर्मन समकक्ष का स्वागत किया। यहां उन्होंने तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सहित रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। जर्मन पक्ष की ओर से रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर के अलावा वरिष्ठ अधिकारी और भारत में जर्मनी के राजदूत उपस्थित थे। 2015 के बाद से किसी जर्मन रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है।

# भारत की राष्ट्रपति को मिला सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



एजेंसी

**पैरामारिबो।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार से सम्मानित किया गया है। सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के लिए भारतीय राष्ट्रपति मुर्मू को सम्मानित किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने सम्मान समारोह के दौरान संबोधन में कहा कि वे सूरीनाम के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित होकर काफी खुश हैं। इस सम्मान से सिर्फ उन्हें ही नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों को गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने इस सम्मान का श्रेय भारतीय-सुरीनामी समुदाय के लोगों को दिया और कहा कि उनके कारण हमारे रिश्तों में अधिक मजबूती आई है। भारतीय राष्ट्रपति ने सूरीनाम में भारतीयों के पहुंचने की 150वीं सालगिरह पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में भी सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे सूरीनाम की पहली यात्रा पर आई हैं। दोनों देशों के बीच अत्यधिक साम्य है। उन्हें लग रहा है कि वे अपने ही घर में हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को सूरीनाम के राष्ट्रपति संतोखी से मुलाकात करने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता का नेतृत्व भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सूरीनाम आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। सूरीनाम के आतिथ्य और स्वागत से बहुत अभिभूत होने की बात कहकर उन्होंने भारतीयों की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत और सूरीनाम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध दोनों देशों के मजबूत रिश्तों की नींव हैं। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों ने भारत और सूरीनाम के बीच विशेष मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर भी हस्ताक्षर किये।

## हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा : क्यों बंद है बंगाल में मनरेगा की फंडिंग



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 100 दिनों की रोजगार गारंटी योजना मनरेगा की फंडिंग रोके जाने को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने केंद्र से रिपोर्ट मांगी है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और हिरणमय भट्टाचार्य की खंडपीठ में यह सुनवाई हुई। साथ ही हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्यों को फर्जी नाम का इस्तेमाल कर फर्जी खाते से पैसे निकालने के आरोपों की उचित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि मनरेगा योजना के तहत राज्य को करीब 2700 करोड़ रुपये मिलने हैं, लेकिन राज्य को इन रुपयों से वंचित रखा गया है। इससे मनरेगा के काम से जुड़े लोगों को असुविधाएं हो रही हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को 10 दिन के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

## गडकरी ने एनएच-160 के चार लेन सिन्नर-शिरडी खंड की तस्वीरें की साझा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को एक लिंक्डइन पोस्ट में भारतमाला परियोजना के एक हिस्से के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-160 के चार लेन सिन्नर-शिरडी खंड की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पैदल शिरडी जाने वाले साई बाबा भक्तों के लिए एक समर्पित मार्ग के रूप में काम करेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारतमाला परियोजना के एक हिस्से के रूप में हम वर्तमान में महाराष्ट्र में सिन्नर बाईपास के निर्माण सहित राष्ट्रीय राजमार्ग-160 के सिन्नर-शिरडी खंड को चार लेन का बनाने के काम में लगे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि इस परिवर्तनकारी परियोजना का बहुत अधिक सामाजिक महत्व है, क्योंकि यह परियोजना शिरडी की पैदल यात्रा करने वाले साई बाबा भक्तों के लिए एक समर्पित 'रूट' या मार्ग के रूप में काम करेगी। इसके अलावा, यह आर्थिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है। इससे आसपास के क्षेत्रों का भी तेजी से विकास हो रहा है। गडकरी ने कहा कि इस पहल का एक मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र के दो प्रमुख धार्मिक शहरों शिरडी और नासिक/ त्र्यंबकेश्वर के बीच लगने वाले यात्रा समय को काफी हद तक कम करना है। इसके अलावा, स्थिरता के लिए हमारी मजबूत प्रतिबद्धता के अनुरूप, इस परियोजना में कार्बन फुटप्रिंट को न्यूनतम करने और यातायात की भीड़ को कम करने के लिए विभिन्न उल्लेखनीय तकनीकों को शामिल किया गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में लगाए गए फलदार पौधे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : विश्व पर्यावरण दिवस पर एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज चियांकी में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डा.आरपी सिन्हा, डायरेक्टर,एलिट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य व बीएड कॉलेज के सभी प्राध्यापक,जिसमे मुख्य रूप से प्रदीप कुमार,कंचनसिंह,बबिता कुमारी, ऊदल मेहता, प्रसाद सर, जितेंद्र,निर्मल आदि ने प्रांगण में फलदार पौधरोपण करने के बाद पर्यावरण को संरक्षित रखने में पेड़ पौधों की क्या भूमिका है, इस विषय पर विस्तार से कॉलेज में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। एवं स्कूल कालेज के स्टाफ के साथ पौध रोपण कर कहा कि पेड़ पौधे हमें प्राण वायु देते हैं। बरसात समय पर हो, इसमें बृक्षों की बहुत बड़ी भूमिका है। डा.आरपी सिन्हा ने कहा कि पालीथिन के प्रयोग से जल व वायु प्रदूषण के अलावा जमीन की उर्बरा शक्ति में कमी आ रही है, इसका उपयोग किसी भी दशा में न किया जाय। अध्यक्ष की देख रेख में कालेज परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार बृक्षों का रोपण किया गया। अध्यक्ष डा.आर पी सिन्हा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक पौध रोपण किए जाने की बात कही। विद्यालय सचिव



डा. आशा सिन्हा ने बच्चों को घर के आसपास अधिक से अधिक पौध रोपण किए जाने की बात कही।

# प्रकृति को बचाना है तो पर्यावरण धर्म को अपनाना होगा : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : छतरपुर अनुमंडल के केरकी कला के वनों में विश्व पर्यावरण दिवस के 51वां वर्ष और वीसीवन राखी मूवमेंट के 47 वां स्थापना दिवस पर प्रकृति, पर्यावरण और प्राण बचाने के लिए वनों में प्रभात फेरी निकाला गया। जिसमें आसपास के करीब 10 गांव के हजारों पर्यावरण प्रेमी लोग शामिल थे। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल बतौर मुख्यातिथि ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पक्षियों के भोजन के लिए पीपल का और मधुमक्खियों के भोजन के लिए करंज का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई



जिसमें तीन साल के बच्चा भी शामिल कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट से निजात पाने के लिए किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत है । क्योंकि वृक्ष खेती को आकाल सुखाड़ का भय नहीं है। वृक्ष की खेती किसानों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह काम आता है। इतना ही नहीं इससे जल संकट और ऑक्सीजन संकट भी उतपन्न नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जहां जंगलों की बेतहासा कटाई हुई हैं वहां विनाश हुआ है। कोरोना काल इसका गवाह है। दिल्ली और महाराष्ट्र में अर्थ के लिए हो रहे अनर्थ का ही परिणाम है की वहां बेकाबू गर्मी जल संकट और प्रदूषण बेतहासा बड़ा है। जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं।वन राखी मूवमेंट के अगुआ कौशल किशोर ने वन बचाने वाले सभी पर्यावरण प्रेमी महिलाओं के बीच इस वर्ष मच्छरदानी व, मिठाइयां,और 500 फलदार पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में पंचायत के मुखिया भोला सिंह, उप मुखिया अफजाल अंसारी, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद प्रतिनिधि सुभाष गुप्ता, डाली पंचायत मुखिया प्रतिनिधि,सुचित कुमार जायसवाल, बनारसी देवी बलराम सिंह ने वन राखी मूवमेंट से होने वाले वनों की सुरक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा पर अपना विचार व्यक्त किया। और पर्यावरण धर्मगुरु से आशीर्वाद लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष नागेश्वर सिंह ने की। जबकि संचालन शिवनाथ सुरीला ने किया। मौके पर वन राखी मूवमेंट के सदस्यों में अशरस सिंह सुमित जायसवाल, मनोज गुप्ता , श्याम बिहारी सिंह, उपेंद्र सिंह, बिरजू सिंह, लक्ष्मण भुईया , बंदई भुईयां, मालदेव चंद्रवंशी, सत्या सिंह,पन्ना देवी, गीता देवी ,लीलावती देवी आदि उपस्थित थी।

# केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ 11 जून को आप की महारैली

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार की शक्तियों को लेकर केंद्र सरकार से लाए गए अध्यादेश के विरोध में आम आदमी पार्टी 11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी महारैली करने जा रही है. पार्टी के मुताबिक इस महारैली में एक लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की कोशिश की जाएगी. ऐसे में ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस महारैली में लोग पहुँचे. इसके लिए पार्टी के नेताओं ने घर-घर जाकर लोगों से समर्थन माँगना भी शुरू कर दिया है.दिल्ली सरकार के दो बड़े मंत्री इस महारैली को लेकर मंगलवार 6 जून को डोर टू डोर कैम्पेन करते नजर आए. दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज इस कैंपेन के लिए ग्रेटर कैलाश विधानसभा के शाहपुर जाट इलाके में पहुँचे. यहाँ उन्होंने पर्चे बांटकर लोगों से इस रैली में शामिल होने की अपील की और साथ ही लोगों को इस अध्यादेश के बारे में जानकारी भी दी. इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार को लंबे अरसे से सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का इंतजार था. वो फैसला आखिरकार



सरकार के हक में आया और दिल्ली सरकार के पास जो अधिकार होने चाहिए वो मिले, लेकिन केंद्र की सरकार ने इस अध्यादेश को लाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ही पलट के रख दिया.

**11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में हैं रैली:** दरअसल केंद्र सरकार एक अध्यादेश लेकर आ गई, जिसने दिल्ली सरकार की सभी शक्तियों को छीनने की कोशिश की. अब इसी को लेकर हमारी लड़ाई जारी है एक तरफ पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्षी नेताओं से मिलकर इसके खिलाफ संसद में समर्थन जुटा रहे हैं. वहीं 11 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में इसको लेकर होने वाली बड़ी रैली में हम सरकारों को और पूरे देश में एक बड़ा संदेश देने की तैयारी भी कर रहे हैं. यही वजह है कि इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए इस तरह से डोर टू डोर कैंपेन किया जा रहा है.

**विपक्ष को एकजुट होने की है जरूरत:** कांग्रेस की तरफ से अब तक मुलाकात का समय न मिलने पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस अपने सभी पहलुओं को देखकर ही फैसला लेती है शायद वह फैसला लेने के लिए विचार कर रहे होंगे.

उम्मीद है कि वह जल्द ही फैसला लेंगे. सौरभ ने कहा कि इस अध्यादेश के खिलाफ विपक्ष को एकजुट होने की जरूरत है क्योंकि ये ना सिर्फ दिल्ली के साथ बल्कि किसी भी राज्य की सरकार के साथ ऐसा हो सकता है. ऐसे में सभी को साथ आने की जरूरत है.

**संसद से लेकर सड़क तक उठाई जाए जमकर आवाज:** गोपाल राय ने कहा कि यह लड़ाई बड़ी है. इसमें सभी को साथ आने की जरूरत है. विपक्षी पार्टियों को भी साथ आना चाहिए और उन लोगों को भी जिन्होंने वोट देकर अपनी सरकार चुनी हैं. इस दौरान लोगों को भी ये समझना होगा कि जिस सरकार को उन्होंने चुना है उस सरकार की सभी शक्तियों को केन्द्र सरकार द्वारा छीना जा रहा है. ऐसे में लोगों के वोट की कीमत आखिर क्या रह जाएगी. गोपाल राय ने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए लोगों को भी इस अध्यादेश के खिलाफ खड़ा होना होगा. इस महारैली के जरिए अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी की कोशिश है कि इस अध्यादेश के खिलाफ संसद से लेकर सड़क तक जमकर आवाज उठाई जाए ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में इसे बीजेपी की खिलाफ एक बड़ा मुद्दा बनाया जा सके.

